* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

03 मार्च, 2023
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, एकादशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 134

कलम कलम बढ़ाये जा
आजाद सिपाही

इटली की प्रधानमंत्री से मिले पीएम मोदी, स्टार्टअप ब्रिज और सेनाओं के संयुक्त अभ्यास पर सहमति

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 53,200 रु./10 ग्राम
चांदी 68,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 03 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in

तीन साल 70 दिन बाद एनडीए को मिली संजीवनी

■ रामगढ़ की जीत लंबी सांसवाली राहत है एनडीए गठबंधन के लिए

■ भाजपा आजसू अगर एक साथ हैं, तो जोड़ी हिट है, वरना 2019 तो याद ही होगा

■ झारखंड की राजनीति में अहम मोड़ साबित होगा यह चुनाव परिणाम

■ सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के लिए आत्ममंथन करने का समय

रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में भाजपा-आजसू गठबंधन ने बड़ी जीत हासिल कर ली है। इस जीत ने दोनों को यह जता भी दिया है कि एक और एक ग्यारह होते हैं। मतलब दोनों अगर साथ रहे, तो कामयाबी मिलेगी। यह चुनाव परिणाम कांग्रेस के लिए अप्रत्याशित है, क्योंकि इसमें कांग्रेस के कब्जे से रामगढ़ निकल गया है। कांग्रेस झारखंड की सत्ता में झामुमो के साथ बराबर की साझीदार है और इस उपचुनाव में वाम दलों का समर्थन भी उसे मिला था। इसके बावजूद रामगढ़ का चुनाव परिणाम अनुमानों के मुताबिक ही रहा। जहां तक इस चुनाव परिणाम के झारखंड की राजनीति पर असर की बात है, तो यह जीत भाजपा और आजसू के लिए कई मायमों में खास जरूर है। रामगढ़ की जीत ने एक तरह से यह साबित किया कि भाजपा-आजसू ने झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार के खिलाफ चल रही सत्ता विरोधी लहर को बखूबी भुनाया और इसका फायदा भी उठाया। रामगढ़ में मिली जीत से इस बात की भी तस्दीक होती है कि भाजपा-आजसू ने प्रदेश में बेरोजगारी, विधि-व्यवस्था, महिला सुरक्षा, स्थानीयता विधेयक और सरकार की विश्वसनीयता में आयी कमी का लाभ उठाया है। लेकिन इसके साथ ही रामगढ़ की जनता ने बेहद सलीके से कह दिया है कि अब एक चुनावी जीत पर इतराने या एक पराजय से मायूस होने का समय नहीं है। आजसू को भाजपा की मदद से रामगढ़ सीट पर जीत जरूर मिली है, लेकिन इस गठबंधन के लिए यह जीत आत्ममंथन का अवसर है। अब इन दोनों दलों को सोचना होगा कि जीत के इस सिलसिले को जारी कैसे रखा जा सकता है। दूसरी तरफ कांग्रेस के लिए रामगढ़ की जनता ने संदेश दिया है कि 2019 की जीत के बाद जिस तरह विधायक ममता देवी और कांग्रेस पार्टी ने इलाके के लोगों को नजरअंदाज किया, वह कहीं से भी भूलनेवाली बात नहीं है। कांग्रेस को 2019 में मिली जीत पर इतराने की बजाय धरातल पर काम करना चाहिए था। वैसे भी झारखंड कांग्रेस पूरी हेमंत सोरेन के भरोसे ही राजनीति कर रही है। यह रामगढ़ चुनाव में भी देखा गया। इस चुनाव में तन, मन और धन से कहीं भी कांग्रेस नजर नहीं आयी। उसके अधिकांश नेताओं ने तो रायपुर अधिवेशन का रुख कर लिया था। कांग्रेस को जो भी मत मिले, उसमे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की बहुत बड़ी भूमिका है। अगर हेमंत सोरेन ने मोरचा नहीं संभाला होता, तो कांग्रेस की स्थिति और भी बुरी होती। जो भी हो, रामगढ़ का चुनाव परिणाम झारखंड की राजनीति का अहम मोड़ साबित होगा, क्योंकि इसमें छिपे संदेश के मायने बहुत गहरे हैं। रामगढ़ चुनाव परिणाम का सियासी नजरिये से विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

राकेश सिंह

रामगढ़ उपचुनाव में सत्तारूढ़ महागठबंधन हार गया। वहीं भाजपा-आजसू ने आखिरकार राज्य में जीत का स्वाद चख ही लिया। 21 हजार से अधिक मतों से जीत गयी आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी। उन्हें कुल 115669 मत मिले, वहीं बजरंग महतो को 93699 वोट हासिल हुए। यानी 2019 के चुनाव से कम। आखिर क्या नहीं था बजरंग महतो के पास। सहानुभूति वाली लहर, दुधमुहा बच्चा वाली स्ट्रेटेजी, हेमंत सोरेन का भरपूर साथ। लेकिन रामगढ़ की जनता को कुछ और ही मंजूर था। दरअसल अपने विधायकी के तीन साल में ममता देवी का परफार्मेंस रामगढ़ जनता की नजर में ठीक नहीं था। वह जिसे मुद्दे पर विधायक बनी थीं, वह वायदा भी वह पूरा नहीं कर पायी थीं। लेकिन इस जीत के बावजूद भाजपा-आजसू को समझ लेना चाहिए कि झारखंड में वे हिट तभी हैं, जब वे जोड़ी में हैं अन्यथा फ्लॉप हैं। 2019 में हेमंत सोरेन सरकार के गठन के बाद से राज्य में यह पांचवां उपचुनाव था। इससे पहले के चार उपचुनाव में महागठबंधन के उम्मीदवारों ने जीत हासिल की थी।

रामगढ़ उपचुनाव के परिणाम के बाद यह जानना दिलचस्प हो सकता है कि आखिर यहां कांग्रेस को पराजय का स्वाद क्यों चखना पड़ा, वह भी तब, जब खुद मुख्यमंत्री ने रामगढ़ में चुनावी अभियान की जिम्मेदारी ली थी। ममता देवी के जेल जाने की सहानुभूति उनके साथ थी। सत्ता में होने का फायदा भी था। बावजूद इसके महागठबंधन की जीत का सिलसिला टूटा।

दरअसल, मई 2022 से अब तक ऐसे कई कारण रहे, जिसकी वजह से झारखंड में महागठबंधन सरकार के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर बन रही थी। मांडर में तो इसका फायदा भाजपा को इसलिए नहीं नहीं मिला, क्योंकि बंधु तिर्की चुनावी जंग के माहिर खिलाड़ी हैं और वह चुनाव में हर चाल चलना जानते हैं, लेकिन रामगढ़ में कांग्रेस अपनी मुकम्मल रणनीति नहीं बना पायी। उसके कुछ नेता तो दूसरे राज्यों के चुनाव में व्यस्त हो गये और कुछ रायपुर अधिवेशन में। मुख्यमंत्री को अकेले मोर्चा संभालना पड़ा। लेकिन चूंकि ममता देवी की कार्यशैली से लोग नाराज थे, इसलिए एक बड़े वर्ग ने उनसे अपना नाता तोड़ लिया। एनडीए को आशातीत परिणाम मिला।

महागठबंधन सरकार की हार के पांच मुख्य कारण

दरअसल, रामगढ़ में महागठबंधन की हार का सबसे पहला कारण रहा आजसू पार्टी और भाजपा का साथ आना। इस चुनाव में एनडीए साथ लड़ी। इससे पहले के चुनावों में ऐसा नहीं हुआ था। रामगढ़ विधानसभा सीट का इतिहास भी एनडीए के साथ था। बता दें कि 2005 से 2014 के बीच लगातार तीन बार यहां से एनडीए प्रत्याशी के रूप में आजसू पार्टी के चंद्रप्रकाश चौधरी ने जीत हासिल की थी। 2019 में भाजपा और आजसू अलग-अलग लड़ी। उस समय ममता देवी की जीत का अंतर भाजपा और आजसू को मिला कर कुल मत के योग से कम था। अगर उस समय भी भाजपा और आजसू साथ लड़ी होती, तो एनडीए को जीत मिलती। इस बार दोनों ही पार्टियां साथ थीं और इसका परिणाम दिखा।

चुनावी आंकड़ों से इतर रामगढ़ में सत्ता विरोधी लहर ने भी अपना असर दिखाया। 1932 के खतियान पर आधारित स्थानीयता विधेयक का धरातल पर नहीं उतरना भी सत्ता पक्ष की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर रहा था। हेमंत सरकार इसे विधानसभा में लायी और पारित कराया, लेकिन यह कानून नहीं बन सका। राज्यपाल ने विधेयक ही लौटा दिया। मुख्यमंत्री ने इसे युवा इस तर्क से सहमत नहीं थे, कुछ भाषाओं की अनदेखी भी सत्ता पक्ष के लिए महंगी पड़ी। खासकर हिंदी की उपेक्षा भी एक बड़ा कारण बनी।

वर्ष 2019 में महागठबंधन प्रतिवर्ष पांच लाख रोजगार के वादे के साथ सत्ता में आया था। घोषणापत्र में इसका जिक्र था। सरकार गठन को तीन साल बीते और केवल 857 नियुक्तियां ही हो सकीं। मुकम्मल स्थानीय नीति और नियोजन नीति नहीं बन पाने के कारण रोजगार देने में बाधा आयी। कुछ विज्ञापनों पर हाइकोर्ट ने रोक लगा दी। हेमंत सोरेन सरकार ने जो नियोजन नीति बनायी थी, वह हाइकोर्ट से रद्द हो गयी। इसकी वजह से 13 हजार से ज्यादा नियुक्तियां रद्द हो गयीं। इनमें कर्मचारी चयन आयोग द्वारा 957 पदों पर निकाली गयी वेकैंसी सहित कई अन्य नियुक्तियां थीं। पिछले साल विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान आक्रोशित युवाओं ने विधानसभा तक मार्च भी निकाला। रामगढ़ उपचुनाव के पूरे प्रचार अभियान के दौरान युवाओं ने नाराजगी जाहिर की। यही नहीं, ग्रामीण इलाकों में पूर्व विधायक ममता देवी के खिलाफ लोगों में ,ससयर नाराजगी थी। अपने कार्यकाल के दौरान वह सिर्फ आश्वासन ही देती रहीं, उन्हें धरातल पर नहीं उतारा।

बेइमान अफसरों के कारण भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भी सरकार घिरी। साहिबगंज में हुए एक हजार करोड़ के अवैध खनन मामले में अफसरों के कारण सरकार की काफी किरकिरी हुई। रामगढ़ चुनाव में वोटिंग से महज दो दिन पहले ही ग्रामीण कार्य विभाग के मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम के यहां इडी का छापा पड़ा। अरबों रुपये की मनी लॉड्रिंग का खुलासा हुआ। पूछताछ में कई राजनेताओं और अधिकारियों के इसमें शामिल होने की बात सामने आयी।

महागठबंधन ने उपचुनाव में अपने प्रचार के दौरान ममता देवी को हुई सजा के जरिये सहानुभूति हासिल करने का प्रयास किया। उनके दुधमुंहे बच्चे को रैलियों में लेकर आये। रैलियों में साफ तौर पर कहा गया कि लोगों को अपना वोट इस मासूम बच्चे को न्याय के लिए समर्पित करना चाहिए, लेकिन जनता नहीं पिघली। महागठबंधन ने भाजपा पर महिला को अपमानित करने और असंवेदनशील होने का आरोप लगाया, लेकिन दुमका का अंकिता हत्याकांड और साहिबगंज में रेबिका पहाड़िया हत्याकांड के अतिरिक्त दुमका, लिट्टीपाड़ा और गुमला में नाबालिग बच्चियों के साथ हुई गैंगरेप की वारदातों को लेकर राज्य सरकार महिला सुरक्षा के मुद्दे पर भी बैकफुट पर थी।

अफसरों की लापरवाही के कारण विधि-व्यवस्था के बिगड़ने पर भी राज्य सरकार मुश्किलों में घिरी। वोटिंग से एक दिन पहले आजसू नेता की गोली मार कर हत्या कर दी गयी। इसमें योगेंद्र साव और अंबा प्रसाद ने सरकार को ही घेर दिया। योगेंद्र साव ने तो यहां तक कह दिया कि राज्य की कानून व्यवस्था रघुवर सरकार से भी ज्यादा बिगड़ गयी है। अधिकारी लूट मचाने में व्यस्त हैं और अपराधियों से मिले हुए हैं। उन्होंने डीएसपी को यहां तक कह दिया कि वे पैसा लेने और शराब पीने में मस्त हैं। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों की पोस्टिंग में कमीशनखोरी का आरोप लगाया। इसमें एक और बड़ा कारण रहा, ऐन चुनाव से पहले कांग्रेस के चार-चार महासचिवों को पार्टी से निकालना। आलोक दुबे, राजेश गुप्ता छोटू, लाल किशोरनाथ शाहदेव और साधुचरण गोप को चुनाव के वक्त पार्टी से निकाल दिया गया। इससे कांग्रेस समर्थकों में यह संदेश गया कि पार्टी कमियों को सुनना नहीं चाहती।

रामगढ़ का परिणाम सत्ता पक्ष के लिए खतरे की घंटी !

रामगढ़ का चुनाव परिणाम साफ बताता है कि झारखंड में विशेष तौर पर युवाओं के बीच रोजगार को लेकर नाराजगी है। एनडीए ने रामगढ़ उपचुनाव में इसे बखूबी भुनाया। यह सत्ता पक्ष के लिए 2024 के चुनाव में खतरे की घंटी जरूर है, लेकिन इस जीत पर इतराने की जगह भाजपा-आजसू को आत्ममंथन करने की जरूरत है। उन्हें सिर्फ सरकार की नाकामियों की बात कह कर सफलता नहीं मिल सकती। अपना कार्यक्रम लेकर जनता के बीच जाना होगा। बता दें कि 2024 के मई-जून महीने में लोकसभा के चुनाव होंगे। इसके ठीक छह महीने बाद विधानसभा के चुनाव होंगे। ये दोनों ही चुनाव भाजपा के लिए मिशन 2024 का हिस्सा हैं। वहीं सत्ता पक्ष के लिए जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की चुनौती है।

रामगढ़ में जीत से भाजपा को क्या होगा फायदा

रामगढ़ उपचुनाव में जीत से संकेत साफ है कि यदि भाजपा और आजसू साथ मिल कर लड़ती है, तो कई वैसी सीटों पर जीत मिलेगी, जो 2019 में उनसे छिटक गयी थी। रामगढ़ में महागठबंधन की हार इस बात का भी संकेत है कि उसे अभी बहुत कुछ करना है। कुल मिला कर भाजपा-आजसू के लिए जहां रामगढ़ का चुनाव परिणाम सुखद अहसास लेकर आया है, तो वहीं महागठबंधन के लिए यह वेकअप कॉल जैसा है।

सरकार और विधायक की कार्यशैली से नाराज जनता ने एनडीए को जिताया : चंद्रप्रकाश चौधरी

सुनीता चौधरी के साथ काउंटिंग हॉल में पहुंचे थे सांसद चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव में एनडीए उम्मीदवार की जीत की सूचना के बाद गुरुवार की शाम सुनीता चौधरी के साथ सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी काउंटिंग हॉल पहुंचे। इस दौरान सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की जनता को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि यह जीत किसी पार्टी की नहीं, बल्कि जनता की जीत है। साथ ही कहा कि झारखंड सरकार और स्थानीय विधायक से नाराजगी की वजह से आज रामगढ़ की जनता ने आजसू उम्मीदवार सुनीता चौधरी को जीत का ताज पहनाया है। उन्होंने कहा कि पूरे रामगढ़ क्षेत्र में विकास के नाम पर जनता को सिर्फ ठगा गया था। सरकार ने भी वर्ष 2019 में जो वादे किये थे, वे वादे भी पूरे नहीं हुए। रामगढ़ की जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही थी। यही वजह है कि उपचुनाव में एनडीए को यह जनमत मिला है।

जनता के साथ कदम से कदम मिला कर रामगढ़ का विकास किया जायेगा : सुनीता

रामगढ़ की जनता को धन्यवाद देते हुए सुनीता चौधरी ने कहा कि यह जीत कार्यकर्ताओं और जनता की है। उन्होंने कहा कि उनके पति चंद्रप्रकाश चौधरी ने 15 वर्षों में रामगढ़ में जितना विकास किया था, जनता उससे संतुष्ट थी। आज एक बार फिर उन्हीं के द्वारा किये गये कार्यों का फल इन्हें मिला है। जनता ने एक बार फिर चंद्रप्रकाश चौधरी पर भरोसा जताया है। जनता के साथ कदम से कदम मिला कर रामगढ़ का विकास करना ही एकमात्र उद्देश्य है।

यह जीत 2024 की तरफ इशारा कर रही : सुदेश

रांची (आजाद सिपाही)। आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा, यह चुनाव सिर्फ उम्मीदवारों के बीच नहीं था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खुद इस चुनाव में जमकर प्रचार किया। हेमंत की सरकार झूठ की बुनियाद पर खड़ी है। जैसे- जैसे समय बितेगा इनका रंग उतरता जायेगा। बुनियाद मजबूत नहीं होगी तो वह ऊंची नहीं होगी। यह 2024 के जीत की तरफ इशारा कर रही है। राज्य में अराजकता की स्थिति है, जनता ने मौजूदा सरकार को जवाब दिया है।

जनता सरकार की नीतियों को समझ रही: लंबोदर

रांची (आजाद सिपाही)। गोमिया विधायक लंबोदर महतो ने कहा- यह जीत 2024 में होने वाले चुनाव के जीत का आगाज है। राज्य में लॉ एंड आर्डर की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। जनता सरकार की नीतियों को समझ रही है और अब उसका जवाब दिया है। आजसू पार्टी के प्रवक्ता देवशरण भगत ने कहा, पार्टी जीत गयी है। यह 2024 के चुनाव के जीत का आगाज है। रामगढ़ की जनता को ढेर सारी शुभकमानाएं।

धनबाद के चर्चित उद्योगपति मनोज और आलोक अग्रवाल के यहां आयकर की टीम ने दी दस्तक

आधा दर्जन ठिकानों पर जांच में जुटे अधिकारी, खंगाल रहे कागजात

आजाद सिपाही संवाददाता

धनसार। धनबाद के चर्चित उद्योगपति सह डेको और हिलटॉप कंपनी के मालिक मनोज अग्रवाल एवं भाई आलोक अग्रवाल के धनसार स्थित आवास, कार्यालय सहित आधा दर्जन स्थानों पर गुरुवार को आयकर विभाग की टीम ने दस्तक दी। लगभग आठ घंटे तक छह वाहन पर सवार होकर पहुंचे अधिकारियों ने कागजात को खंगालने में जुटे रहे। कहा तो जा रहा की दिल्ली और कोलकाता में भी उनके ठिकाने पर अधिकारियों की टीम पहुंची है। दोनों भाइयों का आवास अलग अलग है लेकिन कार्यालय एक साथ है। हालांकि टीम में शामिल अधिकारियों ने कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। टीम में पश्चिम बंगाल और झारखंड-बिहार के अधिकारी शामिल थे। जानकारी के अनुसार डेको एवं हिलटॉप आउटसोर्सिंग बीसीसीएल के अधीन कोयला खनन का कार्य करती है। वही देश के कई राज्यों में इनका कारोबार चलता है। सूत्रों के अनुसार जीएसटी और इनकम से जुड़े कई महत्वपूर्ण फाइलों की जांच की गयी।

www.epaper.azadsipahi.in

03 मार्च, 2023
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, एकादशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 134

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

नासा का स्पेस- क्रू-X मिशन लॉन्च हुआ, फॉल्कन 9 रॉकेट में 4 एस्ट्रोनॉट्स ने उड़ान भरी

रामगढ़ उपचुनाव में सुनीता की जीत से एनडीए को मिली नयी ऊर्जा

■ आजसू प्रत्याशी 21,970 वोट से जीतीं ■ सुनीता को मिले 1,15,669 वोट ■ कांग्रेस के प्रत्याशी बजरंग महतो को 93,699 वोट मिले

बीरू कुमार

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रामगढ़ उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी ने 21,970 वोट से जीत दर्ज की। उनकी इस जीत से एनडीए को एक नयी ऊर्जा मिली है। एनडीए ने तीन साल बाद जीत का स्वाद चखा है। यह 2024 में होनेवाले चुनाव की तैयारी में कार्यकर्ताओं के लिए उत्साह बढ़ाने में मददगार साबित होगा। महागठबंधन को एक बार फिर मंथन की जरूरत पड़ेगी। कांग्रेस प्रत्याशी बजरंग महतो को 93,699 वोट मिले। वहीं आजसू प्रत्याशी सुनीता को 1,15,699 वोट मिले।

पोस्टल बैलट से बनी बढ़त जीत में बदली : एनडी प्रत्याशी सुनीता चौधरी ने पोस्टल बैलट से अपने प्रतिद्वंद्वी महागठबंधन के बजरंग महतो से बढ़त हासिल कर जीत का बिगुल फूंक दिया। पहले राउंड की गिनती के बाद ही सुनीता ने बजरंग को 5838 वोट से पछाड़ दिया। इसके बाद हर राउंड में यह फासला बढ़ता चला गया। तीसरे राउंड के बाद सुनीता 16080 वोट से आगे निकल गयीं। पांचवां राउंड पूरा होते ही वह 19,529 वोट से आगे निकल गयीं। एनडीए खेमा के कार्यकर्ताओं को लगने लगा कि सुनीता चौधरी रिकार्ड कायम करेंगी। क्योंकि गिनती अभी आधी ही हुई थी। हालांकि छठे राउंड में सुनीता और बजरंग के बीच वोटों की बढ़त थोड़ी घटी। सुनीता 18,979 वोट से आगे रहीं। वोटों की गिनती कुल 10 राउंड में पूरी हुई। अंत में सुनीता चौधरी को 21,970 वोट से विजयी घोषित कर दिया गया।

तीन साल बाद जीत का स्वाद

पिछले तीन साल के दौरान राज्य में यह पांचवां उपचुनाव था। विधानसभा चुनाव नवंबर-दिसंबर 2019 में हुआ था। दिसंबर 2019 में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनी। राज्य में 2020 के बाद अब तक हुए चार उपचुनावों में सत्तारूढ़ महागठबंधन को जीत मिली थी। खाली हुईं चारों सीटें 2019 के विधानसभा चुनाव में जिनके खाते में थीं, उपचुनाव में ये सीटें उनके ही खाते में गयी। रामगढ़ की कांग्रेस विधायक रहीं ममता देवी को गोला गोलीकांड में अदालत ने दोषी ठहराया। जिस वजह से वह सजायाफ्ता हो गयीं। नतीजतन ममता देवी की विधायकी चली गयी और यहां उपचुनाव हुआ। इस बार एनडीए ने महागठबंधन से यह सीट झटक ली और तीन साल बाद जीत का स्वाद चखा।

विकास और विश्वास पर लगी मुहर : बाबूलाल

रांची। भाजपा विधायक दल के नेता और पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने भी रामगढ़ उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी को अपना समर्थन देने के लिए जनता का आभार व्यक्त किया है। सोशल मीडिया के जरिये अपनी बात रखते हुए कहा है कि रामगढ़ की जनता ने विकास और विश्वास पर अपनी मुहर लगा दी है। सुनीता की जीत रामगढ़ की जनता की जीत है। यह एनडीए के हजारों समर्पित कार्यकर्ताओं की जीत है, जिनकी मेहनत और समर्पण ने इस जीत की बुनियाद रखी।

रामगढ़ में हार, ये सब धनबल का खेल है : हेमंत

रांची। रामगढ़ विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में यूपीए गठबंधन के प्रत्याशी बजरंग महतो को मिली हार पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि ये सब धनबल का खेल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी तो सरकार ने काम शुरू किया है। कई चीजें धरातल पर पहुंची ही नहीं हैं। उन्होंने कहा कि चिंता मत करिये, ये सब धनबल का खेल है, जो जनादेश मिला है उसका सम्मान करते हैं और विजयी उम्मीदवार को शुभकामना देते हैं, लेकिन 2024 का चुनाव अभी बाकी है।

नॉर्थ-ईस्ट में जीत पर मोदी के मन की बात, बोले

कट्टर कहते हैं मर जा मोदी जनता कह रही मत जा मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। त्रिपुरा, नगालैंड और मेघालय विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में कहा- हमारी जीत से घबराये विरोधी कहते हैं मर जा मोदी, लेकिन मेरे देशवासी कहते हैं मत जा मोदी। पीएम ने कार्यकर्ताओं से पूछा नॉर्थ-ईस्ट के रिजल्ट के बाद टीवी पर इवीएम को गाली पड़नी शुरू हुई या नहीं। कुछ कट्टर सोच वाले कहते हैं मर जा मोदी, लेकिन देश कहता है मत जा मोदी।

हम एक नयी दिशा पर चल पड़ा नॉर्थ-ईस्ट देख रहे हैं। यह दिलों की दूरियां समाप्त होने का ही

नहीं, बल्कि नयी सोच का प्रतीक है। अब नॉर्थ ईस्ट न दिल्ली से दूर है न दिल से दूर है। यह इतिहास रचे जाने का समय है। मैं नॉर्थ ईस्ट की समृद्धि और विकास का समय देख रहा हूं। कुछ दिन पहले मैं जब वहां गया तो किसी ने कहा कि मोदी जी आपको अपनी हाफ सेंचुरी के लिए बहुत-बहुत बधाई। मैंने पूछा कि कैसी हाफ सेंचुरी, तब उन्होंने बताया कि आप जब से प्रधानमंत्री बने हैं तब से 50 बार से अधिक बार नॉर्थ ईस्ट की विजिट कर चुके हैं। मोबाइल की फ्लैश लाइट जलवाकर नॉर्थ-ईस्ट के लोगों का आभार व्यक्त किया, बोले- ये नॉर्थ-ईस्ट की देशभक्ति का सम्मान है।

त्रिपुरा-नगालैंड में भाजपा को फिर बहुमत, मेघालय में एनपीपी आगे

छह जगहों के उपचुनाव में एनडीए और यूपीए को तीन-तीन सीटें

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। पूर्वोत्तर के तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में त्रिपुरा और नगालैंड के रिजल्ट आ चुके हैं। दोनों राज्यों में भाजपा को फिर से बहुमत मिला है। नगालैंड में भाजपा गठबंधन को 37 और त्रिपुरा में 33 सीटें मिली हैं। वहीं, मेघालय में मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा की एनपीपी सबसे बड़ी पार्टी बन गयी है। एनपीपी के खाते में अभी 25 सीटें आ रही हैं।

छह सीटों पर उपचुनाव में रही बराबरी : देश में पांच राज्य अरुणाचल, झारखंड, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल में एक-एक सीट और महाराष्ट्र में 2 सीटों पर पर उपचुनाव हुए थे। इनका भी रिजल्ट आ गया है। इनमें से तीन सीट पर एनडीए और तीन पर यूपीए की जीत हुई है। महाराष्ट्र की चिंचवाड़ सीट पर भाजपा की अश्विनी जगताप ने जीत दर्ज की है। अरुणाचल प्रदेश में भाजपा की त्सेरिंग ल्हामू निर्विरोध विधायक चुनी गयी हैं। झारखंड की रामगढ़ सीट पर आजसू की सुनीता चौधरी ने जीत दर्ज की। उधर, बंगाल में भी कांग्रेस का खाता खुल गया है। बेरॉन बिस्वास सागरदीघी सीट पर जीत गये हैं। महाराष्ट्र के कस्बापेठ सीट पर कांग्रेस के रवींद्र धंगेकर ने जीत हासिल की है। तमिलनाडु में भी कांग्रेस के इवीकेएस एलंगोवन जीत गये हैं।

कैबिनेट की बैठक में नियोजन नीति में बदलाव पर लगी मुहर

राज्य से दसवीं और बारहवीं की पढ़ाई की अनिवार्यता खत्म

क्षेत्रीय भाषा में हिंदी, संस्कृत और अंग्रेजी भी शामिल

कैबिनेट ने कुल 37 प्रस्तावों को दी मंजूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड कैबिनेट की बैठक में नियोजन नीति को लेकर अहम फैसला लिया गया है। नियोजन नीति में जेएससीसी से होने वाली नियुक्तियों में अब राज्य के संस्थान से दसवीं और बारहवीं की पढ़ाई करना अनिवार्य नहीं होगा। इसके साथ ही स्थानीय रीति रिवाज की अनिवार्यता को भी हटा दिया गया है। वहीं भाषा पेपर में हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत को जोड़ा गया है। अब क्षेत्रीय और जनजातीय भाषा पेपर में कुल 15 भाषाएं होंगी। इसमें 100 अंक के सवाल पूछे जायेंगे, जो बहुवैकल्पिक होंगे। नगरपालिका सेवा सवर्ग के लिए होने वाली नियुक्ति नियमावली से दसवीं और बारहवीं की अनिवार्यता को हटाया गया है, यहां क्षेत्रीय और जनजातीय भाषा पेपर में संशोधन का जिक्र नहीं किया गया है

टॉपर छात्रों को प्रोत्साहन राशि मिलेगी

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें नियोजन नीति में बदलाव के साथ-साथ कुल 37 प्रस्ताव पारित किये गये। कैबिनेट ने झारखंड एकेडेमिक काउंसिल, सीबीएसइ और आइसीएससी बोर्ड से मैट्रिक और इंटर की परीक्षा फर्स्ट, सकेंड और थर्ड आने वाले छात्रों को प्रोत्साहन राशि देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इसके तहत प्रथम आने वाले को तीन लाख, सेकेंड आने वाले को दो लाख और तीसरे नंबर को एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। इसके साथ ही साठ हजार रुपये तक का लैपटॉप और 20 हजार रुपये तक का मोबाइल दिया जायेगा।

ओलंपिक में गोल्ड जीतनेवाले को पांच करोड़ रुपये : ओलंपिक में गोल्ड जीतनेवाले खिलाड़ियों को अब दो करोड़ की जगह पांच करोड़ मिलेगा। इसी तरह अन्य पदक के लिए भी अलग-अलग राशि का प्रावधान किया गया है। कैबिनेट ने खेल विभाग के इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इसके अलावा देवघर में दुर्गा सोरेन विश्वविद्यालय खोलने पर भी सहमति दी गयी है। साहेबगंज में मॉडल डिग्री कॉलेज का निर्माण राज्य योजना मद से होगा। इसके अलावा खाद्य सार्वजनिक वितरण विभाग रांची में दो कर्मियों की सेवा नियमति की गयी है।

न्यास, सामाजिक और शैक्षणिक संगठनों को होल्डिंग टैक्स में राहत : झारखंड नगरपालिका संपत्ति कर निर्धारण संग्रहण वसूली संशोधन नियमावली 2022 को मंजूरी दी गयी। इसके अनुसार निर्धन शारीरिक रूप से अक्षम महिलाओं तथा बच्चों के लाभार्थी के लिए न्यास न लाभ न हानि के आधार पर संचालित शैक्षणिक एवं सामाजिक संस्थान से निर्धारित होल्डिंग टैक्स का 50% कर देना होगा। हालांकि इसके लिए वैध प्रमाण पत्र समर्पित करने को अनिवार्य किया गया है। गणना प्रक्रिया अनुसार प्रमंडलवार आवश्यक सर्किल दरों के आलोक में पूंजीगत मूल का निर्धारण करते हुए अब होल्डिंग टैक्स की गणना की जायेगी। इसके अनुसार यदि किसी धृति स्वामी द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-2023 के लिए पूर्व व्यवस्था के अनुसार होल्डिंग टैक्स का भुगतान पूर्व निर्धारित सर्किल दरों के आधार पर किया जा चुका है, ऐसी स्थिति में संशोधन अनुरूप नयी सर्किल रेट की दरों के आधार पर गणना की होल्डिंग टैक्स की राशि का समायोजन वर्तमान आगामी, तिमाही अथवा वित्तीय वर्ष में किया जायेगा।

जी-20 आरआइजीजी का रांची में हुआ सम्मेलन

सतत ऊर्जा प्रौद्योगिकी के लिए सहयोग और काम करने के तंत्र पर मंथन

21 विदेशी प्रतिनिधियों और 40 भारतीय विशेषज्ञ हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भारत की जी20 अध्यक्षता के तहत सतत ऊर्जा के लिए सामग्री पर अनुसंधान और नवाचार पहल सभा (आरआइआइजी) का दो दिवसीय सम्मेलन गुरुवार को झारखंड की राजधानी रांची में शुरू हो गया। सम्मेलन में 16 जी20 सदस्यों, आमंत्रित अतिथि देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के 21 विदेशी प्रतिनिधियों ने भाग लिया। लगभग 40 भारतीय विशेषज्ञों ने भाग लिया। सम्मेलन का समन्वय वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), नयी दिल्ली द्वारा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रेडिशन ब्लू में जी-20 बैठक में शामिल होने आये डेलीगेट्स के साथ औपचारिक मुलाकात कर उनका परिचय प्राप्त किया। डॉ श्रीवरी चंद्रशेखर, सचिव, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), आरआइआइजी अध्यक्ष ने जी20 प्रतिनिधियों और विशेष आमंत्रितों का स्वागत करते हुए कहा कि भारत सहित कई जी20 देशों के पास विशाल खनिज और सामग्री संपदा है, जिसका हमारी ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए निरंतर उपयोग करने की आवश्यकता है। अन्य जी20 देशों जैसे इंडोनेशिया और ब्राजील के जी20 प्रतिनिधियों ने भी अपनी प्रारंभिक टिप्पणियों में सम्मेलन के महत्व को दोहराया। प्रतिनिधियों और आमंत्रितों का स्वागत करते हुए, डीएसआइआर के सचिव और सीएसआइआर के महानिदेशक डॉ कलईसेल्वी ने कहा कि भारत की अध्यक्षता के तहत जी20 की थीम वसुधैव कुटुंबकम या एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य एक तरह से आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। पूरी दुनिया को एक साथ आने और स्थायी ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित करने के लिए ताकि शुद्ध शून्य उत्सर्जन के साथ हमारा एक वैश्विक भविष्य हो सके। उन्होंने जी20 देशों से टिकाऊ ऊर्जा भंडारण, वितरण और प्रबंधन के क्षेत्रों में अनुसंधान और तकनीकी समाधान विकसित करने के लिए हाथ मिलाने का आह्वान किया।

तीन सत्रों के तहत 'सतत ऊर्जा के लिए सामग्री' के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गयी। ऊर्जा सामग्री और उपकरणों से संबंधित 21वीं सदी की चुनौतियां, सौर ऊर्जा उपयोग और फोटोवोल्टिक प्रौद्योगिकी, हरित के लिए सामग्री आदि विषयों पर प्रतिनिधियों ने चर्चा की। पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता के लिए कार्बन उत्सर्जन नेट-शून्य लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सामूहिक रूप से ऊर्जा सामग्री चुनौतियों को हल करने पर संयुक्त रूप से काम करने पर सहमति व्यक्त की। रांची में सतत ऊर्जा के लिए सामग्री विषय पर इस सम्मेलन के बाद, तीन और आरआइआइजी कार्यक्रम डिब्रूगढ़ (असम), धर्मशाला (एचपी) और दीव में सर्कुलर-जैव-अर्थव्यवस्था, ऊर्जा संक्रमण के लिए पर्यावरण-नवाचार विषयों पर आयोजित किये जायेंगे। सस्टेनेबल ब्लू इकोनॉमी हासिल करने की दिशा में वैज्ञानिक चुनौतियां और अवसर पर चर्चा होगी।

रेडिशन ब्लू में जी-20 बैठक में शामिल होने आये डेलीगेट्स के साथ औपचारिक मुलाकात कर उनका परिचय प्राप्त करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ।

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 03 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in

4546 करोड़ रुपये का तृतीय अनुपूरक ध्वनिमत से पारित

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड विधानसभा से गुरुवार को चालू वित्तीय वर्ष के लिए 4546 करोड़ रुपये का तृतीय अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पारित हुआ। अनुपूरक बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि राज्य सरकार ने अब तक मूल बजट का 68.73 प्रतिशत राशि खर्च कर चुकी है। पिछले वर्ष यह आंकड़ा 51 प्रतिशत ही था। जाहिर है कि खर्च करने के मामले में भी सरकार पिछले वर्ष की तुलना में इस बार आगे है। उन्होंने कहा कि पथ निर्माण के लिए 300 करोड़ से ज्यादा राशि का प्रावधान किया गया है। इसी तरह स्वास्थ्य विभाग के लिए 327 करोड़ का उपबंध किया गया है। सातवें वेतन आयोग की अनुशंसा के आलोक में पेंशन मद में 400 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। 645 करोड़ रुपये

की राशि का प्रावधान ऊर्जा विभाग के लिए किया गया है। इसके अलावा भवन निर्माण विभाग को 100 करोड़, वन पर्यावरण विभाग को 112 करोड़, गृह विभाग को 172 करोड़, उद्योग विभाग को 122 करोड़, पथ निर्माण विभाग को 365 करोड़, ग्रामीण विकास विभाग को 136 करोड़, जल संसाधन विभाग को 162 करोड़, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण को 470 करोड़ , शिक्षा विभाग के लिए 371 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि पहले हम खर्च करने में हांफते थे अब दौड़ रहे हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि वह जल्द ही निविदा नीति को लेकर सभी सचिवों के साथ बैठक करेंगे और निविदा नीति लाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार के अनुपूरक प्रस्ताव से सरकार के राजकोषीय बजट पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। हमने अपनी आय के स्रोत को बढ़ाने का काम किया है। यह प्रक्रिया जारी रहेगा। अलग अलग राज्यों में अधिकारियों को भेजकर अध्ययन कराएंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड की तरह ही उड़ीसा भी खान-खदान वाला स्टेट है लेकिन वहां खदानों से राजस्व के रूप में 50 हजार करोड़ मिलता है जबकि झारखंड को महज 10 हजार करोड़। इसे भी हम दुरुस्त करने में लगे हैं।

कल बोरा भर कर पैसा लानेवाले हैं तो आज कटोरा लेकर क्यों आये है : भानु

रांची। अनुपूरक बजट के कटौती प्रस्ताव के पक्ष में बोलते हुए भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि सदन में कल मूल बजट आनेवाला है। कहा कि जब कल बोड़ा भरकर पैसा लानेवाले हैं तो आज कटोरा लेकर क्यों आये हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का हाल यह है कि पहले अल्लाह के नाम पर वोट मांगते हैं फिर सदन में कटोरा लेकर पैसा मांगते हैं। कहा कि चरित्रहीन सरकार के मंत्रिमंडल पर मंत्रियों को भी भरोसा नहीं है। इस सरकार के विधायक को भी सरकार पर भरोसा नहीं है।

जी-20 की बैठक के दौरान भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

किसी भी विश्वविद्यालय के लिए अच्छा पठन-पाठन सबसे जरूरी है : राज्यपाल

नैक के स्टेटवाइज एनालिसिस रिपोर्ट संबंधित पुस्तक जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राजभवन में राज्य के सभी स्टेट और प्राइवेट विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की उपस्थिति में नैक के स्टेटवाइज एनालिसिस रिपोर्ट संबंधित पुस्तक जारी होने के बाद कहा कि राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि किसी भी विश्वविद्यालय के लिए अच्छे भवन और इंफ्रास्ट्रक्चर आवश्यक हैं लेकिन अच्छा पठन-पाठन, शोध और शिक्षकों का पढ़ाना सबसे आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सिर्फ अच्छे भवन और सुविधाओं से ही किसी विश्वविद्यालय को अच्छा नहीं कह सकते। उन्होंने कहा कि डिजिटलाइजेशन तथा शिक्षकों और गैर शैक्षणिक कर्मियों की कमी भी जल्द दूर की जायेगी। अच्छा ग्रेड प्राप्त करने वाले विश्वविद्यालय को मैं स्वयं आकर सम्मानित करूंगा। नैक की रिपोर्ट को नैक के असिस्टेंट एडवाइजर डॉ. डीके कांबले ने जारी किया। यह एनालिसिस रिपोर्ट पुस्तक

2020 में तैयार किया गया था, जिसे बनाने में नैक टीम के एक्सपर्ट और रांची विश्वविद्यालय की डा. स्मृति सिंह का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। यह स्टेटवाइज एनालिसिस रिपोर्ट पुस्तक सभी स्टेट एवं प्राइवेट विश्वविद्यालयों को उपलब्ध कराया जायेगा। साथ ही नैक के वेबसाइट पर भी उपलब्ध होगा। नैक की टीम के तीनों सदस्यों ने इस पुस्तक को जारी करने के साथ कहा कि सभी विश्वविद्यालय रिपोर्ट पुस्तक के अनुसार नैक के लिए तैयारी करें। मौके पर सेक्रेटरी एचआरडी राहुल पुरवार ने कहा कि सभी विश्वविद्यालयों में डिजिटलाइजेशन की प्रक्रिया पूरी होगी और जल्द ही सभी विश्वविद्यालयों में शिक्षकों और कर्मियों की कमी दूर की जायेगी। हम इसके लिये नियुक्तियां निकालने जा रहे हैं। इससे पूर्व कार्यक्रम के शुरूआत में डा. निलेश पांडेय ने सभी का स्वागत किया। इस दौरान रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा, कुलसचिव डॉ मुकुंद चंद्र मेहता, पीजी केमिस्ट्री विभाग की प्राध्यापक डॉ. स्मृति सिंह तथा नैक टीम के सदस्य रांची डॉ नीलेश पांडेय, डॉ श्रीकांत स्वामी और डॉ डीके कामले उपस्थित थे।

झारखंड आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 पेश, राज्य का विकास दर 7.8 फीसदी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन गुरुवार को आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट 2022-23 पेश की गई। सर्वेक्षण के मुताबिक चालू वित्तीय वर्ष (2022-23) में राज्य की आर्थिक विकास दर 7.8 फीसदी है और वित्तीय वर्ष 2023-24 में इसका 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

झारखंड में गरीबी दर कम हो रही है। साथ ही कोरोना की चुनौतियों के बावजूद यह राज्य आर्थिक विकास के पैमाने पर आगे बढ़ रहा है। विधानसभा के जारी बजट सत्र में पेश झारखंड आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 में इसका दावा किया गया है। पेश इस सर्वेक्षण के अनुसार 2015-16 और 2019-21 के बीच राज्य में गरीबी का हेड काउंट लगभग 13 प्रतिशत (5.6 प्रतिशत) कम हो गया। वर्ष 2019-21 में बहुआयामी गरीबों का प्रतिशत घटकर 36.6 प्रतिशत हुआ। ग्रामीण क्षेत्रों में 42.2 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में यह 11.1 फीसदी हो गया।

इसके पूर्व 2015-16 के आंकड़ों (एनएफएस-क्स) के मुताबिक शहरी गरीबी में करीब चार फीसदी और ग्रामीण क्षेत्रों में करीब 8 फीसदी की कमी आयी है। इसका कारण स्वास्थ्य और शिक्षा के संकेतकों में सुधार है। लोगों के जीवन स्तर में भी सुधार आने से गरीबी की घटनाओं में गिरावट आयी है। 2015-16 में 42.16 फीसदी लोग बहुआयामी गरीब पाए गये। ग्रामीण क्षेत्रों में 50.93 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 15.26 प्रतिशत लोग बहुआयामी गरीब पाए गये थे।

आर्थिक सर्वेक्षण के मुताबिक झारखंड देश के कम आय वाले राज्यों में से एक है। राज्य की प्रति व्यक्ति आय की तुलना में लगभग 40 फीसदी कम है। झारखंड का स्थिर (2011-12) मूल्यों पर जीएसडीपी वर्ष 2021-22 में देश के स्थिर मूल्यों पर सकल घरेलू उत्पाद का 1.61 प्रतिशत रहा है। कुछ वर्षों को छोड़कर ज्यादातर झारखंड का विकास दर देश के विकास दर से अधिक रहा है। चालू वित्त वर्ष (2022-23) में देश का विकास दर सात फीसदी बढ़ने का अनुमान लगाया गया है। झारखंड में यह 7.8 प्रतिशत है। वित्त वर्ष 2023-24 में देश के विकास दर में जहां 6 से 6.8 प्रतिशत की सीमा में वृद्धि होगी।झारखंड में 7.4 फीसदी की वृद्धि का अनुमान है।

सर्वेक्षण के मुताबिक कोरोना के कारण देश की वास्तविक जीडीपी में 6.6 फीसदी की गिरावट आयी थी। राज्य की वास्तविक जीडीपी में केवल इसी अवधि (2021-22) में 5.5 प्रतिशत की गिरावट आयी थी। कोविड-19 महामारी की दूसरी और तीसरी लहर के बावजूद 2021-22 में राज्य की अर्थव्यवस्था में सुधार हुआ। इस अवधि में राज्य का विकास दर 8.2 प्रतिशत रहा। चालू वित्त वर्ष (2022-23) में 7.8 प्रतिशत और 2023-24 में 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

हेमंत सरकार में भ्रष्टाचारियों को दिया जा रहा संरक्षण : बीजेपी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड विधानसभा में सदन का माहौल चौथे दिन भी काफी गहमागमी रही। बता दें कि गुरुवार को सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्ष के विधायकों ने राज्य सरकार के खिलाफ जम कर प्रदर्शन किया। विपक्ष के विधायकों ने भ्रष्टाचार मामले को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने का काम किया जा रहा है। सरकार के पास कोई मुद्दा है ही नहीं। वहीं बीजेपी विधायकों के आरोपों पर सत्ता पक्ष के विधायकों की प्रतिक्रियाएं भी सामने आयीं।

ज्वलंत मुद्दों पर सरकार गंभीर नहीं : अनंत ओझा

बीजेपी विधायक अनंत ओझा ने कहा कि जिस तरह से इस राज्य में भ्रष्टाचार के नित्य-नये करनामे स्थापित हो रहे हैं। मधु कोड़ा पार्ट-2 के नाम पर देश और दुनिया में राज्य बदनाम हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है। हमने राज्य के ज्वलंत मुद्दों को सदन में लाने का काम किया है, लेकिन सरकार की गंभीरता इन मुद्दों पर नजर नहीं आ रही है।

हमारा मकसद हंगामा करना नहीं : समरी लाल

कांके विधायक समरी लाल ने कहा कि राज्य में जिस तरह से भ्रष्टाचार, अत्याचार और हत्याओं का दौर चल रहा है। हम निश्चित तौर पर अपनी बात सदन के सामने रखेंगे। विधायक ने कहा कि हमारा मकसद हंगामा करना नहीं है। वहीं विपक्ष के आरोपों पर अपनी प्रतिक्रियाएं देते हुए मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि बीजेपी के पास कोई मुद्दा नहीं है।

खाटू श्याम मंदिर में श्रीश्याम अखंड ज्योत पाठ की गूंज

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। श्री श्याम अमृत महोत्सव सह स्थापना दिवस के तीसरे दिन हरमू रोड के खाटु श्याम मंदिर में श्री श्याम अखंड ज्योत पाठ की गूंज देर रात तक जारी रही। कोलकाता से आए प्रख्यात पाठ वाचक संदीप सुलतानिया ने मधुर वाणी में अखंड ज्योत है अपार माया श्याम देव की परबल छाया.... गाते हुए श्याम प्रभु को रिझाया। बाबा के दरबार में लगातार 8 घंटे तक पाठ कर श्याम बाबा के जीवन का गुणगान किया। इस दौरान उनकी टीम के 20 कलाकारों ने नृत्य नाटिका के माध्यम से श्याम प्रभु के अलावा अन्य देवी-देवताओं का आह्वान करते हुए पूजा अर्चना की। भगवान शंकर के शिवलिंग के मूर्त रूप को विराजित कर युवा कन्याओं ने अपने हाथों में दीप लेकर नृत्य करते हुए आरती उतारी। इस दौरान मंदिर सभागार में 500 महिला श्रद्धालुओं ने सस्वर

पाठ में भाग लिया । इस दौरान अखंड ज्योत में आहुति देने का सिलसिला जारी रहा और हजारों श्रद्धालुओं ने अखंड ज्योत में आहुतियां दी। बाबा के अति प्रिय फाल्गुन माह के दौरान श्री श्याम मित्र मंडल रांची द्वारा आयोजित महोत्सव पर श्री श्याम प्रभु का सुबह और शाम में मनमोहक श्रृंगार किया गया। रंग बिरंगे फूलों से निर्मित गजरों से बाबा का श्रृंगार किया गया। बाबा को नया बागां पहनाया गया। अखंड ज्योति पाठ के लिए मंदिर सभागार की विशेष साज सज्जा की गई। महोत्सव संयोजक गौरव अग्रवाल मोनू के नेतृत्व में अखंड ज्योत पाठ करने वाली 500 श्रद्धालु महिलाओं के लिए फलाहार और सात्विक भोजन की व्यवस्था की गयी। दिनभर चले धार्मिक अनुष्ठानों और अखंड ज्योति पाठ के दौरान मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, प्रदीप राजगढ़िया, राजीव रंजन मित्तल, अनिल नारनोली, संजय सराफ, अरविंद सोमानी, रौनक पोद्दार, अभिषेक सरावगी, विकास मोदी, रमा सरावगी, जिज्ञासा नारसरिया, अमित सरावगी, पंकज गाड़ोदिया, कविता मित्तल उपस्थित रहे।

10 हजार पीडीएस दुकानें कॉमन सर्विस सेंटर में तब्दील होंगी: मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन गुरुवार को मंत्री रामेश्वर उरांव ने सदन में कहा कि सरकार जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों की आय बढ़ाना चाहती है। वे सिर्फ कमीशन पर निर्भर ना रहें। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार ने झारखंड की 6647 पीडीएस दुकानों को कॉमन सर्विस सेंटर में कन्वर्ट किया है। सरकार ने 10 हजार पीडीएस दुकानों को कॉमन सर्विस सेंटर में तब्दील करने के लिए उनकी लिस्ट बनायी है। झामुमो विधायक रामदास सोरेन के उठाये सवाल पर सरकार की ओर से मंत्री ने जवाब दिया।

विनोद सिंह ने 15 सूत्री, जिला समिति, वक्फ बोर्ड और निगम गठन का मामला उठाया : माले विधायक विनोद सिंह ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग से राज्य में 15 सूत्री राज्य और जिला समिति, वक्फ बोर्ड और अल्पसंख्यक वित्त निगम का गठन नहीं होने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि इन समितियों, बोर्ड और निगम का गठन नहीं होने से राज्य के अल्पसंख्यकों के लिए बनी योजना और कल्याण कार्यक्रम बाधित हो रहे हैं। इस पर संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने बताया कि यह जिन दो विभागों का मामला है, उसके दोनों मंत्री चंपई सोरेन और हफीज उल हसन सदन में मौजूद नहीं हैं। इसके बाद स्पीकर ने इस सवाल को पुट कर दिया। इस पर विधायक सरफराज अहमद ने कहा कि मैंने भी यह मुद्दा उठाया था, लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

कोल इंडिया अध्यक्ष ने की सीसीएल में समीक्षा बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस, रांची में कोल इंडिया के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल ने सीसीएल के कार्य निष्पादन की समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर सीएमडी, सीसीएल, पीएम प्रसाद, सीएमडी, सीएमपीडीआइएल, मनोज कुमार, निदेशक , हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी, सीसीएल, बी साईराम, निदेशक पवन कुमार मिश्रा, निदेशक, सीएमपीडीआइ, आरएन झा, निदेशक, सीएमपीडीआइ, एसके गोमस्ता, निदेशक, सीएमपीडीआइ, शंकर नागाचारी, निदेशक, सीएमपीडीआइ, अजय कुमार उपस्थित थे। समीक्षा बैठक में अध्यएक्ष प्रमोद अग्रवाल ने अधिकारियों को आवश्योक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि आप सभी बहुत ही अच्छा कर रहे हैं। श्री अग्रवाल ने कहा कि कंपनी इस वित्तीय वर्ष में अपना लक्ष्य हासिल करने में सक्षम होगी। बता दें कि कि सीसीएल को वित्तीय वर्ष 2022-23 में 76 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य प्राप्त करना है तथा पिछले वर्ष की तुलना में फरवरी, 2023 तक उत्पादन में 11% का वृद्धि दर्ज की है। इससे पूर्व सीएमडी पीएम प्रसाद ने पावर प्वाइंट प्रजेटेशन के माध्यम से कंपनी के कोयला उत्पादन, प्रेषण, ओबी रिमूवल, कोयला स्टॉक, पर्यावरण, वाशरी के बारे में विस्तार से अध्यक्ष को अवगत कराया।

श्री महावीर मंडल रांची चुनाव समिति की बैठक संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। गुरुवार को श्री महावीर मंडल रांची चुनाव समिति की महत्वपूर्ण बैठक श्री महावीर मंडल रांची के पूर्व अध्यक्ष हीरालाल साहू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । बैठक में श्री महावीर मंडल राँची के पूर्व अध्यक्ष श्री रामधन बर्मन एवं श्री विजय साहू शामिल थे। बैठक में सदस्यों ने मंडल रांची के चुनावी प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि मंडल रांची के चुनाव में जो सदस्य भाग लेना चाहते है वो अपना आवेदन दे सकते है। बैठक में बताया गया कि आज यानी 3 मार्च 1 बजे तक श्री महावीर मंडल के सदस्य चुनाव समिति को आवेदन दे सकते है। बैठक में चुनाव समिति के सदस्यों ने बताया कि अभी तक दर्जनों आवेदन विभिन्न पदों के लिए दिए जा चुके है । कहा कि अंतिम तिथि के समाप्ति के बाद मंडल रांची के सभी सदस्यों से विचार-विमर्श कर नई कमिटी 2023-24 सर्वसम्मति से गठित की जायेगी।

कुरमी/कुड़मी, घटवार और तेली एसटी की सूची में शामिल हों

बेरमो अनुमंडल को जिला बनाया जाये: लंबोदर

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन गुरुवार को कुरमी/कुड़मी (महतो) और घटवार तथा कोल्ह (तेली) को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने को लेकर सदन में कार्य स्थगन प्रस्ताव लाया। उन्होंने सदन में लाये अपने कार्य स्थगन प्रस्ताव में कहा कि झारखंड सरकार द्वारा 23 नवंबर, 2004 को परिषद की बैठक में छोटानागपुर की कुरमी/कुड़मी (महतो), उत्तरी छोटानागपुर और संथाल परगना की घटवार जाति

तथा कोल्ह (तेली) को अनुसूचित जाति में शामिल करने के लिए भारत सरकार को अनुशंसा भेजने का निर्णय लिया गया है, लेकिन उस पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे पूरे राज्य में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने शून्यकाल में सदन के माध्यम से सरकार से बेरमो अनुमंडल (मुख्यालय तेनुघाट) को जिला बनाने की मांग की है। उन्होंने सदन में कहा कि बेरमो अनुमंडल (मुख्यालय तेनुघाट) राज्य का सबसे पुराना अनुमंडल है। वर्ष 1971 में जिला गिरिडीह से अलग होकर बेरमो अनुमंडल के रूप में अस्तित्व में आया। बेरमो अनुमंडल हर दृष्टिकोण से जिला बनने की सभी अर्हता रखता है। इस अनुमंडल में सात प्रखंड, 15 थाना छह ओपी एवं व्यवहार न्यायालय भी है। इसकी कुल आबादी 2011 की जनगणना के अनुसार करीब 11 लाख आठ हजार 735 है।

राष्ट्रीय आदिवासी कल्याण समिति की बैठक

रांची (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय आदिवासी कल्याण समिति की बैठक गुरुवार को रांची के करमटोली स्थित रांची प्रेस क्लब में हुई। इसमें आदिवासियों के विकास शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार आदि पर विस्तार से चर्चा की गयी ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य केंद्रों में 24 घंटे सेवा बहाल करना, राज्य कमेटी जिला कमेटी तथा प्रखंड कमेटी का विस्तार आदि पर विस्तृत चर्चा हुई, एवं सहमति प्रदान की गयी। राष्ट्रपति को समर्पित पत्र भेजकर समीक्षा कर सहमति प्रदान किया गया। बैठक में मुख्य रूप से कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिव उपाध्यक्ष कोषाध्यक्ष आदि मौजूद थे। विनोय मुर्मू, बालेश्वर साईं, संतु मुंडा, मेघराज कपूर, राजेंद्र लकड़ा, राजू तिग्गा, देवेंद्र सिंह मौजूद थे।

छात्र फिजिक्स में कंसेप्ट और डायग्राम आधारित उत्तर लिखें

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। 12वीं बोर्ड में शामिल विद्यार्थी फिजिक्स में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सकते है। इसके लिए जरूरी है सही कंसेप्ट को समझ कर अपनी भाषा में उचित शब्दों मे उत्तर लिखें । उत्तर लिखते समय शब्द सीमा का ध्यान रखें और जरूरी डायग्राम और ग्राफ को जरूर बनाये, परीक्षा की तैयारी में जुटे छात्र प्रत्येक टॉपिक के कंसेप्ट

को समझें और एनसीआरटी किताब के आधार पर उत्तर लिखें, तो ज्यादा से ज्यादा अंक प्रात किये जा सकते हैं। ध्यान रखें कि उत्तर की भाषा से अंक नहीं काटे जाते अगर आपका कंसेप्ट सही हो तो। **फिजिक्स विषय के लिए जरूरी टॉपिक :** 12वीं परिक्षा मे फिजिक्स का टॉपिक इस तरह से है। इलेक्ट्रोस्टेटिष्क, करंट इलेक्ट्रिसिटी, मैंगनेटिक इफेक्ट ऑफ करंट, इमआई, एसी, ऑपटिक्स, आधुनिक भौतिकी, स्माइकोंडक्टर, उपकरण इत्यादि, से सॉर्ट और लॉंग आंसर टाइप प्रश्न पूछे जायेंगे।

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	33.2 ℃	16.9 ℃
सूर्यास्त (आज)	:	17.55 बजे
सूर्योदय (कल)	:	06.11 बजे

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 03 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in

एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी की जीत पर प्रदेश भाजपा में मनी होली-दिवाली

ठगबंधन को जनता ने ठुकराया : दीपक प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को होली दीपावली एक साथ मनाया गया। अवसर था रामगढ़ उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी की ऐतिहासिक जीत। साथ ही त्रिपुरा एवं नागालैंड विधानसभा चुनाव में भाजपा की सत्ता में पुनर्वापसी हुई है। जैसे ही रुझान सामने आए और एक बड़े मार्जिन से एनडीए प्रत्याशी ने बढ़त बनायी एनडीए कार्यकर्ता झूम उठे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू जिन्होंने चुनाव प्रभारी की बखूबी जिम्मेवारी निभायी और प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने रामगढ़ पहुंचकर भाजपा जिलाध्यक्ष, पार्टी पदाधिकारीगण एवं कार्यकताओं से मुलाकात की और उनका कठिन मेहनत के लिए आभार जताया,अभिनंदन किया। श्री प्रकाश ने कहा कि यह जनता की जीत है। कार्यकर्ता के परिश्रम की जीत है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में उड़ते अबीर गुलाल और पटाखों के बीच प्रदेश एवं रांची महानगर के कार्यकर्ता ढोल ताशा पार्टी के बीच खूब थिरके। संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने तो अबीर गुलाल से नेता, विधायक कार्यकर्ता सभी को रंग दिया। खूब मिठाइयां बांटी गयी। प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि रामगढ़ की जनता ने ठगबंधन को ठुकरा दिया है। एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी की हुई जीत ने जनता के मिजाज को बता दिया है। जनता अब हेमंत सरकार से मुक्ति चाहती है। उन्होंने कहा कि सत्ता का कोई भी तिकड़म जनता के इरादों के आगे नहीं चल सका। श्री प्रकाश ने कहा कि रामगढ़ उपचुनाव में एनडीए की जीत राज्य सरकार के बाबूत में कील है। रांची के सांसद संजय सेठ ने रामगढ़ उप चुनाव में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के प्रचंड जीत पर बधाई दी है। इसके साथ ही त्रिपुरा नागालैंड में भाजपा की जीत पर सांसद संजय सेठ ने केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार जताया और बधाई दी।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर, सांसद संजय सेठ, वरिष्ठ नेता राकेश प्रसाद, सीमा शर्मा, उषा पांडेय, प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू, काजल प्रधान, सीपी सिंह, रणधीर सिंह, अमर बाउरी, बिरंची नारायण, मनीष जायसवाल, नारायण दास, हेमंत दास, सूरज चौरसिया, शिवपूजन पाठक, प्रतुल शाहदेव, सरोज सिंह,अमित सिंह, अविनेश कुमार सिंह, राहुल अवस्थी, महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता, उप महापौर संजीव विजयवर्गीय, पंकज सिन्हा, आरती कुजूर, अनवर हयात, अमरदीप यादव, रमेश सिंह, मुकेश मुक्ता, शोभा यादव, संजय जायसवाल, अरुण झा, रविनाथ किशोर, उमाशंकर केडिया, माया सिंह, कमाल खान, तारिक इमरान, सुबोध कांत, गुरविंदर सिंह सेठी, संजय सहाय, वरुण साहू और नीरज सिंह सहित कई अन्य नेता मौजूद थे।

रामगढ़ की जीत राज्य की भ्रष्ट सरकार की विदाई की शुरुआत : रघुवर दास

रांची (आजाद सिपाही)। रामगढ़ में एनडीए की जीत पर सभी देवतुल्य मतदाताओं, जुझारू कार्यकर्ताओं का हार्दिक अभिवादन। आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी की यह प्रचंड विजय राज्य की भ्रष्ट और निकम्मी सरकार की विदाई की शुरूआत है। युवा, महिला, किसान, मजदूर, आदिवासी, पिछड़े, वंचितों समेत सभी झारखंडवासियों को धोखा देनेवालों को यह जनता का जवाब है।

भ्रष्टाचार के खिलाफ जनता ने वोट की चोट दी : प्रतुल

रांची (आजाद सिपाही)। सुनीता जी की जीत सिर्फ एनडीए की जीत नहीं है, बल्कि उन सभी बेरोजगारों, युवाओं, किसानों, महिलाओं, आदिवासी, मूलवासियों की जीत है। जिसको हेमंत सरकार ने ठगा है। यह उस जनता की भी जीत है, जिसने राज्य पोषित भ्रष्टाचार के खिलाफ वोट की चोट दी है।

छल-कपट और धनबल से आजसू ने जीता रामगढ़ उपचुनाव : बंधु तिर्की

रांची (आजाद सिपाही)। रामगढ़ में आजसू की जीत के बाद झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखंड, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि रामगढ़ उपचुनाव में आजसू और भारतीय जनता पार्टी गठबंधन ने केवल और केवल अपने स्वार्थ और छल-कपट के बल पर लड़ाई जीती है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से एनडीए प्रत्याशी और उनके नेताओं ने भ्रष्टाचार एवं पेन- केन-प्रकारेण कमाये गए। अपने पैसे के बल पर अपनी नाक बचाने की कोशिश की है। उसे झारखंड ही नहीं बल्कि पूरे देश की जनता भी लंबे समय तक याद रखेगी। लेकिन तिर्की ने यह भी स्पष्ट किया कि रामगढ़ उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की हार के सभी कारणों और जिम्मेदार परिस्थितियों की पहचान के लिये बैठक कर समीक्षा होगी और निर्णय लिये जायेंगे।

चुनावी वादों को पूरा नहीं करना रामगढ़ विधानसभा में यूपीए की हार की वजह : विजय शंकर नायक

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक सह आदीवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने गुरुवार को कहा कि रामगढ़ में एनडीए की जीत राज्य सरकार के द्वारा चुनावी वादों को पूरा नहीं करने का ही परिणाम है। उन्होंने यह भी कहा कि झारखंडी जनता से किए गए वादों को यूपीए गठबंधन ने आज तक पूरा नहीं किया, जिस कारण रामगढ़ विधानसभा की जनता ने उनके समर्थित प्रत्याशी को हराकर यह संदेश दिया है कि अब झारखंड में जुमलेबाज नेताओं की नेतागीरी नहीं चलने दी जायेगी।

होली अधर्म पर धर्म की जीत का त्योहार है : स्वामी सदानंद

रांची (आजाद सिपाही)। संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद महाराज के सानिध्य में श्री कृष्ण प्रणामी सेवा समिति के तत्वाधान मे होली मिलन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। होली मिलन कार्यक्रम में संतश्री ने अपने प्रवचन मे कहा कि हिंदुओं के महापर्व होली का पर्व अधर्म पर धर्म की जीत का पर्व है होली। होली मिलन कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए गुरु जी ने कहा कि अधर्म पर हर समय धर्म ही जीतता है धर्म भले थोड़ा परेशान होता है, लेकिन अंत में धर्म की जीत होती है। इसके बाद गुरुजी अंत में शिष्यों के साथ फूलों की होली खेली एवं आशीर्वाद दिया।कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात गुरुजी रेलमार्ग द्वारा पटना के लिए प्रस्थान किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल सचिव मनोज चौधरी उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, ननद किशोर पाटोदिया बिष्णु सोनी, नंद किशोर चौधरी, बिजय अग्रवाल, नवल अग्रवाल, अनुप अग्रवाल, ओमप्रकाश सरावगी, पूरणमल सर्राफ, सज्जन पाडिया, सुरेश चौधरी, वेकट गाड़ोदिया, सुरेश अग्रवाल, सुरेश भगत, दिलीप अग्रवाल, शिव भगवान, अग्रवाल महिला समिति की विधा देवी अग्रवाल, प्रमिला पुरोहित, उर्मिला पाडिया, कविता गाड़ोदिया, शीला मुरारका, सुनीता अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी राजेंद्र प्रसाद उर्फ राजू अग्रवाल ने दी।

विराट निशान शोभा यात्रा के साथ श्याम मंडल का फाल्गुन सतरंगी महोत्सव शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। श्री श्याम मंडल, रांची का तीन दिवसीय श्री श्याम फाल्गुन सतरंगी महोत्सव गुरुवार को विराट निशान शोभा यात्रा के साथ अत्यंत धूमधाम से प्रारंभ हुआ। श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में विधि विधान से निशान पूजन के पश्चात आरती की गयी। श्री श्याम प्रभु के गगनभेदी जयकारों के बीच 501 भक्तगण अत्यंत श्रद्धा के साथ अपने अपने कंधे श्री श्याम निशान लेकर झूमते-नाचते श्री श्याम प्रभु को निशान अर्पित करने निकल पड़े। निशान धारियों के अलावा बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ शोभायात्रा के साथ चल रही थी।

दिव्य रथ पर विराजमान हो श्री श्याम प्रभु नगरवासियों को आशीष प्रदान कर रहे थे साथ ही श्री श्याम मण्डल की दो टोलियां संगीतमय भजन डोरी खींच राखिजो यो है बाबा को निशान... श्याम रंगीला पलका उघाड़ों फाल्गुन आ गयो... लेकर चलो श्याम के पावन निशान को, मस्ती में तुम भी चलो धाम को... फागण आया होली आई, ढोल बजे रे मृदंग, श्याम धणी से होली खेलन,आये मस्त मलंग... हर फागण में श्याम धणी, हमपहुंचे खाटू धाम हो, हाथों में निशान हो,सामने मेरा श्याम हो गाकर पूरे वातावरण को श्याम मय बना रही थी। इस अवसर पर पूरे मार्ग में रंग, अबीर, गुलाल एवं भजनों की मस्ती लेते भक्तगण शोभायात्रा में शामिल थे।

इस अवसर पर विभिन्न जगहों पर श्याम प्रेमी अपने घर एवं प्रतिष्ठान के द्वार पर श्री श्याम प्रभु का स्वागत पारंपरिक आरती व भोग एवं पुष्प वर्षा लगा से किया। संपूर्ण मार्ग में श्री श्याम मण्डल रांची द्वारा प्रसाद वितरण एवम शुद्ध जल, जूस का भी वितरण किया गया। साथ ही कई धार्मिक संथाओं ने भी शोभायात्रा का स्वागत किया। निशान यात्रा अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर जैसे ही पहुंची, सभी श्याम भक्तों का उत्साह बड़े ही भाव विभोर के साथ श्री श्याम प्रभु को निशान अर्पित किया। समापन आरती के साथ आज के कार्यक्रम का समापन हुआ। इस निशान यात्रा को सफल बनाने में अशोक लाठ, सुनील मोदी, मनोज सिंघानिया, प्रमोद बगड़िया, भरत बगडीया, आकाश पचरीवाल, अंशुल अग्रवाल, कौशल अग्रवाल, प्रवीण जोशी, गौरव परसरामपुरिया का सहयोग रहा।

इडी की अदालत में पूजा सिंघल सशरीर हुई हाजिर

रांची (आजाद सिपाही)। मनी लॉन्ड्रिंग की आरोपित निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल गुरुवार को इडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में सशरीर हाजिर हुईं। मनरेगा घोटाला के केस में पूजा सिंघल की ओर से अदालत में डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल किया जाना था, लेकिन व्यक्तिगत कारणों से उन्होंने डिस्चार्ज याचिका दाखिल नहीं की। इसके बाद अदालत ने उन्हें निर्देश दिया कि शुक्रवार 3 मार्च को अगर डिस्चार्ज का आवेदन फाइल नहीं किया गया, तो कोर्ट चार्ज फ्रेम की प्रक्रिया शुरू करेगा। उधर झारखंड हाइकोर्ट की न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की अदालत में गुरुवार को मनी लांड्रिंग के मामले में निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई।

भाकृअनुप - राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक - 753006, ओड़िशा, भारत
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK-753 006, (ODISHA), INDIA
PHONE: 0671-2367768-783, FAX: 0671-2367663, E-mail: crrictc@nic.in

Advertisement No. 50/YP/2022-23

Walk-in-Interview is to be held on **15.03.2023 for selection of one (01) Young Professional-II (YP-II) under the scheme "Evaluating efficacy of Nano-DAP with respect to P & N nutrition and yield of rice" (EAP 394)** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack. The details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in NRRI website- **https://icar-nrri.in.**

PRINCIPAL INVESTIGATOR

हाइकोर्ट ने मांडर इंटर कॉलेज पर लगाया 50 हजार रुपये का जुर्माना

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति जस्टिस राजेश शंकर की कोर्ट में गुरुवार को 14 मार्च से शुरू होनेवाले इंटर की परीक्षा में शामिल होने के लिए मांडर इंटर कॉलेज द्वारा छात्रों को एडमिट कार्ड दिलाने के मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट ने छात्रों को एडमिट कार्ड नहीं देने पर कड़ी नाराजगी जतायी। कोर्ट ने मांडर इंटर कॉलेज पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। साथ ही जैक और मांडर इंटर कॉलेज को निर्देश दिया है कि वे छात्रों को तुरंत एडमिट कार्ड उपलब्ध करायें। यह सुनिश्चित किया जाये कि विद्यार्थी इंटर की परीक्षा में शामिल हो सकें।

इडी ने वीरेंद्र राम का वॉयस सैंपल लिया

रांची (आजाद सिपाही)। भ्रष्टाचार के आरोपी सस्पेंडेड चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम का वॉयस सैंपल ईडी ने लिया है। इसके साथ ही एजेंसी ने डीएसपी राजेंद्र दुबे, प्रमोद मिश्रा और रिटायर्ड डीएसपी यज्ञनारायण तिवारी की संपत्ति की जानकारी मांगी है। इडी ने पुलिस मुख्यालय से उक्त सभी पुलिस पदाधिकारियों की चल और अचल संपति की जानकारी जल्द से जल्द ईडी को देने को कहा है। बता दें कि अवैध खनन मामले में जेल में बंद पंकज मिश्रा से रिम्स में मुलाकात करने के मामले में ईडी पूर्व डीएसपी यज्ञनारायण को 13 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया है।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष महत्वपूर्ण काम पूरा होगा। आर्थिक समस्याओं का समाधान। व्यापार वृद्धि। चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास।

वृष संकल्पित काम पूरे होंगे। भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी। उद्योग-धंधे में सफलता।

मिथुन रुके हुए काम पूरे होंगे। निर्माण कार्य में प्रगति। धनलाभ के अवसर बनेंगे।

कर्क नये लोगों से सम्पर्क। शुभ समाचार मिलेगा। गृह-भूमि-वाहन का सुख।

सिंह सामयिक-सामाजिक विकास। शत्रुओं पर विजय मिलेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

कन्या धनागम के अवसर बढ़ेंगे। अवसरों का फायदा उठावें। परिवार में मांगलिक कार्य होगा।

तुला कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा। आर्थिक परेशानी दूर होगी। सेहत में सुधार होगा।

वृश्चिक नवीन व्यापारिक योजना सफल। आर्थिक लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति की संभावना।

धनु विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास। बिगड़े कार्य बनेंगे। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मिलन होगा।

मकर वाहन सुख। यात्रा सुखद। धन लाभ के अवसर बनेंगे। संतान की उन्नति से उत्साह में वृद्धि।

कुंभ खर्च अधिक होगा। कोई नवीन समस्या आ सकती है, परंतु आप सुलझा लेंगे।

मीन घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा। मानसिक चिंता बढ़ेगी।

कार्यालयः–वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमण्डल
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207

आवश्यक सूचना

सूचित किया जाता है कि दिनांक 26.01.2023 को गुप्त सूचना के आधार पर मांझाटोली–रामरेखाधाम मार्ग पर ग्राम–जरजट्टा, थाना–सुरसांग के पास से 11 पीस साल बोटा सहित एक पीकअप संख्या– JH07C 4886 को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर हेमराज उरॉव, वनरक्षी के अभिरक्षा मे सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 10.03.2023 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाहन स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल।

PR 291684 (Forest, Environment and Climate Changes) 22-233 (D)

कार्यालय :– अधीक्षक, पलामू चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल (पलामू)
Email-supt.pmchpalamu@gmail.com

पलामू चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल परिसर मेंदिनीनगर में पार्क तथा वाहन पडाव हेतु डाक निलामी का प्रकाशन।

उपायुक्त पलामू द्वारा संचिका पर नया टेन्डर हेतु दिये गये निर्देश के आलोक में लिए गये निर्णयानुसार पलामू चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल परिसर में पार्क तथा वाहन पडाव हेतु इच्छुक डाक निलामी में बोली लगाने वाले से निम्नांकित स्थल पर निम्न अंकित नियम व शर्तो के अधीन डाक निलामी दिनांक 22.03.2023 के अपराहन 2.00 बजे शुरू की जायेगी। डाक निलामी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय प्रकोष्ठ में निर्धारित की गयी है। जिसमें डाक वक्ता अथवा उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकतें है।

पड़ाव हेतु निर्धारित स्थलः–

1.	आरोग्य भवन के सामने	– 5924 Sq fit
2.	ब्लड बैंक के पास	– 3200 Sq fit (अस्पताल के पदाधिकारी एवं कर्मचारी के लिए निःशुल्क पास दिखाने पर)
3.	डायग्नोस्टिक के वगल में	– 6400 Sq fit
4.	मेडाल लैब के बाउन्डरी वाल के समीप	–2625 Sq fit
5.	टी0 बी विभाग के बगल में	– 3955 Sq fit

नोटः– डाक निलामी से संबधित सूचना कार्यालय के सूचना पटट् एवं palamu nic.in पर देखा जा सकता है

अधीक्षक,
पलामू मेडिकल कॉलेज अस्पताल पलामू।

PR 291738 (District) 22-23 (D)

भारतीय पुनर्जागरण विवेकानंद का मिशन था : स्वामी भावेशानंद

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सरला बिरला विश्वविद्यालय के मानविकी संकाय एवं भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा भारतीय भाषाओं में अनुवाद अध्ययन तथा भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन दीप प्रज्वलन एवं कुल गीत के साथ किया गया। इस अवसर पर अतिथि स्वागत एवं परिचय के पश्चात गणेश नृत्यांजलि के पश्चात कार्यक्रम के संयोजक एवं मानविकी एवं भाषा शास्त्र की संकायाध्यक्ष डॉ नीलिमा पाठक ने संगोष्ठी परिचय सह विषय प्रवेश कराया।

बतौर मुख्य अतिथि रामकृष्ण मिशन आश्रम रांची के सचिव स्वामी भावेशानंद ने भारतीय भाषाओं में अनुवाद अध्ययन तथा भारतीय ज्ञान परंपरा की विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय पुनर्जागरण विवेकानंद का मिशन था। भारत का पुनर्जागरण केवल भारतीय शिक्षा द्वारा ही संभव है। संस्कृत भाषा आम लोगों के लिए नहीं है, इस धारणा से बाहर निकल कर सभी को इसे सीखना, समझना तथा पढ़ने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत आध्यात्मिक ज्ञान की पेटी है। विश्व के सभी ज्ञान का मूल भारत ही है। विश्व के सभी भाषाओं का मूल संस्कृत है। उन्होंने कहा कि जब भारत जागेगा तो विश्व अवश्य जगेगा। पारंपरिक ज्ञान के साथ-साथ आधुनिक ज्ञान का समन्वय होना आज की शिक्षा की आवश्यकता है। प्राकृतिक कृषि की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि हजारों साल पूर्व हमारे ऋषि-मुनियों ने इसकी कल्पना की थी जिसकी आज वैज्ञानिक स्तर पर चर्चा हो रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा को छोड़कर सांस्कृतिक मौत को आमंत्रित करना है।राष्ट्रीय संगोष्ठी के बीज वक्ता के रूप में रांची विश्वविद्यालय रांची, हिंदी विभाग के पूर्व प्राध्यापक प्रोफेसर अशोक प्रियदर्शी ने कहा कि भाषा को सीखने की ललक होनी चाहिए। अनुवाद कभी भी मूल भाव को सही-सही प्रदर्शित नहीं कर सकता। अनुवाद सीधा तथा सरल होना चाहिए।

बतौर विशिष्ट अतिथि कोल्हन विश्वविद्यालय चाईबासा के कुलपति प्रोफेसर गंगाधर पंडा ने संस्कृत भाषा की महत्व, उपयोगिता के साथ-साथ वसुधैव कुटुंबकम की चर्चा की। बतौर विशिष्ट अतिथि संस्कृत भारती के अखिल भारतीय शिक्षण प्रमुख डॉ एचआर विश्वास ने कहा कि आजादी के पश्चात हमारे चिन्तकों की सोच थी कि हमारी पूरी व्यवस्था पूर्ण स्वाधीन हो, लेकिन वर्षो बीत जाने के बाद भी थोपी हुई व्यवस्था का हमने अनुसरण करने के लिए बाध्य रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने आयोजन समिति के कार्यों की प्रशंसा करते हुए भारतीय भाषाओं में अनुवाद अध्ययन तथा भारतीय ज्ञान परंपरा की आवश्यकता पर बल दिया।

सरला बिरला विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने महत्वपूर्ण विषय पर संगोष्ठी आयोजित किए जाने पर आयोजन समिति को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, भारतीय ज्ञान परंपरा को जीवन में आत्मसात कराना है।

इस अवसर पर संस्कृत भारती के अखिल भारतीय सह शिक्षण प्रमुख डॉक सचिन कठाले, संस्कृत भारती के बिहार झारखंड के क्षेत्र प्रमुख श्री प्रकाश पांडेय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के संस्कृत के सहायक प्राध्यापक डॉ धनंजय वासुदेव द्विवेदी, राजकीय संस्कृत महाविद्यालय, विनोबा भावे विश्वविद्यालय के डॉ शैलेश मिश्रा आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ नीतू सिंघी जी ने किया तथा अंत में धन्यवाद ज्ञापन की औपचारिकता डॉ राधा माधव झा झा द्वारा पूरी की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक डॉ नीलिमा पाठक, डॉ संदीप कुमार, प्रो श्रीधर बी दांडीन, डॉ अशोक कुमार अस्थाना, डॉ सुबानी बाड़ा, हरी बाबू शुक्ला, अजय कुमार, प्रवीण कुमार, आशुतोष द्विवेदी, प्रो अमित गुप्ता, डॉ संजीव कुमार सिन्हा, डॉ मनोज कुमार पांडे, डॉ रिया मुखर्जी, डॉ पूजा मिश्रा, प्रो आदित्य विक्रम वर्मा, डॉ भारद्वाज शुक्ला, डॉ विद्या झा, डॉ राशि मालपानी, डॉ नम्रता चौहान, संजीव श्रीवास्तव, प्रो अनुषा लाल, पृथ्वीराज सिंह, चंद्र माधव सिंह, डॉ मनोरमा, डॉ मुकेश सिंह, डॉ प्रियंका पांडे, डॉ अतुल कर्ण, किश्वय, श्रेया भारती, सुभाष नारायण, चंद्रशेखर महथा,राहुल रंजन, उमंग, आशीष उपस्थित थे।

ऊर्जा विभाग
झारखण्ड सरकार
विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं०–2 धुर्वा, रॉची

अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना
ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/103/2022-23
दिनांक– 01/03/2023

1.	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में)	परिमाण विपत्र का मूल्य	अग्रधन की राशि	कार्य समाप्ति की अवधि
I	कॉके रोड, रॉची स्थित SKIPA के "A" type (30 अदद) क्वार्टर सं0 1,2,3,4,6,7,8,9,10,11,13,14,15,17,19,22,23,24,25,27,30,31,32, 33,34,35,36,37,38,39 एवं "B" type qtr no. 1,3,4,6,7,8 एवं 11 (7 अदद) क्वार्टर में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य।	27,19,021=00	5,000=00	54,500=00	28 दिन
2.	वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि	13.03.2023			
3.	निविदा जमा करने की तिथि	14.03.2023 के 10.30 बजे अपराहन से 20.03.2023 के 2.00 बजे अपराहन तक			
4.	निविदा खोलने की तिथि	21.03.2023 को 3.00 बजे अपराहन में			
5.	निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता	विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची।			
6.	निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता	विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची।			
7.	ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0	0651–2490069			

नोट :– निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

PR.NO.291685 Energy(22-23):D

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची।

इकॉनामी की मुश्किलें

मौजूदा वित्तीय वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर से दिसंबर) में जीडीपी ग्रोथ के आंकड़ों का कम होना चिंताजनक न सही, विचारणीय तो है ही। इस तिमाही में ग्रोथ 4.4 फीसदी रही, जबकि दूसरी तिमाही यानी जुलाई से सितंबर की अवधि में जीडीपी में 6.3 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गयी थी और पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में 13.5 फीसदी की। तीसरी तिमाही में इसमें कुछ कमी का अनुमान लगाया जा रहा था, लेकिन विशेषज्ञों में लगभग सर्वसम्मति थी कि गिर कर भी यह 4.7 फीसदी तक रहेगी। तीसरी तिमाही के आंकड़े कम रहने का सीधा मतलब पहली नजर में यही है कि पूरे वित्तीय वर्ष के लिए जीडीपी बढ़ोतरी के जो अनुमान बताये गये थे, उनका पूरा होना मुश्किल हो जायेगा। हालांकि सालाना 7 फीसदी बढ़ोतरी के इस अनुमान में अभी कोई संशोधन नहीं किया गया है। लेकिन अगर इसे पूरा किया जाना है, तो वित्त वर्ष की चौथी यानी आखिरी तिमाही (जनवरी-मार्च 2023) के दौरान अर्थव्यवस्था को कम से कम 5.1 फीसदी की दर से बढ़ना होगा। मौजूदा हालात में यह लक्ष्य खासा चुनौतीपूर्ण लगता है। जीडीपी की रफ्तार में लगातार दो तिमाहियों की यह कमी ऐसे समय आयी है, जब ग्लोबल स्लोडाउन और मंदी की आशंकाओं के बीच भारत को एक ब्राइट स्पॉट यानी चमकदार बिंदु के रूप में रेखांकित किया जा रहा है। इस धीमी रफ्तार की बड़ी वजह महंगाई काबू करने के लिए ब्याज दरों में लगातार की गयी बढ़ोतरी को माना जा रहा है। मौजूदा वैश्विक और राष्ट्रीय परिदृश्य में इस नीति के तत्काल पलटने के आसार भी नहीं दिख रहे, क्योंकि महंगाई का दबाव अभी भी बना हुआ है। दूसरी बात यह कि मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का सिकुड़ना जारी है। इस तिमाही में इस सेक्टर की बढ़ोतरी साल-दर-साल आधार पर 1.1 फीसदी दर्ज की गयी, जो कंज्यूमर डिमांड की कमजोरी दर्शाती है। एक अच्छी बात यह है कि कृषि क्षेत्र की ग्रोथ अच्छी बनी हुई है। तीसरी तिमाही में यह 3.7 फीसदी दर्ज की गयी, जबकि पूरे वित्त वर्ष के लिए यह अनुमान 3.3 फीसदी का है। मगर यहां ध्यान रखना जरूरी है कि यह अनुमान इस धारणा पर आधारित है कि रबी की फसल जबर्दस्त होगी, यानी तापमान बढ़ने जैसे किसी कारक का प्रतिकूल प्रभाव नहीं होगा। यह धारणा कितनी सही है, इसका पता तभी चलेगा जब फसल कटने का वक्त आयेगा। देखा जाये, तो महामारी के बाद से ही अर्थव्यवस्था में निवेश का काम मुख्यतया सरकार की ही ओर से हो रहा है, लेकिन जब तक निजी क्षेत्र की ओर से इसमें बढ़ोतरी नहीं होती, तब तक ग्रोथ में मजबूती नहीं आयेगी। यह तभी होगा, जब कंस्यूमर डिमांड में रिकवरी हो। सबसे बड़ी बात यह कि मौजूदा हालात में ब्याज दरों में कमी की कोई उम्मीद भी कम से कम फिलहाल नहीं की जा सकती। इसी वजह से वित्त वर्ष 2024 में ग्रोथ 2023 के मुकाबले कम रहने का अनुमान लगाया जा रहा है।

तीसरी तिमाही के आंकड़े कम रहने का सीधा मतलब पहली नजर में यही है कि पूरे वित्तीय वर्ष के लिए जीडीपी बढ़ोतरी के जो अनुमान बताये गये थे, उनका पूरा होना मुश्किल हो जायेगा।

अभिमत आजाद सिपाही

भूतल परिवहन की तेजी से प्रगति, किसी भी क्षेत्र के त्वरित विकास के लिए महत्वपूर्ण है और इसके लिए भारतीय रेलवे पूर्वोत्तर में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। दशकों की उपेक्षा और विकास की धीमी गति को देखते हुए, सरकार ने इस क्षेत्र में परिवहन-संपर्क को अभूतपूर्व बढ़ावा दिया है। पिछले 9 वर्षों में, भारतीय रेलवे ने अग्रणी भूमिका निभाते हुए इस क्षेत्र में नयी रेल लाइनों, पुलों, सुरंगों आदि के निर्माण पर 50,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किये हैं और लगभग 80,000 करोड़ रुपये की नयी परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

रेलवे : पूर्वोत्तर भारत के नये विकास का इंजन

जी किशन रेड्डी

डिब्रू-सादिया रेलवे के पहले लोकोमोटिव ने 1882 में ब्रह्मपुत्र के साथ दूर के चाय-बागानों को जोड़ा, ताकि वस्तुएं अंततः कोलकाता तक पहुंच सकें। दशकों बाद, रेलवे डिब्रूगढ़ से कोलकाता तक यात्रा की अवधि को 15 दिनों से घटाकर 24 घंटे तक करने में सफल रहा है। हालांकि, 2014 तक, पूर्वोत्तर में रेलवे की सेवाएं मुख्य रूप से वर्तमान के असम तक ही सीमित रहीं। पिछले 8 वर्षों में, पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र में रेलवे के विस्तार को सुनिश्चित करने के लिए बड़े पैमाने पर कार्य किए गए हैं और जिस धैर्य व दृढ़ता से इस सपने को साकार किया गया है, उसे लोगों के सामने लाये जाने की आवश्यकता है।

एक नयी सुबह : पूर्वोत्तर में बदलाव

भूतल परिवहन की तेजी से प्रगति, किसी भी क्षेत्र के त्वरित विकास के लिए महत्वपूर्ण है और इसके लिए भारतीय रेलवे पूर्वोत्तर में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। दशकों की उपेक्षा और विकास की धीमी गति को देखते हुए, सरकार ने इस क्षेत्र में परिवहन-संपर्क को अभूतपूर्व बढ़ावा दिया है। पिछले 9 वर्षों में, भारतीय रेलवे ने अग्रणी भूमिका निभाते हुए इस क्षेत्र में नयी रेल लाइनों, पुलों, सुरंगों आदि के निर्माण पर 50,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किये हैं और लगभग 80,000 करोड़ रुपये की नयी परियोजनाओं को मंजूरी दी है। पूंजीगत व्यय पर विशेष जोर ने यह सुनिश्चित किया है कि राजधानी रेल-संपर्क परियोजना, जिसका उद्देश्य पूर्वोत्तर राज्यों की सभी राजधानियों को जोड़ना है, अब एक वास्तविकता है। इसके हिस्से के रूप में, भारत, जिरीबाम-इम्फाल रेल लाइन का निर्माण कर रहा है, जिसमें 141 मीटर की ऊंचाई पर दुनिया का सबसे ऊंचा लंबा तटबंध पुल है। इन परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए, भारत सरकार द्वारा पूर्ण समर्थन और संसाधन प्रदान किये गये हैं। 2009 और 2014 के बीच प्रति वर्ष 2,122 करोड़ रुपये के खर्च की तुलना में, औसत वार्षिक बजट आवंटन में 370 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 9,970 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं।

9 वर्षों में भारतीय रेलवे ने अग्रणी भूमिका निभाते हुए इस क्षेत्र में नयी रेल लाइनों, पुलों, सुरंगों आदि के निर्माण पर 50,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किये हैं।

अवसंरचना विकास के सन्दर्भ में, पूर्वोत्तर की स्थलाकृति हमेशा से एक कठिन चुनौती रही है। हालांकि, मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों से क्षेत्र के सुदूर स्थलों को भी रेल-संपर्क से जोड़ना सुनिश्चित हुआ है। वर्तमान में 121 नयी सुरंगों का निर्माण किया जा रहा है और इनमें 10.28 किलोमीटर लंबी सुरंग संख्या 12 शामिल है, जो देश की दूसरी सबसे लंबी सुरंग होगी।

रोजगार के अवसरों का सृजन- युवाओं का सशक्तिकरण

स्थानीय व्यवसायों और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने 2022 में असम और गोवा के बीच पहली पार्सल कार्गो एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन किया। रानी गाइदिनल्यू, नागालैंड और मणिपुर की एक महान आध्यात्मिक गुरु हैं। एक उपयुक्त श्रद्धांजलि के रूप में, पहली मालगाड़ी ने मणिपुर के तमेंग्लॉन्ग जिले के रानी गाइदिनल्यू रेलवे स्टेशन में प्रवेश किया था। जो लोग पूर्वोत्तर जाते हैं, वे इस क्षेत्र की शानदार पर्यटन क्षमता से अभिभूत हो जाते हैं। मनोरम दृश्य, वन्यजीव और संस्कृति व त्योहारों के रूप में अमूर्त विरासत, सम्पूर्ण पूर्वोत्तर की विशिष्टता है। पर्यटकों को पूर्वोत्तर भारत की लुभावनी प्राकृतिक सुंदरता का आनंद मिले, इसके लिए पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने कई अत्याधुनिक विस्टाडोम कोच शामिल किए हैं। इससे पर्यटकों की संख्या में वृद्धि की उम्मीद है, परिणामस्वरूप महिलाओं और आदिवासियों जैसे वंचित समुदायों के लिए रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी।

इस क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने में रेलवे भी महत्वपूर्ण रहा है। पिछले 3 वित्त वर्षों में, रेलवे ने बीस हजार से अधिक अकुशल श्रमिकों को रोजगार दिया है और कुशल काम के लिए रिक्तियां पैदा की हैं। इस प्रकार, रेलवे ने क्षेत्र के बदलते सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में योगदान दिया है।

समय के साथ, स्थानीय समुदायों को अपने घरों के करीब रोजगार के अवसरों के मिलने से देश के अन्य हिस्सों में उनके प्रवास में कमी आयेगी। इससे क्षेत्र की संस्कृति और पहचान को बनाये रखने में मदद मिलेगी तथा भावी पीढ़ियां यहां की विशिष्टताओं से अवगत हो सकेंगी। एक सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त युवा, क्षेत्र और राष्ट्र के लिए हितैषी होंगे।

पूर्वोत्तर- भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति का प्रवेश द्वार

अर्थव्यवस्था, व्यापार और शक्ति के वैश्विक केंद्र के रूप में एशिया के उदय के कारण, 21वीं सदी को अक्सर एशियाई सदी के रूप में जाना जाता है। भारत इस उदय का इंजन है।

2014 में, भारत की 'लुक ईस्ट पॉलिसी', जिसने भारत के पूर्वी पड़ोसियों के साथ बेहतर आर्थिक संबंधों को बनाने पर ध्यान केंद्रित किया था, को अधिक प्रभावी, परिणाम-केन्द्रित और भू-रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण 'एक्ट ईस्ट' नीति में बदल दिया गया। विभिन्न मंचों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उल्लेख किया है कि पूर्वोत्तर क्षेत्र; एक जीवंत 'एक्ट ईस्ट' नीति को लागू करने का प्रवेश द्वार होगा।

इस नीति का एक शानदार उदाहरण है, अगरतला - अखौरा रेल लिंक, जिसे भारत और बांग्लादेश के बीच 1,100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत के साथ निर्मित किया जा रहा है। यह न केवल हमारे पूर्वी पड़ोसी के साथ ऐतिहासिक रेल लिंक स्थापित करेगा, बल्कि क्षेत्र में विकास और समृद्धि के एक नये युग की भी शुरुआत करेगा। उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय (डोनर) और विदेश मंत्रालय इस परियोजना को वित्त-पोषित कर रहे हैं। इसी तरह, इम्फाल रेलवे लाइन को मोरेह तक बढ़ाया जायेगा और वहां से, यह कलय में म्यांमार रेलवे से जुड़ जाएगी। इस प्रकार, एक ट्रांस-एशियाई रेलवे का उदय होगा।

इसके अलावा, राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए क्षेत्र के भू-रणनीतिक महत्व की पहचान करते हुए, सरकार ने एक रेल-सड़क गलियारे का निर्माण करने का फैसला किया है; जो असम और अरुणाचल प्रदेश को आपस में जोड़ देगा। इसमें ब्रह्मपुत्र नदी में भारत की पहली पानी के नीचे की रेल सुरंग का निर्माण शामिल होगा। रेल - सड़क संपर्क के निर्माण से भारत की उत्तर-पूर्वी सीमाओं तक कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी और हम राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों का गति एवं तत्परता से जवाब देने में सक्षम होंगे।

इसी तरह, 2017 में, उत्तरी असम को पूर्वी अरुणाचल प्रदेश से जोड़ने वाले और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण धोला-सादिया ब्रिज को यातायात के लिए खोला गया था। यह भारत में पानी पर बनाया गया सबसे लंबा पुल है, जो भारत के युद्ध टैंकों के वजन को सहन करने में सक्षम है और भारत की उत्तर-पूर्वी सीमाओं के लिए सैनिकों के त्वरित परिवहन की सुविधा प्रदान करता है।

भारतीय रेलवे ने इस क्षेत्र में अपने नेटवर्क का विस्तार करने के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों का उपयोग किया है। असम में ब्रह्मपुत्र नदी पर बोगिबिल पुल, जो एशिया का दूसरा सबसे लंबा रेल-सह-सड़क पुल है, का 2018 में उद्घाटन किया गया था। यह पुल असम और अरुणाचल के बीच यात्रा की अवधि को 80 प्रतिशत तक कम कर देगा और भारतीय रक्षा बलों को लॉजिस्टिक्स सुविधा भी प्रदान करेगा। इस पुल को रिक्टर स्केल पर 7.0 तक परिमाण वाले भूकंपों का सामना करने के लिए डिजाइन किया गया है और इसका उपयोग फाइटर जेट के उतरने के लिए भी किया जा सकता है।

रेलवे : नये पूर्वोत्तर को गति प्रदान कर रहा है

परंपरागत रूप से, गौरवपूर्ण हिमालय और शक्तिशाली ब्रह्मपुत्र ने पूर्वोत्तर के लगभग हर नागरिक के जीवन को प्रभावित किया है। अब रेलवे भी इस सूची में शामिल हो गया है, क्योंकि इसने अपने परिचालन को क्षेत्र के विभिन्न इलाकों तक फैला दिया है। इस क्षेत्र का विकास, भारत के 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य में अपना योगदान देगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि यदि भारत को समृद्ध होना है, तो पूर्वोत्तर के विकास को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है और रेलवे निश्चित रूप से इस आर्थिक विकास को प्रोत्साहन देने वाले इंजनों में से एक है। नौ साल बाद, प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को पूर्वोत्तर क्षेत्र में एक वास्तविक स्वरूप प्रदान किया गया है और भारतीय रेलवे बदलाव की इस यात्रा में प्रमुख भूमिका निभा रहा है।

(लेखक : केंद्रीय उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास, पर्यटन और संस्कृति मंत्री हैं।)

जमशेदपुर की खबरें

चाइबासा में रिश्वत लेते नाजिर रंगेहाथ गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

पश्चिमी सिंहभूम। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने पश्चिमी सिंहभूम (चाइबासा) के चक्रधरपुर प्रखंड कार्यालय के नाजिर शेखर पंडित को चार हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम में पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) डीएसपी विजय महतो, सीओ सुभाष कुमार महतो और अन्य शामिल थे।

मिली जानकारी के अनुसार नाजिर मारवाड़ी प्लस टू उच्च विद्यालय के पीछे स्थित किराये के मकान में रहता है। प्रखंड कार्यालय में नाजिर ने वीडियो ग्राफर विकास बोस उर्फ माना से 24 हजार 700 रुपये बिल पास कराने के एवज में आधी रकम की मांग की थी। मामला चार हजार रुपये पर तय हुआ। इससे परेशान होकर विकास बोस ने इसकी शिकायत जमशेदपुर सोनारी स्थित एसीबी विभाग से की थी। गुरुवार को विकास बोस ने नाजिर को चार हजार रिश्वत दी। इसी दौरान एसीबी की टीम ने नाजिर को रंगे हाथों पैसे लेते गिरफ्तार किया। इसके बाद एसीबी की टीम नाजिर को गिरफ्तार कर अपने साथ जमशेदपुर ले गयी।

एमजीएम थाना क्षेत्र में चार शराब भट्ठियां की ध्वस्त, 2 सौ लीटर अवैध शराब और 12 हजार किलो जावा महुआ बरामद

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। पूर्वी सिंहभूम जिला आबकारी विभाग ने जिले के एमजीएम थाना क्षेत्र में कई स्थानों पर छापामारी कर वहां चल रही 4 अवैध महुआ शराब चुलाई भट्ठियों को ध्वस्त करते हुए वहां से बड़ी मात्रा में तैयार अवैध महुआ शराब एवं हजारों किलो जावा महुआ बरामद किया है. होली का त्योहार नजदीक होने के कारण अवैध शराब के कारोबारी भी सक्रिय हो गये हैं. इसको लेकर पूर्वी सिंहभूम जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अवैध महुआ शराब की चुलाई तेजी से की जा रही है. वैसे जिला आबकारी विभाग भी ऐसे अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर दबाव बनाने में जुटा हुआ है.होली के मद्देनजर जमशेदपुर के सहायक उत्पाद आयुक्त के निर्देश पर जिला आबकारी विभाग के पदाधिकारियों ने गुरुवार को एमजीएम थाना क्षेत्र के भागाबांधी, बड़ाबांकी, कुरिया, धातकीडीह एवं सुखलड़ा गांवों के जंगलों में छापामारी की. आबकारी अधिकारियों ने उक्त स्थानों पर चल रही चार अवैध महुआ शराब भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया, जबकि वहां से बड़ी मात्रा में तैयार अवैध महुआ शराब व जावा महुआ भी बरामद किया.आबकारी अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार छापामारी के दौरान अधिकारियों ने 190 लीटर महुआ शराब के साथ ही 9 लीटर विदेशी शराब भी जब्त किया।

टाटा संस के संस्थापक की 184वीं जयंती पर जगमगा उठा शहर, शहरवासियों को मिला दो नये पार्क का तोहफा

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। लौहनगरी जमशेदपुर में टाटा स्टील व टाटा संस के संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा के जन्म जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया। गुरुवार को टाटा स्टील ने शहर वासियों को कई नये तोहफे को समर्पित किया। टाटा ग्रुप के संस्थापक जे एन टाटा की 184वीं जयंती के अवसर पर बिस्टुपुर कीनन स्टेडियम के पास मुख्य सड़क किनारे बनाये गए कोरोना वारियर पार्क का टाटा स्टील के वाइस चेयरमैन नोएल टाटा ने फीता काटकर उद्घाटन किया है। टाटा स्टील के द्वारा इस पार्क का निर्माण वैश्विक महामारी कोरोना के दौरान अपनी जान की परवाह किये बिना बीमार लोगों की सेवा करने वालों व अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए जान गवाने वालों की याद में शहर वासियों के यादगार शरूप सौंपा गया। मौके पर टाटा स्टील के एमडी टीवी नरेंद्रन,टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी, रुचि नरेंद्रम, संजीव पॉल, टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी, महामंत्री सतीश सिंह, डिप्टी प्रेसिडेंट शैलेश सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे। कोरोना पार्क में पांच कोरोना वारिय का प्रतिमा लगाया गया हैं। जिससे पांच रास्ते खुलते हैं। इसके जरिये टाटा स्टील ने कोरोना वारियर को श्रद्धांजलि अर्पित की। वही टाटा स्टील के वाइस चेयरमैन नोएल टाटा ने स्विच ऑन कर जुबली पार्क की लाइटिंग का उद्घाटन किया। उनके द्वारा स्विच ऑन करते ही पूरा जुबली पार्क सहित पूरे शहर रंगबिरंगे रौशनी के जगमगा उठा। इसके तपश्चात नोएल टाटा ने संस्थापक जे एन टाटा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए नोएल टाटा ने कहा संस्थापक दिवस समारोह के अवसर पर उपस्थित होकर उन्हें बेहद खुशी हो रही है। देश के औद्योगिक इतिहास रचने में टाटा स्टील का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा इससे पूर्व भी कई बार जमशेदपुर आये। जमशेदपुर बहुत ही खुबसूरत शहर है। आगे भी शहर में आना चाहूंगा। वही टाटा स्टील के वाइस चेयरमैन नोएल टाटा और टाटा स्टील के एमडी टीवी नरेंद्रन ने संयुक्त रूप से सर्किट हाउस एरिया स्थित नये जमशेदपुर नेचर ट्रेल को शहर वासियों को समर्पित किया। यह एक डंपिंग एरिया था। टाटा स्टील के द्वारा हरियाली को विकसित किया गया। जमशेदपुर नेचर ट्रेल में 19 हजार नए पौधे और पेड़ लगाये गये। लगभग 21 एकड़ के दायरे में इसको बनाया गया। टाटा स्टील के प्रयास से लोगों को पर्यावरण के नजदीक लाने की दिशा में अहम पहल है। यहां एक बड़ा पुल और पानी के ट्रीटमेंट की व्यवस्था के साथ अन्य कई इंतजाम किया गया। करीब ढाई किलो मीटर में वॉकिंग पाथवे बनाया गया है। शहरवासी आराम से यहां वाकिंग भी कर सकते है।इस अवसर पर टाटा स्टील के एमडी टीवी नरेन्द्रन, टीएमएच के जीएम डॉ सुधीर राय, टीएमएच के निवर्तमान जीएम डॉ. राजन सहित टाटा स्टील यूएसआइएल के एमडी ऋतू राज सिन्हा उपस्थित रहे।

जमशेदपुर पुलिस को मिली बड़ी सफलता

गैंगस्टर अखिलेश सिंह के सहयोगी कन्हैया सिंह को कानपुर से किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। जमशेदपुर पुलिस ने एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने शहर के फरार आरोपी गैंगस्टर अखिलेश सिंह का सहयोगी कन्हैया सिंह को कानपुर से गिरफ्तार कर जमशेदपुर लेकर आया। अपराधी कन्हैया सिंह पर शहर के विभिन्न ने थाना में 19 मामला दर्ज है। एक मामले में सजायाफ्ता कन्हैया सिंह अभी पे-रोल पर बाहर आया था। एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कन्हैया सिंह चार मामले में फरार था। अन्य सभी मामले में कन्हैया सिंह के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में सौंपा गया। उन्होंने बताया कन्हैया सिंह जमीन का भी कारोबार करता था। लोगों को डराने के लिए हथियार लहराने का काम करता था। होटल में खाना खाकर रुपये मांगने पर धमकी भी देने का काम करता था। एसएसपी ने बताया कन्हैया सिंह के घर पर छापेमारी कर हथियार के साथ दो कारतूस बरामद किया गया। इसके अलावा बॉडीगार्ड अंशु चौहान और बबलु भी हथियार रखता था। गुरुवार को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

परसुडीह में गेल व बीएसएनएल के लिए सड़क में गड्ढा खोदे जाने की डीसी से शिकायत

जिप उपाध्यक्ष ने डीसी से की दोनों कंपनियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिला परिषद के उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा ने जिले के उपायुक्त को पत्र लिख कर उनसे जिले के परसुडीह क्षेत्र में गेल व बीएसएनएल द्वारा बीच सड़क में की खुदाई किये जाने एवं काम होने के बाद उसे ठीक से भरवाये बिना ही छोड़ देने की शिकायत की है. जिला परिषद् उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा ने उपायुक्त को एक पत्र लिख कर बताया है कि जमशेदपुर प्रखंड के परसुडीह क्षेत्र में गेल एवं बीएसएनएल की ओर से कई स्थानों पर सड़क के बीचोंबीच खुदाई कराई जा रही है,

जिससे क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी हो रही है. उन्होंने बताया कि उनसे पूछे जाने पर कि उनके पास इसके संबंध में कोई सरकारी आदेश है, वे कुछ भी नहीं दिखा पाये. पंकज ने बताया कि दोनों ही कंपनियों द्वारा कराई जा रही खुदाई में काम होने के बाद उसे ठीक से भरा नहीं जा रहा है. उन्होंने बताया कि 8 इंच की पीसीसी रोड को तोड़ने के बाद स पर दो इंच पीसीसी की ढलाई करा दी जा रही है, जिसके टूटने में देरी नहीं लगेगी. यही नहीं, पंकज के अनुसार खुदाई में निके मलबे को मकदमपुर रेलवे फाटक के पास बाजार समिति की भूमि पर डंप करा दिया जा रहा है, जिससे लोगों को और परेशानी हो रही है. उन्होंने इसके आलोक में दोनों कंपनियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

दो प्रवासी मजदूरों का शव पहुंचने से कोहराम

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र अंतर्गत सरइया और बुका गांव में गुरुवार को एक साथ दो प्रवासी मजदूरों बुका निवासी सुनील भुइयां 30 वर्ष पिता एवं सरइया निवासी उदय साह 35 वर्ष का शव भवनाथपुर पहुंचते ही दोनों गांवो में कोहराम मच गया। परिजनों के रुदन क्रंदन से गांव का माहौल गमगीन हो गया। जानकारी के अनुसार बुका निवासी सुनील भुइया पिता स्व. रामरती भुंइया दो माह पूर्व ठेकेदार के माध्यम से मजदूरी करने गुजरात के भरुच शहर गया हुआ था, वह वहां प्रोस्कॉट कंपनी में काम करता था। उसकी अचानक तबियत बिगड़ गई थी। साथियों के द्वारा उसे ईलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान सोमवार को उसकी मौत हो गई। जबकि पंडरिया पंचायत के सरईया गांव निवासी उदय साह पिता मांधारी साह चार माह पहले गांव के ही ठेकेदार के साथ महाराष्ट्र के मुंबई शहर में मजदूरी करने के लिए गया हुआ था। कंपनी में काम करने के दौरान अचानक उसकी तबियत खराब होने पर उसे इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां बीते 28 फरवरी को इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। मृतक घर का एकमात्र कमाऊ सदस्य था। गुरुवार के सुबह दोनों मजदूरो का शव एंबुलेंस से उनके घर पहुंचते ही परिजनों की चित्कार से माहौल गमगीन हो गया।

शॉर्ट सर्किट से लगी आग, बड़ा हादसा टला

केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के मुकुंदपुर पंचायत अंतर्गत बेलाबार गांव में गुरुवार को दोपहर में बिजली के खंभे में शॉर्ट सर्किट लगने से आग लग गया। जिससे खंभे के नजदीक झोपड़ी नुमा झाला में आग लग गई। परंतु स्थानीय लोगों की सक्रियता के वजह से आग के चपेट में आने से कई घर चपेट में आने बचा लिये गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर 2:30 बजे के करीब बेलाबार गांव निवासी 50 वर्षीय खुर्शीद अंसारी पिता स्वर्गीय सरफुद्दीन अंसारी अपने मकान में आराम कर रहे थे। अचानक राहगीरों के द्वारा जानकारी मिला का बिजली के खंभे से घर की कनेक्शन में आग लग गई है। इसकी जानकारी तत्काल मुखिया मूंगा साह एवं बीडीसी प्रतिनिधि इम्तेयाज अंसारी को दी गई। मुखिया मूंगा साह के सहयोग से बिजली ग्रिड में फोन कर बिजली डिस्कनेक्ट करायी गई। बिजली ग्रिड को सूचना देने से पहले झाला के ऊपर रखी गई पुआल, त्रिपाल, सहित जलावन की लकड़ी जलकर खाक हो गई। आनन-फानन में स्थानीय ग्रामीण बीच बचाव करने जूटे जिससे और घरों को आग की चपेट में आने से बचाया लिया गया। मुखिया एवं बीडीसी प्रतिनिधि इम्तेयाज अंसारी, मौलाना मोनाजिर हसन, मुखतार अंसारी, परगन बैठा, सिराजुद्दीन अंसारी, महजिद अंसारी, तजामुल अंसारी, सीमाहूदिन अंसारी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

होली को लेकर शांति समिति की बैठक

धुरकी/गढ़वा (आजाद सिपाही)। रंगों का त्योहार होली को लेकर गरुवार को धुरकी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। सगमा बीडीओ सत्यम कुमार व धुरकी विकास पदाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में दोनों समुदाय के लोग शामिल हुए। बैठक में होली का त्योहार शांतिपूर्ण एवं आपसी सौहार्द्र के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। इसमें सदस्यों ने विभिन्न समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए थाना प्रभारी से शराब पीकर अशांति फैलाने वाले लोगो को कड़ी निगरानी के साथ शराब पर रोकथाम के लिए विशेष कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया। कहा गया कि होली के मौके पर शराब विवाद व हंगामा का बड़ कारण बनता है, इस में प्रशासन विशेष ध्यान दें। थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने बताया कि शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले लोगों को गंभीरता से लेते हुए इस पर त्वरित कार्रवाई करने का भरोसा दिया। उन्होंने बैठक के माध्यम से वैसे अभिभावकों जिन्होंने अपने बच्चों को स्पीड बाइक थमा दी है, उससे अपने बच्चों पर ध्यान देने की अपील की है। होली के त्यौहार में अशांति फैलाने वाले लोगों को बख्शा नहीं जायेगा जो अशांति फैलायेंगे उसका होली खराब हो जायेगा साथ ही यह भी कहा कि कार्रवाई होने की स्थिति में किसी की नहीं सुनी जायेगी। इसके अलावा बैठक में प्रशासन की ओर से त्योहार के मौके पर सभी गांव के विभिन्न चौक चौराहों पर प्रशासन के लोग तैनात रहेंगे। बैठक में पूर्व मुखिया लक्ष्मण यादव, जिला परिषद सदस्य सुनीता कुमारी , सगमा प्रखंड के पूर्व जिला परिषद सदस्य नंद गोपाल यादव, विधायक प्रतिनिधि अखिलेश यादव ,रामप्रवेश गुप्ता, मंडल महामंत्री मंगल यादव, सांसद प्रतिनिधि सुदर्शन गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख शांति देवी, सगमा ब्लॉक प्रमुख अजय साह, सहित काफी लोग उपस्थित थे।

होली एवं शब ए बारात पर्व को लेकर केतार थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न

केतार (आजाद सिपाही)। थाना परिसर में होली एवं शब ए बंरात पर्व को लेकर गुरुवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ की अध्यक्षता में हुई। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्ध जनों ने भी हिस्सा लिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने होली की शुभकामनाएं देते हुए होली एवं शब ए बरात पर्व शांतिपूर्ण एवं आपसी प्रेम सद्भाव पूर्वक मनाने की अपील किया।साथ ही बताया कि सभी कर्मियों को होली में शांति व्यवस्था बहाल करने के लिए लगाया जायेगा। डीएसपी प्रमोद केसरी ने प्रेमपूर्वक शांतिपूर्ण माहौल में होली पर्व मनाने की अपील किया।कहा कि होली पर्व के दौरान हुड़दंग फैलाने वाले की खैर नहीं,अफवाहों से लोग दूर रहें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि डीजे पर अश्लील गाना बजाना सख्त निषेध है।अगर इस दौरान किसी तरह की समस्या हो तो थाना को सूचित करें।साथ बताया किफेसबुक,वाट्स अप तथा ट्विटर जैसे शोशल मीडिया पर झूठी अपवाह फैलाने वाले पोस्ट पर पैनी नजर रखी जायेगी। इसके अलावा अश्लील गाने, डीजे साउंड पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। इसे लेकर थाना प्रभारी संतोष कुमार ने सभी को अपना मोबाइल नंबर भी दिया। उन्होंने कहा प्रशासन आपके साथ है । होली के दिन पुलिस की टीम नियमित रूप से गश्त करेगी। शांति समिति के बैठक में लोगों ने थाना प्रभारी से होली के तीन दिन पहले शराब पर पूर्ण रूप से बंदी करने की बात कही। इसपर थाना प्रभारी ने कहा कि अवैध शराब बिक्री पर नकेल कसने के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि दोनों समुदाय के लोग आपसी तालमेल के साथ सौहार्द्रपूर्ण तरीके के साथ मनायें, ताकि संप्रदायिक घटना न हो। होली के शुभकामना देते हुए शांति समिति के बैठक को समाप्ति की घोषणा की गई। इस मौके पर बीजेपी मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि विक्रमा सिंह, संसद प्रतिनिधि त्रिपुरारी सिंह, मुखिया मुनी देवी, मुखिया प्रमोद कुमार, पूर्व, मुखिया प्रतिनिधि विमलेश पासवान, पंकज सिंह, अजय वर्मा, उप प्रमुख संजय सिंह खरवार, रामविचार साहू, सहित थाना क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

शांति समिति की बैठक आयोजित

रंका (आजाद सिपाही)। थाना परिसर में गुरुवार रंका अनुमंडल पदाधिकारी राम नारायण सिंह की अध्यक्षता में होली एवं शबे बरात के त्योहार को शांतिपूर्वक मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में होली का त्यौहार एवं शबे बरात को प्रेम भाईचारे के साथ शांतिपूर्वक मनाने के लिए लोगों से अपील की गई। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीओ राम नारायण सिंह ने कहा की होली में किसी भी प्रकार का हुड़दंग नहीं होनी चाहिए। जिन्हें रंग लगाना पसंद नहीं उन्हें जबरदस्ती रंग अबीर ना लगाएं। होली में साफ सफाई एवं स्वच्छता के साथ-साथ स्वास्थ्य पर भी ध्यान रखें। अभिभावक गण अपने बच्चों पर निगरानी रखें और होली का त्यौहार आनंदपुवर्क मनायें। शांति समिति की बैठक को प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम, अंचल पदाधिकारी शंभू राम ,रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर उतरीं जिला परिषद प्रतिनिधि राहुल तिवारी, झामुमो रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता , आफताब आलम, युवा अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, हुसैनी अंसारी , बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, बीस सूत्री उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, उत्तम पांडेय, शोएब खलीफा , सुरेश पांडेय, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

विधायक ने टेंडर लूट की हकीकत से पूरे सदन को कराया अवगतः सत्येंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। भाजपा के पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि मझिआंव-विश्रामापुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने गुरूवार को विधानसभा सत्र में गढ़वा जिला के टेंडर लूट की हकीकत से पूरे सदन को अवगत कराया हैं। भाजपा विधायक ने सदन में जो बयान दिए हैं। वह शत-प्रतिशत सही हैं। मंत्री मिथिलेश ठाकुर के भाई विनय कुमार ठाकुर पर लगाये आरोप सिर्फ आरोप नहीं हैं बल्कि हकीकत हैं। टेंडर लूट और मैनेज का निष्पक्ष जांच होने पर मंत्री को जेल जाने से कोई नहीं रोक सकता हैं। पूर्व विधायक ने कहा कि मिथिलेश ठाकुर जब से गढ़वा के विधायक बने हैं, उसके बाद से गढ़वा विधानसभा क्षेत्र सहित संपूर्ण गढ़वा जिला में टेंडर लूट का खेल शुरू हैं। मंत्री का प्रभाव दिखाकर उनके भाई जिला में निकलने वाले सभी टेंडर में हस्ताक्षेप करके सात से आठ प्रतिशत की राशि वसूली करने के बाद अपने चहेतों को कार्य आवंटित कराते हैं। टेंडर मैनेज करने के लिए मंत्री और उनके भाई एक गिरोह तैयार रखे हैं। उन्होंने कहा कि मंत्री के पिछले तीन वर्ष के कार्यकाल के दौरान निकले सभी टेंडर का मैनेज किया गया हैं। उन्होंने बताया कि टेंडर लूट और मैनेज का दस्तावेज संबंधित कार्यालयों से अवलोकन किया जा सकता हैं। उन्होंने कहा कि आखिर क्या कारण हैं कि एक टेंडर में सिर्फ दो ही लोग भाग लेते हैं। अगर कोई टेंडर में दो अधिक सवंदेक शामिल हो भी जाते हैं, तो मंत्री और उनके भाई के दबाव में बिना मर्जी से टेंडर में शामिल हुए ठेकेदार को बाद काम करने में असमर्थता का हवाला देकर एक पत्र संबंधित विभाग के सक्षम अधिकारियों के पास देना पड़ता हैं। उसके बाद मंत्री के चहेते ठेकेदार को आसानी से कार्य आवंटित कर दिया जाता हैं। उन्होंने कहा कि मंत्री के पिछले तीन वर्ष के कार्यकाल में सरकार को सिर्फ गढ़वा जिले से करोड़ो रूपए का राजस्व की क्षति हुई हैं।

करोड़ों रुपये राजस्व की क्षति हुई



मंत्री के कार्यकाल में सभी टेंडर का कार्य उच्च दर या शिड्यूल रेट पर आवंटित किया गया हैं। मंत्री की करतूत को भाजपा विधायक ने सदन को बताने का काम किये हैं। उन्होंने कहा कि उच्च दर और शिड्यूल पर कार्य आवंटित होने से सिर्फ गढ़वा जिला से सरकार को करोड़ो रूपये राजस्व की क्षति हुई हैं। बहुत ही जल्द मंत्री के इस करतूत की जानकारी प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के निदेशक को दी जायेगी।

शांति सद्भावना के साथ होली पर्व मनाने को लेकर बैठक संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। होली पर्व मनाने को लेकर सदर थाना परिषद में शांति समिति बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रुप से एसडीओ राज महेश्वर, एसडीपीओ अवध कुमार यादव, नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी केसरी, अलख नाथ पांडेय, मुरली श्याम सोनी मंच पर उपस्थित थे। शांति समिति एसडीओ राज महेश्वर के अध्यक्षता में शुरू हुई। मंच संचालन थाना प्रभारी चंदन कुमार के द्वारा किया गया। शांति समिति के बैठक में गढवा जिला के प्रबुद्ध जन व पंचायत के मुखिया नगर परिषद के वार्ड पार्षद उपस्थित थे। बैठक में होली पर्व शांति व सौहार्द्र पुर्ण संपन्न कराने को लेकर सभी ने सभी ने अपना विचार जिला प्रशासन के समक्ष व्यक्त किया। मौके पर अलख नाथ पांडेय ने कहा कि गढवा जिले में हिंदू मुस्लिम भाइयो का चाहे कोई भी पर हो यहां बहुत ही भाईचारगी के साथ मनाई जाती

है। यहां हर समाज के लोग एक दूसरे के पर्व रामनवमी हो मोहर्रम हो ईद या होली एक दूसरे को बधाई शुभकामनाएं देते हुए मिलकर मनाते हैं। एस डी ओ ने कहा कि शांति समिति की बैठक में हम सभी को यह निर्णय लेने की जरूरत है। अगले वर्ष शांति समिति की बैठक में नव युवक को भी शामिल करें। ताकि वे भी शांति समिति में बैठे हैं और लोगों के द्वारा अपने रखें विचार को सुनें ताकि उन्हें सीखने को मिल लें कि कैसे शांति एवं सद्भावना के साथ पर्व को मनाया जाता है क्योंकि आज के जो युवा है उनके द्वारा ही पर्व के मौके पर किसी भी कार्य बाधा डाला जाता हैं और उसका खामियाजा परिजनों को भुगतना पड़ता है। साइबर क्राइम पर भी विशेष निगरानी रखी जायेगी गढ़वा जिला प्रशासन हर तबके के लोगों पर पैनी नजर बनाये रखेगी वही एसडीपीओ ने कहा कि जैसा की बैठक में आये लोगों के द्वारा हर बिंदुओं पर विचार रखा गया सभी बिंदुओं पर कार्य करते हुए पुलिस प्रशासन का भी असामाजिक तत्व एवं साइबर क्राइम पर विशेष नजर रहेगी साथी जिला में लगातार पेट्रोलिंग बढ़ाते हुए गश्ती कराया जायेगा। मौके पर शरीफ अंसारी मुजीब मुखिया डॉ असजद फुजैल अहमद मुखलाल राम सुरेंद्र यादव राजन उरांव अजय कुमार सुषमा मेहता संतोष केसरी अशोक मुखिया राहुल जायसवाल आदि सैकड़ों की संख्या में लोग शांति समिति बैठक में उपस्थित थे।

दो अलग-अलग घटनाओं में गिरफ्तार, दो अभियुक्तों को जेल

बलराम शर्मा

मेराल (आजाद सिपाही)। थाना पुलिस ने गुरुवार को दो अलग-अलग घटनाओं के अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि थाना के प्राथमिकी अभियुक्त मेराल बस स्टैंड निवासी गौतम कुमार रवि 25 वर्ष, पिता भोला राम को चोरी के मोटर का स्टार्टर के साथ गिरफ्तार किया गया। जबकि दूसरा अभियुक्त को एनएच 75 पर अर्पित लाइन होटल के समीप एक नाबालिग छात्रा को धक्का मार दिया जिससे उसका दर्दनाक मौत हो गई। घटनास्थल से गाड़ी संख्या यूपी 40 एफ-0325 कमांडर जिप को कब्जे में लेकर थाना लाया गया, साथ ही चालक मुस्ताक खान 35 वर्ष पिता सदीक खान, विशुनपुर, थाना-नगरंउटारी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में दिया गया है।

एसीबी की टीम ने मुखिया दंपति को रिश्वत लेते रंगे हाथों दबोचा

गढ़वा/रामुना (आजाद सिपाही)। रामुना प्रखंड के हारादाग पंचायत की मुखिया प्रमिला देवी और उसके पति बृजलाल विश्वकर्मा को एसीबी पलामू की टीम ने घुस लेते रंगे हाथ पकड़ा है। दोनों को गिरफ्तार कर एसबीसी की टीम मेदिनीनगर ले गयी । मुखिया पर पंचायत के ही ग्रामीण बिगू चौधरी ने डोभा निर्माण में 25 हजार घूस मांगने का आरोप लगाते हुए एसीबी से शिकायत किया था। बिगू चौधरी ने एसीबी को बताया था कि मनरेगा के तहत उसके पंचायत में एक

डोभा स्वीकृत हुआ था। जिसे वह लेना चाहता था। जिसके लिए नामित करने और उपयोगिता प्रमाण पत्र की जरूरत पड़ती है। पंचायत सेवक, रोजगार सेवक और उपमुखिया ने उपयोगिता प्रमाण पत्र में हस्ताक्षर कर दिया था। लेकिन मुखिया हस्ताक्षर के लिए 25 हजार रुपये की मांग कर रही थी। लेकिन वह रिश्वत देना नही चाहता था। जिसके बाद उसने सारी बात आवेदन के माध्यम से एसीबी को बताई। एसीबी द्वारा मामले में छानबीन किया गया और आरोप सही पाया गया। मुखिया को रंगेहाथ पकडने के लिए एसीबी ने एक टीम का गठन किया था। गुरुवार को टीम ने हारादाग गांव के बिगू चौधरी से 25 हजार रुपये लेते मुखिया और उसके पति को रंगे हाथ पकड़ लिया। उधर मुखिया के गिरफ्तारी से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

एनडीए को जीत दिलाने के लिए सुनीता चौधरी को बधाईः अलख नाथ पांडे

पांडे ने कहा इस जीत से यह सिद्ध हो चुका है कि जनता बदलाव चाहती है। आगामी समय में बदलाव निश्चित रूप से होकर रहेगा। हेमंत सरकार को अपने गिरेबां में झांकने के लिए विवश करने वाली रामगढ़ की जनता बहुत ही बधाई की पात्र है।



आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अलखनाथ पांडेय ने रामगढ़ में हुए उपचुनाव के विजयी रहीं प्रत्याशी सुनीता चौधरी को बधाई देते हुए कहा कि एनडीए को हुई इस बहुमत की जीत से आगामी चुनाव के लिए अपनी बहुमत की सरकार बनाने का मुख्य द्वार खुल चुका है। सम्मानित जनता यह जान चुकी है कि राज्य सरकार अपने किए वादे को पूरा नहीं कर हम सभी को छलने का काम कर रही है। यह हार महागठबंधन की सरकार को बंगले झांकने पर मजबूर कर दिया है। इस जीत से यह सिद्ध हो चुका है कि जनता बदलाव चाहती है। आगामी समय में बदलाव निश्चित रूप से होकर रहेगा। हेमंत सरकार को अपने गिरेबां में झांकने के लिए विवश करने वाली रामगढ़ की जनता बहुत ही बधाई के पात्र है।

कार्यालयः जिला शिक्षा पदाधिकारी, पलामू
नया समाहरणालय परिसर, ब्लॉक–C मेदिनीनगर, पलामू
(झारखण्ड) 822101 Email – deo.palamu@gmail.com

अतिअल्पकालीन निविदा सूचना

सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (माध्यमिक शिक्षा निदेशालय), राँची के पत्रांक–12/यो1–06/2022(खण्ड)(SO/64)–1724 दिनांक–30.11.2022 के कंडिका–5 के अनुसार पुस्तकालय में पुस्तक का क्रय किया जाना है। उक्त के आलोक में संलग्न सूची के पुस्तक आपूर्ति हेतु इच्छुक निविदादाता/आपूर्तिकर्त्ता से प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है।

I.	निविदा जमा करने की तिथि एवं समय	:–	दिनांक 10.03.2023 को 05 बजे तक
II.	निविदा जमा करने का स्थान	:–	कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, पलामू समाहरणालय परिसर, ब्लॉक 'सी0', मेदिनीनगर, पलामू
III.	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	:–	दिनांक–11.03.2023 को 04:00 बजे
IV.	निविदा खोलने का स्थान	:–	उपायुक्त, पलामू के कार्यालय वेश्म।

नोटः– निविदा संबंधित शर्ते एवं पुस्तकों की सूची जिला के अधिकारिक वेबसाईट Palamu.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
पलामू

PR 291649 District(22-23)#D

झारखण्ड सकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

45वीं औपबंधिक सूची जिलाः–सिमडेगा

क्र0	आवेदनकर्त्ता की विवरणी	कान्ड/वाद संख्या	झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही	आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण	गृह, कारा एवं आपदा प्रबन्धन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका
1.	1. आवेदन क्र0–302 2. आवेदक का नाम–रमेश लोहरा (आश्रित पति) 3. पत्नी का नाम–स्व0 फुलेश्वरी केरकेट्टा (लोहारिन)(मूल आन्दोलनकारी) 4. ग्राम–लसिया 5. पो0–लसिया 6. थाना–कोलेबिरा 7. प्रखण्ड–कोलेबिरा 8. लिंग–पुरूष 9. पहचान चिन्ह–बाँये हाथ में घाव का चिन्ह 10. आयु– 60 वर्ष	बानो प्राथ0 सं0–53/89 जीआर 252/89 एस0टी0 129/98	नहीं	कारण :– दि0 22.09.1989 को नाजायज मजमा बनाकर झारखण्ड का नारा लगाने का आरोप। धारा–147/301/426 भा0द0वि0 पार्टी :–झारखण्ड क्रान्ति दल	कंडिका–2 (ix) (आश्रित पति)

नोट :– 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।
2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आशय का शपथ पत्र अवश्य रूप से उपलब्ध करावें।

चिन्हित/जाँच करने वाले पदाधिकारियों/कर्मियों का हस्ताक्षर।
(क्षेत्र 40 तामांग)
उपरोक्त का टंकण एवं मिलान मेरे द्वारा किया गया है।

(भुवनेश्वर महतो)	(नरसिंह मुर्मू)	(दुर्गा उराँव)
सदस्य	सदस्य	अध्यक्ष

PR 291728 Home(22-23)D

झारखण्ड सरकार
वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग
वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल, गढ़वा

आम नीलामी सूचना

सर्व साधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के अंतर्गत राज्यसात वाहन (जहाँ है, जिस स्थिति में है); भवनाथपुर वन प्रक्षेत्र के भवनाथपुर वन परिसर के कार्यालय परिसर में रखे गये वनोपज से संबंधित लौट संख्या–1, 2, 3 एवं 21 तथा वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के आवास में पुरानी एवं टुटी हुई कुर्सी, जीप का इंजन इत्यादि की बिक्री दिनांक–22.03.2023 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के प्रमण्डलीय कार्यालय, गढ़वा में आम नीलामी द्वारा की जायेगी। नीलामी हेतु राज्यसात वाहन एवं उपरोक्त वर्णित लौटों एवं उपस्करों की सूची, क्रमानुसार निम्नवत् है तथा नीलामी हेतु आवश्यक शर्तें सहित नीलामी हेतु राज्यसात वाहन एवं उपरोक्त वर्णित लौटों एवं उपस्करों की सूची, क्रमानुसार विवरणी गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के प्रमण्डलीय कार्यालय; गढ़वा जिला के Official वेबसाईट https://garhwa.nic.in/, तथा झारखण्ड राज्य, वन विभाग के Official वेबसाईट https://forest.jharkhand.gov.in/ पर उपलब्ध है :–

राज्यसात वाहन से संबंधित विवरणी।

क्र0सं0	वाहन का प्रकार	निबंधन संख्या/ इंजन संख्या/ चेचिस संख्या	वाहन जहाँ स्थित है।
1	2	3	4
1	TVS Star City मोटरसाईकिल	Eng. No. - MD625NF1281A74321	डंडई थाना परिसर

भवनाथपुर वन प्रक्षेत्र के कार्यालय परिसर में रखे गये वनोपज से संबंधित लौट की विवरणी।

क्र0सं0	स्थल, जहाँ लौटों को रखा गया है	वनोपज (प्रकाष्ठ, जलावन एवं बल्ली) का लौट संख्या	वनोपज (प्रकाष्ठ, जलावन एवं बल्ली) का अनुमानित आयतन (घनमीटर में)
1	2	3	4
1.	भवनाथपुर वन परिसर के आहाते, भवनाथपुर वन प्रक्षेत्र, भवनाथपुर।	04	22.8461

वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के आवास में पुरानी एवं टुटी हुई कुर्सी, जीप का इंजन इत्यादि की विवरणी।

क्र0सं0	उपस्कर का नाम/विवरणी	संख्या/वजन
1	2	3
1.	पुराना जीप का इंजन	1 Pcs.
2.	साईकिल	1 Pcs.
3.	लोहा का कुर्सी पुराना	11 Pcs.
4.	बोलेरो का बम्फर पुराना	1 Pcs.
5.	पुराना पंखा का हेड	4 Pcs.
6.	एक्जास्ट फैन पुराना	1 Pcs.
7.	पुराना पंखा (सिलींग)	2 Pcs.
8.	स्टैण्ड फेन पुराना	1 Pcs.
9.	अन्य स्क्रैप	70 Kg.
10.	पुराना लकड़ी का कुर्सी	5 Pcs.
11.	बिजली का बोर्ड	1 Pcs.
12.	पुराना टायर	18 Pcs.
13.	पुराना ट्यूब	3 Pcs.
14.	गोदरेज का कुर्सी	3 Pcs.
15.	लकड़ी टेबल	1 Pcs.
16.	बेसफोन का हैंडसेट	1 Pcs.

वन प्रमण्डल पदाधिकारी
गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल

PR 291672 Human Resource Developement (22-23)_D

नीलकंठ मुंडा ने विधानसभा में उठाया किसान सम्मान निधि और टैब नहीं देने का मामला

खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी के भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने गुरुवार को विधानसभा में अल्पसूचित प्रश्न के तहत कल्याण विभाग द्वारा संचालित 136 आवासीय विद्यालयों में पढ़ने वाले 21 हजार छात्रों को टैब नहीं देने का मामला उठाया। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 12वीं किस्त का भुगतान का भी मामला उठाया। विधायक ने पूछा कि 136 आवासीय विद्यालयों में पढ़ने वाले 2.25 लाख छात्रों को टैब देने की घोषणा की गई थी, लेकिन अब तक टैब का वितरण नहीं किया गया है। इस पर सरकार द्वारा बताया गया कि मोबाइल टैब के क्रय के लिए आदिवासी कल्याण आयुक्त कार्यालय के आदेश ज्ञापांक 476 दिनांक 26 मार्च 2022 द्वारा निविदा प्रकाशित की गई थी, लेकिन कतिपय कारणों से उक्त निविदा को रद्द कर दिया गया है। पुनर्निविदा प्रकाशन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। किसान सम्मान निधि का मामला उठाते हुए विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने सरकार से पूछा कि 12.75 लाख किसानों को जिनका जमीन के साथ ई केवाइसी और आधार वेरिफिकेशन नहीं हुआ है, उनका भुगतान नहीं किया जा रहा है। इस पर कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के मंत्री द्वारा बताया गया कि भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 13वीं किस्त की राशि उन्हीं लाभुकों को विमुक्त की जाएगी, जिनका लैंड डिटेल्स सीडिंग और बैंक खाते के साथ आधार सीडिंग हो चुकी है और इस दिशा में त्वरित कार्रवाई का निर्देश राज्य के सभी उपायुक्तों को दिया गया है।

भालू के हमले में वृद्ध गंभीर रूप से घायल

बुंडू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के हुमटा गांव के जामजुड़ी टोला में जंगली भालू के हमले में 62 वर्षीय एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी पहचान घासीराम मुंडा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार घासी राय मुंडा गुरुवार की सुबह जलावन की लकड़ी लाने जंगल गया था। वहीं जंगली भालू ने हमला कर उसके चेहरे, गर्दन और हाथ को बुरी तरह घायल कर दिया। इसकी सूचना पर हुमटा पंचायत मुखिया द्रौपदी मुंडा पहुंचकर वन विभाग के पदाधिकारियों से संपर्क किए और 108 एंबुलेंस को फोन पर बुलाने पर भी 2 घंटे तक किसी तरह का कोई जवाब नहीं दिया गया। वन विभाग की गाड़ी से घायल को रांची के रिम्स अस्पताल ले जाया गया। वहीं, वन विभाग के गार्ड प्रफुल्ल टोपनो ने 10 हजार रुपये पीड़ित परिवार को अर्थिक मदद दी।

रामगढ़ उपचुनाव में एनडीए उम्मीदवार की जीत पर जश्न

बुंडू/तमाड़/सोनाहातू/राहे (आजाद सिपाही)। रामगढ़ विधानसभा के उपचुनाव में एनडीए समर्थित आजसू उम्मीदवार की जाच के साथ ही आजसू-भाजपा कार्यकर्ताओं में जश्न मनाना शुरू कर दिया। आठवें राउंड की गिनते के बाद कार्यकर्ता बुंडू के धुर्वा मोड़ पास जमा होने लगे थे। आजसू0भाजपा कार्यकर्ता गाजे-बाजे के साथ एक दूसरे को गुलाल लगाए और मिठाई खिला कर खुशी जाहिर की। साथ ही आतिशबाजी के साथ बुंडू नगर का भ्रमण किया गया। कहा कि रामगढ़ तो ट्रेलर है 2024 अभी बाकी है। इसके बाद टावर चौक होते हुए रॉकी गली से गोपाल मुर्गा दुकान होते हुए एक धुर्वा मोड़ पहुंचे जहां भगवान बिरसा मुंडा प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाया। इस मौके पर राम दुर्लभ सिंह मुंडा, राज किशोर कुशवाहा, सुनील जयसवाल, विवेकानंद जयसवाल, आलोक दास, रंजीत लहरी, शिवा पंडित, राजकुमार महतो, चंद्र मोहन महतो, सुबोध मुखर्जी, करिया मुंडा, आजसू प्रखंड अध्यक्ष कोषाध्यक्ष संजय बड़ाईक, शुभम कुमार उर्फ गोलू सुख सारण महतो आदि शामिल थे। वहीं, एनडीए उम्मीदवार सुनिता चौधरी की जीत पर भाजपा आजसू कार्यकर्ताओं ने तमाड़ में भी जश्न मनाया। एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर करते हुए रायडीह में विजय जुलूस निकाला। जश्न में एनडीए के अनूप साहू, रंजीत लाहेरी, विवेक आनंद जायसवाल, लक्ष्मण सिंह मुण्डा, मानकी विजय सिंह, रमेश सिंह मुण्डा, जगदीश गुप्ता, महावीर सोनी, विवेक गुप्ता, अशोक गिरि, कृष्णा मुण्डा, मदन सिंह मुण्डा, आदित्य साहू, परिमल नायक, पंकेश नायक, विजय साहु, समरेंद्र मुखर्जी, सीताराम स्वांसी, विश्वनाथ महतो आदि मौजूद थे। दूसरी ओर, सुनीता चौधरी की जीत पर सोनाहातू और राहे में आजसू-भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया। गाजे बाजे के साथ झूमते हुए एक-दूसरे को गुलाल लगाये। वहीं, राहे में कार्यकर्ताओं ने गोमदा चौक से सुभाष चौक हुए बाजार चौक तक जुलूस निकाला। जिसमें भाजपा के विनय महतो धीरज, चितरंजन महतो, आजसू से रंग बहादुर महतो, प्रकाश सिन्हा, बालेंदु महतो, उमेश महतो, जगन्नाथ मुखर्जी, धनंजय महतो, प्रमोद सिंह आदि शामिल थे। वहीं, सोनाहातू के मुख्य बाजार में भई जुलूस निकाला गया। मौके पर पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सुकरा मुंडा, जिप प्रतिनिधि तारणी सिंह मुंडा, श्याम महतो, सुशेन प्रामाणिक, जबकि बारेंदा में अशोक महतो, गौतम सिंह देव, रमेश सिंह मुंडा, आनंद यादव आदि मौजूद थे।

जीत के बाद आजसू कार्यकर्ताओं ने निकला विजय जुलूस

सिल्ली (आजाद सिपाही)। रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी की जीत पर गुरुवार की शाम भव्य विजय जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में आजसू नेता-कार्यकर्ता व समर्थक शामिल हुए। विजय जुलूस सिल्ली ग्राम विकास स्कूल से मेन रोड़ होते हुए आजसू प्रधान कार्यालय पहुंचा। जुलूस में आतिशबाजी हुई। साथ ही समर्थकों ने मिठाई खिलाकर एक-दूसरे का मुंह मीठा किया। जुलूस में शामिल लोग विजयी नारे लगा रहे थे। इस मौके पर आजसू के केंद्रीय नेता जयपाल सिंह, सुनील सिंह, गौतम कृष्ण साहू, सुशील महतो, संजय सिद्धार्थ, विणा चौधरी, जीतेंद्र बढ़ाईक, लक्ष्मण महतो, आरती देवी, सविता महतो, उर्मिला देवी, शर्मिला कुमारी, संवत बड़ाइक, विनोद साहू, शिशुपाल महतो, विकास महतो, बलराम साहू, संजय महतो, मनोज कोइरी, विनोद महतो, नानू महतो, अनिल महतो, धीरेंद्र महतो और गणेश महतो आदि शामिल थे।

पिपरवार में राजग कार्यकर्ताओं ने मनाया जीत का जश्न

पिपरवार (आजाद सिपाही)। रामगढ़ उपचुनाव में राजग प्रत्याशी सुनीता चौधरी की जीत पर आजसू कार्यकर्ता अर्जुन महतो के नेतृत्व में जश्न मनाया गया। राय चौक के साथ निर्मल महतो चौक पर गुरुवार की शाम आजसू और भाजपा कार्यकर्ता जुटे। राजग कार्यकर्ता एक-दूसरे को मिठाई खिलाते और अतीशबाजी करते नजर आए। मौके पर राजेश महतो, दीपक महतो, जगरनाथ महतो, संदीप सिंह, राजू गुप्ता आदि थे।

मैकलुस्कीगंज में घटना के बाद से दहशत का माहौल,जांच में जुटी पुलिस

उग्रवादियों ने दो मजदूरों को गोली मारी

पैर से निकाली गई गोली, दोनों मजदूरों की हालत खतरे से बाहर

आजाद सिपाही संवाददाता

गोली लगने से घायल मजदूर का इलाज करते चिकित्सक।

खलारी। मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र के जोभिया स्थित ईंटभट्ठे पर उग्रवादियों ने दो मजदूरों को गोली मार दिया। घटना बुधवार की रात 12.30 बजे की है। उक्त ईंटभट्ठा रांची जिले के अंतिम छोर लातेहार जिला के सीमा पर स्थित है। ईंट भट्ठा का मालिक राजन साहू है। इसकी जानकारी देते हुए मजदूरों ने बताया कि रात सात-आठ की संख्या में अज्ञात लोग भट्ठे पर आ धमके। सभी मुंह बांधे हुए थे। इनमें से एक वर्दी पहने था। इनलोगों के पास कट्टा-पिस्टल जैसे हथियार थे। उस वक्त भट्ठा पर दो-तीन कुशल मजदूर काम कर रहे थे। हथियारबंद लोग इन मजदूरों के पास गए और भट्ठा मालिक का नंबर पूछा। जब तक वे लोग कुछ बताते उनलोगों ने मजदूरों के पैर पर गोली चला दिया। दो मजदूर कैंबो मांडर निवासी सोमरा उरांव और लातेहार निवासी राजकुमार सिंह के पैर में गोली लगी। एक गोली हवा में चलाई गई। इसके बाद हमलावर भाकपा माओवादी के नाम का हस्त लिखित एक बड़ा पर्चा वहां छोड़कर चले गए। बताया जा रहा है इससे पहले अज्ञात लोग रात करीब आठ बजे मैकलुस्कीगंज के ही मायापुर स्थित आरिफ के भट्ठा में जाकर हवाई फायरिंग किए और मजदूरों के साथ मारपीट की अनुमान लगाया जा रहा है कि जोभीया में गोली चलाने वाले वहीं लोग होंगे। घटना की सूचना मिलते ही खलारी पुलिस उप अधीक्षक अनिमेष नैथानी और मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी राणाजंगबहादुर सिंह सशस्त्र बलों के साथ रात में ही जोबिया पहुंच गए। रात से ही उग्रवादियों के धर पकड़ के लिए छापामारी की जा रही है। लगे हाथ पुलिस पर्चा अपने साथ ले गई। दूसरी ओर, घायल मजदूरों को रात में ही रांची के रिम्स अस्पताल भेजा गया। पैर से गोली निकाल दिया गया है। दोनों खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि पर्चा में ठेकेदार, ईंट व्यवसायी, कोयला कारोबारियों को चेतावनी दी गई है। पुलिस की मुखबिरी करने वालों को भी चेताया गया है। लंबे समय के बाद मैकलुस्कीगंज में माओवादियों के नाम पर की गई कार्रवाई से क्षेत्र में दहशत है।

रवींद्र गंझू के दस्ते ने दिया घटना को अंजाम

मैकलुस्कीगंज में हुए उग्रवादी घटना की जानकारी देते हुए पुलिस उप अधीक्षक अनिमेष नैथानी ने बताया कि भाकपा माओवादी के रवींद्र गंझू के दस्ते ने घटना को अंजाम दिया है। इससे पहले मायापुर स्थित ईंट भट्ठा में फायरिंग की सूचना मिलने ही पुलिस ने उग्रवादियों का पीछा किया। हर संभावित जगहों पर एंबुस लगा दिया गया। पर उग्रवादी वहां से निकल भागने में सफल हो गए। पुलिस का अनुमान है कि जगह-जगह एंबुस के बाद दो घंटे में पैदल जोबिया पहुंच पाना मुश्किल है। संभवतः वाहन का इस्तेमाल किया हो। डीएसपी ने कहा कि जोबिया जिले का अंतिम छोर है, वहां से आगे चंदवा थानाक्षेत्र शुरू हो जाता है।

भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली में लगा लघु चिकित्सा शिविर

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। डीसी शशि रंजन के निर्देश पर भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली अड़की प्रखंड के उलिहातू में गुरुवार को लघु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा शिविर के साथ ही आधार सुधार कैंप भी लगाया गया था। स्वास्थ्य शिविर में आये ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कर निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। शिविर के दौरान मोबाइल डर्मा एंड इएनटी और डेंटल वैन के माध्यम से आंख और दांत सहित अन्य बीमारियों का उपचार किया गया। साथ ही आवश्यकता के अनुरूप निःशुल्क चश्मा का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से आयुष्मान कार्ड के कैंप लगाकर आयुष्मान भारत की जानकारी दी गयी और योजना के प्रति जागरूकता की अपील की गयी। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत, जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य को मिशन मोड में संचालित किया गया। इसमें पीडीएस डीलर, प्रज्ञा केंद्र के संचालक एवं स्वास्थ्य विभाग के टीम के द्वारा अलग-अलग स्टॉल लगाए गए। डीसी की ओर से निर्देशित किया गया है कि सभी योग्य लाभुकों को गोल्डेन कार्ड से अच्छादित करना जिला प्रशासन का दायित्व है। लाभुक परिवार के सभी सदस्यों को सरलता से गोल्डेन कार्ड प्राप्त हो, इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा जनवितरण प्रणाली की दुकानों में शिविर लगा कर गोल्डेन कार्ड बनाया जा रहा है।

सीसीएल कल्याण समिति की टीम ने किया मगध और आम्रपाली एरिया का दौरा

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल कल्याण समिति कि टीम ने गुरुवार को सीसीएल के मगध संघमित्रा और आम्रपाली चंद्रगुप्त एरिया का दौरा किया। इस दौरान बचरा स्थित प्रतिक्षा गेस्ट हाउस में टीम के सभी सदस्यों का बुके देकर स्वागत किया गया। इसके बाद टीम के सदस्यों ने विभागीय अधिकारियों के साथ दोनों एरिया के कई जगहों का औचक निरीक्षण किया, जहां कल्याण मद से कराए जा रहे विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली। स्थानीय अधिकारियों से भी कई बातों की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश भी दिए। बताया कि सीसीएल स्तरीय कल्याण समिति के द्वारा सीसीएल के सभी क्षेत्रों में वेलफेयर मद से कराये जा रहे कार्यो की जानकारी लेने पहुंचे हैं।

रामगढ़ उपचुनाव में एनडीए की जीत पर डकरा में जश्न

खलारी (आजाद सिपाही)। रामगढ़ उप चुनाव में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी की जीत पर डकरा गुरुद्वारा चौक पर गुरुवार की दोपहर भाजपा और आजसू समर्थकों ने जश्न मनाया। इस दौरान पटाखे फोड़े गए। लोगों के बीच मिठाई बांटी गई। भाजपा नेता रमेश विश्वकर्मा और हरेंद्र सिंह ने कहा कि रामगढ़ में एनडीए की जीत ने यह साफ कर दिया है कि आने वाले दिनों में झारखंड में भी एनडीए की ही सरकार बनेगी। इस मौके पर आनंद सिंह, मीनू सिंह, रविंद्र पासवान, जगदीश चैहान, सिकंदर साव, कन्हाई पासी, वीण कुमार, सन्नी केसरी, उज्जवल सिंह, लखन सिंह, नसीब चैहान, प्रकाश केषरी, गोपाल केषरी, राकेश जयसवाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

दूसरी ओर, रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी की जीत पर खलारी में आजसू कार्यकर्ताओ ने हर्ष व्यक्त किया है। आजसू नेता नागेश्वर महतो ने कहा कि रामगढ़ जीत से झारखंड की जनता ने एक नया संदेश दिया है। खुशी जाहिर करने वालों में सदन महतो, अर्जुन महतो, इम्तियाज अंसारी, बाबूलाल गंझू आदि शामिल थे।

भाकपा की बैठक में लिये गये कई निर्णय

रडगांव/तमाड़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड के रडगांव में गुरुवार को भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी (भाकपा) की ओर से एजी, सीएम और सक्रिय सदस्य की जी, बी बैठक हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि रडगांव, जारगो और अराहंगा तीनों पंचायत को मिलाकर एक अलग शाखा बनाया गया। जिसका सचिव मो मनीर को बनाया गया। जिला सचिव सुखनात लोहरा द्वारा, विधि व्यवस्था में कैसे सुधार, सरकार किस तरह से बजट में कर रही कटौती पर चर्चा को लेकर 11 मार्च को अल्पसंख्यक कंवेंशन रांची के डीसी हॉल के समीप बैठक की जानकारी दी गई। बैठक में लोकल कमेटी के प्रभारी रामधन मछुवा, जहरूलाल मुंडा, नीलकांत सिंह मुंडा, मो मसीर, रासू घुनिया, सहजाद आलम आदि शामिल थे।

डीसी ने किया खूंटी शहरी जलापूर्ति योजना का निरीक्षण

समय पर काम पूरा नहीं होने पर एजेंसी के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाईः शशि रंजन

आजाद सिपाही संवाददाता

कार्यस्थल का निरीक्षण करते डीसी शशि रंजन।

खूंटी। डीसी शशि रंजन ने गुरुवार को नगर पंचायत क्षेत्र में निमार्णाधीन खूंटी शहरी जलापूर्ति एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान डीसी ने शहरी जलापूर्ति का निरीक्षण किया और कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत को निर्देश दिया कि समय-समय पर प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत, कार्यरत संवेदक एवं परामर्शी समूह भी शामिल थे।

इस अवसर पर डीसी ने संबंधित एजेंसी को निर्देश दिया कि कार्यों में तेजी लाते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य करें। उन्होंने संबंधित एजेंसी को मार्च तक ट्रायल रन करने का निर्देश दिया। डीसी द्वारा संवेदक को कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। कहा कि कार्य पूर्ण होने पर खूंटी के शहरी क्षेत्र निवासियों के शुद्ध जल की समस्या का निवारण होगा। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में कोताही बरतने और ससमय पूर्ण न करने पर एजेंसी के विरुद्ध सख्त कारवाई की जाएगी। मौके पर डीसी ने ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन योजना का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। कार्य में कोताही बरतने और कार्य समय पर पूर्ण ना करने के लिए एजेंसी को 10 लाख का जुर्माना लगाया गया है। निरक्षण के दौरान कार्य संतोषजनक नहीं पाया गया था।

महत्वपूर्ण न्यूज

खलारी में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत विशेष अभियान की शुरुआत

खलारी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के डीएमएफटी प्रशिक्षण केंद्र में गुरुवार को आजादी के अमृत महोत्सव 2.0 के अंर्तगत वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल ट्रांजेक्शन अभियान के अलावा वित्तीय समावेशन से सशक्तीकरण, (15 फरवरी से 15 अगस्त), 06 माह तक का एक विशेष अभियान का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, बैंक ऑफ इंडिया खलारी शाखा प्रबंधक आलोक कुमार, पीएनबी खलारी शाखा प्रबंधक मुकेश कुमार, केनरा बैंक चुरी शाखा प्रबंधक रोहित कुजूर की उपस्थिति में विशेष अभियान के मुख्य उद्देश्य की जानकारी देते हुए स्वयं सहायता समूह के सदस्यों की वित्तीय सेवाओं, डिजीटल लेन-देन एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की पहुँच को आसान बनाने को बताया गया। इसके साथ ही प्रखंड स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन को लेकर सशक्त महिला समृद्ध गांव स्लोगन के साथ रैली भी निकाली गयी। कार्यक्रम में प्रखंड कृषि पदाधिकारी आदित्य नाथ झा, जेएसएलपीएस से बीपीएम जया कुमारी, एफटीसी हरेराम कुमार, सीसी धनेश्वर उरांव, आईपीआरपी शांति देवी, आइपीआरपी राजू महली, डीइओ सद्दाम हुसैन, सीएलएफ अध्यक्ष आशा खलखो, बीआरपी मनीष लोहरा, बैंक सखी सुनिशा, केरकेट्टा, कांता केरकेट्टा, अलीना बानो, पूनम देवी आदि मौजूद थी।

प्रभावित प्रतिरोध मंच ने चूरी परियोजना के प्रबंधन को सौंपा 12 सूत्री मांग पत्र

खलारी (आजाद सिपाही)। प्रभावित प्रतिरोध मंच ने गुरुवार को परियोजना कार्यालय में परियोजना पदाधिकारी कमल मांझी को 12 सूत्री मांग पत्र सौंपा। जिसमें जॉय माइनिंग कंपनी में स्थानीय बेरोजगार युवकों को नौकरी देने, परियोजना से सटे ग्रामीण इलाकों में बिजली, पानी ,सड़क की व्यवस्था करने, कॉलोनी की रोड लाइट दुरुस्त करने और खेल मैदान का सुंदरीकरण करने, चूरी सबस्टेशन में 1000 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाने, रोड मोड में कोयले का आवंटन बढ़ाने, 25 फीसदी लोडिंग का काम मजदूरों से कराने और लंबित रैयत को नौकरी मुआवजा देने आदि शामिल है। मांग पत्र के माध्यम से प्रबंधन को 10 दिनों का समय दिया गया। यदि 1इस अवधि में मांग पूरा नहीं की गई तो 13 मार्च को परियोजना कार्यालय के समक्ष धरना दिया जाएगा। जिसके बाद आगे आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी। इस मौके पर मंच के अध्यक्ष नागेश्वर महतो, सुनील सिंह, अशोक महतो, सोनू पांडे, मनोज महतो, सोनू पांडे, दुर्गा महतो, राम अवतार राम, संतोष महतो, इंटेक्स मद्रासी, मनीष महतो, भोला पांडे, राजेश महतो, गुड्डू चौहान, दीपक महतो आदि थे।

चूरी प्रबंधन और ग्रामीणों के बीच हुई वार्ता विफल, 15 से परियोजना बंद करायेंगे रैयत

खलारी (आजाद सिपाही)। चूरी परियोजना पदाधिकारी कमल मांझी की अध्यक्षता में चूरी कार्यालय में बिहार कोलियरी कामगार यूनियन सीटू के नेता और ग्रामीणों के साथ बैठक हुई। जिसमें चूरी के बाकी बचे रैयतों की नौकरी के मुद्दे पर चर्चा की गई। जहां चूरी परियोजना पदाधिकारी द्वारा दो महीने का समय मांगा गया पर रैयतों ने समय देने से इनकार कर दिया। ग्रामीणों ने कहा की एक साल पहले जीएम कार्यालय के सामने बीसीकेयू के बैनर तले छह दिनों तक धरना दिया गया था। उसके बाद जीएम कार्यालय में वार्ता हुई थी। जिसमें यह कह कर धरना को समाप्त किया गया की बहुत जल्द बाकी बचे लोगों को नौकरी दी जाएगी। लेकिन अभी तक काम नहीं हुआ। अगर 14 मार्च तक नियुक्ति पत्र नहीं मिलता है तो 15 मार्च से चूरी खदान को अनिश्चितकालीन के लिए काम को बंद कराया जाएगा। बैठक में बीसीकेयू के जोनल अध्यक्ष रतिया गंझू, एनके एरिया अध्यक्ष इरफान खान, राजेश महतो, अशोक महतो, तुलसी महतो, नागो महतो, बीरेन्दर महतो, लोकनाथ महतो, महेश महतो, शंकर कुमार महतो, सिकन्दर कुमार, कलेसर महतो, अशोक प्रजापति आदि मौजूद थे।

मोहननगर उड़िया बैरेक में शॉर्ट शर्किट से घर में लगी आग

खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी थाना क्षेत्र के मोहननगर स्थित उड़िया बैरेक निवासी सोना देवी पति बैज मेहता के घर गुरुवार की सुबह 8 बजे बिजली के तार में शॉर्ट शर्किट से आग लग गयी। जिससे लाखों रुपये के सामान जल गए। घटना की जानकारी देते हुए सोना देवी ने बताया कि सुबह के समय सारे लोग अपने-अपने काम में व्यस्त थे, लाइट कटा हुआ था। जैसे ही लाइट आया तार में शॉर्ट सार्किट होने से घर में आग लग गयी। जिससे घर में रखे कपड़े, अनाज, कुर्सी टेबल के साथ वाशिंग मशीन सहित अन्य कई घर में रखा सामान जल कर राख हो गया। आग को बुझाने में आसपास के लोगों ने मदद की। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद अंचलाधिकारी शिशुपाल आर्य के आदेश पर घटना स्थल पर निरीक्षण करने नाजिर रामचरित्र मिस्त्री के साथ अंचल के अन्य कर्मी पंहुचे। वहीं अंचलाधिकारी ने तत्काल पीड़ित परिवार को आनाज उपलब्ध कराते हुए अन्य सहयोग का आष्वासन दिया है।

पुलिस ने नष्ट की 600 लीटर महुआ शराब

तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ थाना अंतर्गत ग्राम सारजमडीह में गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर पुलिस ने वहां करीब 600 लीटर जावा महुआ और शराब की भट्टी को नष्ट कर दिया। पुलिस को सूचना मिली थी कि इस इलाके में चोरी छीपे शराब का धंधा चल रहा है, जिसके बाद पुलिस की ओर से त्वरित कार्रवाई की गई।

होली और शब-ए-बारात को लेकर सिल्ली थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

सिल्ली (आजाद सिपाही)। होली और शब-ए-बारात त्योहार को लेकर स्थानीय मुरी ओपी थाना परिसर में गुरुवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता इंस्पेक्टर नीरज कुमार ने किया। बैठक में त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने पर सभी सामुदाय के लोगों के बीच चर्ता की गई। पुलिस ने हुड़दंगियों और उपद्रवियों पर कड़ी नजर रखने की बात कही। साथ ही लोगों से अपील की कि माहौलस बिगाड़ने वालों को चिन्हित कर पुलिस को सूचित करें, ताकि उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके। इस मौके पर सिल्ली थाना प्रभारी आकाश दीप, मुखिया लालू उरांव, सोमरा मांझी, विनोद प्रसाद साहू विष्णु चरण, मनोहर महतो आदि मौजूद थे।

गेतलसूद और गोंदलीपोखर में भाजपा-आजसू ने निकाला विजय जुलूस

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। रामगढ़ विधान सभा चुनाव में भाजपा-आजसू गठबंधन के प्रत्याशी सुनीता चौधरी के विजय होने पर गुरुवार को गोंदलीपोखर चौक एवं गेतलसूद में विजय जुलूस निकाला। गेतलसूद में विजय जुलूस का नेतृत्व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जैलेंद्र कुमार एवं गोंदलीपोखर में खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन कर रहे थे। एक दुसरे को गुलाल लगाकर व मिठाइयां बांटकर बधाई दी। जैलेंद्र कुमार ने कि मिशन 2024 की तैयारी में अभी से ही कार्यकर्ता जुट जायें। रामकुमार पाहन ने कहा की गठबंधन की जीत राज्य की जनता का गठबंधन पर विश्वास को दर्शाता है। आगामी चुनाव में राज्य में एनडीए की सरकार बननी तय है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो, वीरेंद्र सिंह भोगता, घनेनाथ महतो, टूपडू महतो, प्रेम, रमण मुंडा, सत्येंद्र महतो, पंकज महतो, संतोष महतो, देवनाथ महतो आदि उपस्थित थे।

प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ संपन्न

इटकी (आजाद सिपाही)। रानीखटंगा गांव के हनुमान मंदिर में स्थापित वीर हनुमान की प्रतिमा का तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह बुधवार को संपन हो गया। मौके पर हवन, पूणार्हुति, महा आरती एवं भंडारा के अलावा 12 घंटे का अखंड हरि कीर्तन सहित अन्य अनुष्ठान किये गये। सभी अनुष्ठान मुख्य आचार्य पंडित सुरेंद्र पाठक के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से देवेंद्र पाठक, पुरुषोत्तम भरद्वाज, बरन ठाकुर, कल्लू, धीरज, वकील, सुरेश, दिवाकर, रमेशव अशोक सहित अन्य शामिल थे।

पुलिस ने अफीम की खेती को नष्ट किया

ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)। ठाकुरगांव पुलिस ने गुरुवार को थाना क्षेत्र के मेड़ी गांव में लगभग एक एकड़ जमीन में लगे अफीम की खेती को नष्ट किया। थाना प्रभारी कृष्णा कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने मेड़ी गांव स्थित वन विभाग के जमीन में लगे अफीम की खेती को गुप्त सूचना के आधार नष्ट किया। पुलिस की इस कार्रवाई से अफीम तस्करों में हड़कंप वयाप्त है। मौके पर पुनि संतोष कुमार,जुगनू महथा,बसंत मुंडा समेत अन्य मौजूद थे।

किसानों के बीच जोड़ा बैल का वितरण

ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)। बुढ़मू प्रखंड के हेसलपीरी गांव में गुरुवार को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत किसानों के जोड़ा बैल वितरण किया गया। मौके पर बीएचओ राजीव कुमार तथा मुखिया कुशेंद्र पाहन ने किसानों के बीच बैल वितरण किया। उक्त योजना के तहत किसानों को शत प्रतिशत अनुदान पर बैल दिया गया। मौके पर धनराज महतो,युवराज मुंडा,कांति तिर्की समेत अन्य मौजूद थे।

मध्य विद्यालय चकला में नियमित आने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

ओरमांझी (आजाद सिपाही)। राजकीयकृत मध्य विद्यालय चकला ओरमांझी में एक कार्यक्रम आयोजित कर फरवरी माह में एक भी दिन गैरहाजिर नहीं होने वाले बच्चों को इनका हौसला बढ़ाने के लिए पठन-पाठन सामग्री वितरण कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रजबुल अंसारी ने कहा कि पुरे माह एक भी दिन गैरहाजिर नहीं होने वाले बच्चों को सम्मानित करने से इनका हौसला बढ़ता है। साथ ही साथ जो बच्चे नियमित रूप से नहीं आते हैं वह भी इनसे प्रेरित होकर निश्चित रूप से उपस्थिति में सुधार करेंगे। कार्यक्रम को बीपीओ रीना यादव, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य मोबिन अंसारी ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापिका कुमारी किरण माला, संचालन शिक्षक संघ के अध्यक्ष सह विद्यालय के सहायक शिक्षक सतीश बड़ाइक एवं धन्यवाद ज्ञापन आशा कुमारी ने की। इस अवसर पर बीपीओ रीना यादव, विद्यालय के प्रधानाध्यापिका कुमारी किरण माला, सतीश बड़ाइक, आशा कुमारी, निर्मला कुजुर, अनुपा शैलबाला कुजुर, संगीता कुमारी, प्रभादेवी, सुषमा कुमारी, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य मोबिन अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

पेड़ से गिर कर महिला की मौत

इटकी (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के गढ़गांव की बिरसी देवी (54) की पेड़ से गिरने के कारण मृत्यु हो गयी। जानकारी के अनुसार बिरसी बुधवार की शाम परसा पतरा स्थित एक फुटकल के पेड़ पर चढ़कर उसकी फुटकल (आचार) के लिए कली तोड़ रही थी। इसी क्रम में पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। सूचना पर पहुंचे उसके पति मंगरा उरांव ने इलाज के लिये बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। बाद में रिम्स ले जाने के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के निर्देश पर गुरुवार को विधायक प्रतिनिधि राजन किस्पोट्टा, रमेश महली व अमूल्य लकड़ा ने मृतक के परिजनों से भेंट कर आर्थिक सहयोग के अलावा 50 केजी चावल उपलब्ध कराया।

कौओं की हो रही अस्वभाविक मौत की जांच

इटकी (आजाद सिपाही)। पशुपालन विभाग की एक टीम ने गुरुवार को एकता नगर में कौओं की हो रही अस्वभाविक मौत की जांच की। इस क्रम में मृत एक कौआ के शरीर का सैंपल लिया। इसे कोलकाता स्थित जांच केंद्र भेजे जाने की जानकारी दी। जांच रिपोर्ट एक सप्ताह में आने की बाते कही गयी। टीम में पशु चिकित्सक डॉ अभिमन्यु प्रसाद, डॉ नवीन कुमार आर्य एवं डॉ शिवानंद कांसी के अलावा मनोज कुमार, लाल बहादुर सिंह, गोरी शंकर पंडित और किशुन मिंज सहित अन्य शामिल थे।

वाइबीएन विश्वविद्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन

जमकर उड़े अबीर और गुलाल

नामकुम (आजाद सिपाही)। वाइबीएन विश्वविद्यालय में गुरुवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली से पूर्व गले मिल बधाईयां दी। होली मिलन समारोह को लेकर फागुन गीत गायन का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह वाईबीएन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फामेर्सी, एमकेआइ और स्कूल ऑफ पैरामेडिकल में मनाया गया। वाइबीएन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ एसपी यादव ने कहा कि होली हम हिंदुओं के नववर्ष के आगमन पे मनाया जाता है। यह प्रेम एवं सौहार्द्र का त्योहार है। जिसे एक दूसरे को रंग लगाकर मनाना चाहिये। सभी कर्मचारियों ने एक दूसरे को रंग लगाकर खुशी जाहिर की। कार्यक्रम में वाइबीएन विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार, कुलपति प्रोफेसर डॉ एसपी यादव, कुलसचिव प्रोफेसर डॉ श्रीरमन दुबे, स्कूल ऑफ फामेर्सी डीन डॉ आशीष सरकार, स्कूल ऑफ पैरामेडिकल असिस्टेंट डीन डॉ पप्पू कुमार, सभी संकाय के डीन, एचओडी सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।

टाटीसिलवे थाना में शांति समिति सह होली मिलन समारोह का आयोजन

नामकुम (आजाद सिपाही)। क्षेत्र में पूजा-अर्चना एवं किसी भी तरह के पर्व त्यौहार को शांतिपूर्वक निर्वाहन के लिये शांति समिति का बहुत बड़ा योगदान रहता है। इसी क्रम में गुरुवार को टाटीसिलवे थाना परिसर में थाना प्रभारी महेंद्र करमाली की अध्यक्षता में शांति समिति सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य रुप से खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह उपस्थित थे। उन्होंने इस आयोजन से समारोह में उपस्थित जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुये कहा कि शांति समिति की बैठक से पुलिस के प्रति लोगों में सहयोग की भावना बढ़ेगी। लोग पुलिस के साथ सहज भाव से पेश आएंगे और लोगों की झिझक भी टूटेगी। इससे आने वाले समय में क्राइम पर कंट्रोल करने में आपसी सहयोग से मदद मिलेगा। थाना प्रभारी ने कहा कि होली पर्व की विधि व्यपस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरीके से तत्पर है। थाना क्षेत्र में हम सभी मिलकर आपसी भाईचारे के साथ होली का त्यौहार मनाएंगे। मौके पर भाजपा टाटीसिलवे पूर्व मंडल अध्यक्ष गाजू महतो, मुखिया कृष्णा पहान, सांसद प्रतिनिधि उमेश बड़ाईक, पूर्व महामंत्री सरयुग प्रसाद, कांग्रेसी नेता अशोक मिश्रा, चतरा पूर्व मुखिया सोहन मुंडा, मंडल महामंत्री अमित मिश्रा, गिरिधर मिश्रा, सुमित कुमार महतो, राजेश मिश्रा, राजेश यादव, अनमोल कुमार, सुरेंद्र महतो, रंजन महतो, रामचरण पहान, मीरा नायक, अर्चना मिश्रा, माधुरी देवी, रंजु देवी के साथ काफी लोग मौजूद थे।

प्रधान संघ के अध्यक्ष ने नामकुम बीडीओ से की मुलाकात

नामकुम (आजाद सिपाही)। नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान रांची जिला अध्यक्ष उमेश बड़ाइक ने गुरुवार को नामकुम बीडीओ और प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप से मुलाकात कर नामकुम प्रखंड के सभी मौजा के ग्राम प्रधानों की समस्याओं से अवगत कराया। मौके पर जिला अध्यक्ष उमेश बड़ाइक ने नामकुम बीडीओ से पूरे ग्राम प्रधानों की बैठक प्रखंड मुख्याल में कराने की बात कही। इस पर बीडीओ ने होली के बाद सभी ग्राम प्रधानों की बैठक प्रखंड मुख्यालय में कराने का आश्वासन दिया। मौके पर मुख्य रुप से रामचरण पहान, श्याम पहान, भक्तु उरांव के साथ सभी ग्राम प्रधान उपस्थित थे।

अजीमुशान जलसा ए दस्तार बंदी और इसलाह मुशायरा कांफ्रेंस का आयोजन

पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के नगड़ी स्थित मदरसा इस्लामिया कासिम उलूम जामा मस्जिद नगड़ी देवरी का तीसरा अजीमुश्शान जलसा ए दस्तार बंदी व ईसलाह मुआशरा कांफ्रेंस का आयोजन बुधवार की रात किया गया। इसकी शुरूआत तिलावते कुरान से की गई। जिसमें मदरसे के कामयाब छात्रों की दस्तारबंदी की गई. कांफ्रेंस में मुख्य अतिथि दारुल उलूम वक्फ, देवबंद के शेख हदीस हजरत मौलाना फरीदुद्दीन ने कहा कि धार्मिक पाठशालाएं इस्लाम की किला होती हैं। जहां धार्मिक शिक्षा का आधार पवित्र कुरान से है और पवित्र कुरान के साथ हदीसें हैं। उन्होंने कहा कि पवित्र कुरान पवित्र पैगंबर पर उतरी थी। वहीं इमारत शरिया रांची काजी शरीयत हजरत मौलाना मुफ्ती अनवर कासमी ने कहा,आप आपस में एकता पैदा करो, अपने धन की रक्षा करो और इसे अपने बच्चों को पढ़ाने में खर्च करो।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी उलेमाओं ने मदरसा के प्रिंसिपल मौलाना अबू उबैदा की सेवाओं की सराहना की। 24 हुफ्फाज के सरो पर दस्तार (पगड़ी) उलेमा के हाथो बांधी गई और उन्हें कुरान, रेहल, ट्राली बैग, किताब एवं अन्य चीजें देकर सम्मानित किया गया। अंत में शेख उल हदीस के दुआ के साथ कांफ्रेंस समाप्त हुआ। कांफ्रेंस के सम्मानित अतिथि में हजरत मौलाना कौसर नदवी, मौलाना जिया-उर-रहमान, मौलाना शुजा-उल-हक, मौलाना अलीमुद्दीन, मौलाना सोहेल, कारी इरशाद, मौलाना जफर, कारी अशरफ, मौलाना मुश्ताक, हाफिज रफीक, मौलाना मुफ्ती आशिक सहित अन्य मौलना शामिल थे. कॉन्फ्रेंस को सफल बनाने वालों में अंजुमन इस्लामिया नगड़ी देवरी के अध्यक्ष दिलरुबा हुसैन, मो. फिरोज, इकबाल अंसारी, मो शफीक, मो मुराद, मदरसा के सदर जुबैर आलम , सचिव अब्दुल गफ्फार, आसमुद्दीन अंसारी, मो इमरान, मो जाकिर, मो सलीम, हाफिज शौकत, हाफिज खैरुल्लाह, मो मोहसिन, मो इम्तियाज, अब्दुल गफ्फार रेलवे वसीम अकरम और नौजवानों की अहम भूमिका रही।मौके पर तीसरा अजीमुश्शान जलसा ए दस्तार बंदी व ईसलाह मुआशरा में रांची जिला के सभी प्रखंड के हजारों मुस्लिम धर्मावलंबियों ने भाग लिया।

अखबार हॉकर की मां के निधन, शोक

बेड़ो (आजाद सिपाही)। गुमला रोड बेड़ो निवासी सह अखबार विक्रेता अशोक सिंह की माता जी 85 वर्षीय कौशल्या देवी का निधन बेड़ो स्थित आवास में गुरुवार की सुबह लगभग सात बजे आकस्मिक निधन हो गया। अंतिम संस्कार नामकोम रांची के स्वर्ण रेखा नदी के तट पर हुआ। मुखाग्नि छोटे बेटे विनोद सिंह ने दिया। वो अपने पीछे पुत्र विजय सिंह, अशोक सिंह, विनोद सिंह बेटी आशा देवी 11 पोते पोतियों तथा 4 परपोता 1 परपोती सहित पूरा भरा परिवार पीछे छोड़ गई। इनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। इधर निधन पर वीर एजेंसी अखबार हॉकर बबलू गुप्ता ने शोक व्यक्त किया है।

महिला के साथ मारपीट करने तथा लज्जा भंग की कोशिश करने वालों के खिलाफ अनगड़ा थाना में मामला दर्ज

पीड़िता के बयान पर छह नामजद एवं 70 अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी

आजाद सिपाही संवाददाता

अनगड़ा। थाना क्षेत्र के सिरपा घोड़लतवा निवासी पीड़िता सरिता देवी पति अमृत महतो ने मृतका देवरानी शीलवती कुमारी के मायके वालों पर मारपीट करने तथा लज्जा भंग करने का आरोप लगाते हुए अनगड़ा थाना मे छह नामजद और 70 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। नामजद मे टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के लालगंज, अनगड़ा थाना क्षेत्र के जिंतुबेड़ा तथा पिठोरिया थाना क्षेत्र के कटमकुली गांव के लोग शामिल हैं। जबकि अज्ञात मे 40 महिला एवं 30 पुरूष शामिल हैं। पीड़िता सरिता देवी ने प्राथमिकी मे आरोप लगाया है कि गत बुधवार की सुबह टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के मानकी ढीपा रेलवे पुल के निकट पुलिस ने उसके देवरानी शीलवती कुमारी का शव बरामद किया था।

जम कर मारपीट शुरू कर दी

रिम्स मे शव का पोस्टमार्टम होने के बाद यहां घर मे लोग शव का अंतिम क्रियाकर्म करने की तैयारी कर रहे थे। इस बीच शव को रिम्स से घोड़लतवा लाया जा रहा था, उस समय उसके मायके लालगंज से करीब 40-50 की संख्या मे महिला-पुरूष शव के साथ पहुंच गये तथा आक्रोशित हो जमकर मारपीट शुरू कर दिया। मारपीट में उसकी सास सागो देवी, ससुर धनेश्वर महतो, पति अमृत महतो सहित अन्य परिजन घायल हो गये। पीड़िता सरिता देवी ने यह भी आरोप लगाया कि मारपीट के क्रम मे देवरानी के मायके वालों ने उसे पकड़ लिया तथा बर्बरता पूर्वक और अमानवीय तरीके से घसीटते लात मारते हुए घर से बाहर निकाला और फिर निर्वस्त्र कर करीब एक किमी तक घुमाया गया तथा लज्जा भंग करने की कोशिश की गई। इस बीच घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थानेदार ब्रजेश कुमार ने कपड़ा देकर उसकी आबरू बचायी तथा मामले को शांत कराया। फिलहाल पुलिस मामले की गहराई से छानबीन कर रही है।

बेड़ो में 20वां पहान सम्मान समारोह सह प्रार्थना सभा का आयोजन

बेड़ो (आजाद सिपाही)। महादानी मैदान में गुरुवार को सरना समिति बेड़ो के तत्त्वावधान में 20 वां वार्षिक पहान सम्मान सह सरना प्रार्थना सभा समारोह का आयोजन किया गया। सम्मलेन में सरना धर्मावलंबी पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा अर्चना और धार्मिक गान के साथ हुई। कार्यक्रम में सामाजिक, पारम्परिक सांस्कृतिक रीति रिवाज को अक्षुण्ण बनाये रखने पर परिचर्चा की गई। सम्मेलन में बेड़ो सरना समिति के अध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा आदिवासी परंपरा और संस्कृति को बचाने की जरूरत है। उन्होंने कहा धर्म व संस्कृति पूर्वजों की देन है, इसको जीवंत रखना हमारी जिम्मेदारी है। इस दौरान समिति के द्वारा बुधवा पहान,बिरसा पहान,सोमा पहान,बुधु पहान, बंदे पहान, बुदी पहान, बिरसा पहान, मदन पहान, बुधु पहान, बिरसा पहान, जेना पुजार, महादेव भंडारी, राजू मुंडा, एतवा भगत, एतवारी पहनाइन, लखपति पहनाइन, समाज सेवी रमेश उरांव, लक्ष्मण उरांव एवं मुखिया सुशांति भगत को पगड़ी पहना कर एवं साड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनिल उरांव ने किया। जबकि समारोह को सफल बनाने में मुख्य रूप से अनिल उरांव, बुधवा पहान, एतवा उरांव, जिगुवा भगत,संजय उरांव, बन्नू भगत, जल्ही उरांव, सुकरा भगत,मंगरी उरांव, मुन्नी उरांव, पुनिता उरांव, बसंती उरांव,सोमरी उरांव, चारो उरांव, जय मंगल उरांव, अशोक खलखो, चुमानी उरांव, आशा एक्का, बसंत भगत, ओरंगस टोप्पो लक्ष्मण उरांव, संजय उरांव, जिंगवा भगत, बन्नू भगत, पुनिता उरांव, सुनीला उरांव, सोमरा उरांव, संजय तिग्गा, विनय टोप्पो, अलका तिर्की, रेशमा टोप्पो, निशा तिर्की, अनुकृति, अकांक्षा, सुनील खाखा, सन्नी उरांव एवं लीलावती तिग्गा समेत कई लोग शामिल थे।

मकान में लगी आग हजारों का सामान जलकर खाक

खूंटी (आजाद सिपाही)। शहर के तोरपा रोड स्थित बद्री चौक के समीप शंकर गौंझू नामक व्यक्ति के मकान में गुरुवार को आग लग जाने से हजारों की संपत्ति जलकर खाक हो गई। दिन के लगभग एक बजे घटित इस घटना के दौरान घर में सिर्फ शंकर का छह वर्षीय पुत्र मौजूद था, जो घर से सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहा। अन्यथा बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। बताया गया कि शंकर की पत्नी एक निजी स्कूल की शिक्षिका है, घटना के दौरान वह स्कूल में थी। जबकि शंकर अपने बेटे को दोपहर में स्कूल से घर पहुंचा कर अपने काम में खूंटी कचहरी चला गया था। इधर आग लगने की जानकारी मिलते ही आस पड़ोस के लोग आग को बुझाने के प्रयास में जुट गए और तुरंत इसकी जानकारी फायर बिग्रेड को भी दी। सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड की टीम दमकल के साथ मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

बेड़ो थाना में शांति समिति की हुई बैठक

बेड़ो (आजाद सिपाही)। बेड़ो में होली और शब ए बारात पर्व को लेकर गुरुवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक डीएसपी रजत मणिक बाखला की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मौके पर डीएसपी ने ग्रामीणों से होली और शब ए बरात के पर्व को शांति,सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने की अपील किया। वहीं सीओ सुमंत तिर्की ने शांति समिति के सदस्यों को होली एवं शबे-बारात पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाए जाने के लिए कई आवश्यक सुझाव व निर्देश दिया। उन्होंने शांतिपूर्ण वातावरण व भाईचारा के साथ मनाने को लेकर सदस्यों से विचार विमर्श किया। बीडीओ डा प्रवीण कुमार ने कहा कि आपसी भाईचारा कायम रखते हुए सभी लोग रंगों का त्योहार होली और शब ए बरात मनाएं। वहीं थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता ने कहा कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार क्षेत्र में शांति कायम रखने के लिए प्रशासन की ओर से चाक चौबंद व्यवस्था की जाएगी। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस आसामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उन पर सख्त कार्रवाई करेगी। साथ ही इस अवसर पर क्षेत्र में विशेष सशस्त्र बल तैनात रहेंगे। इधर बैठक के दौरान मिठाई खिलाकर व एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दिया। वहीं मौके पर इंस्पेक्टर अरुण कुमार,विधायक प्रतिनिधि करमा उरांव,हिंदू जागरण मंच के वाणी कुमार राय,सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत,धनंजय कुमार राय, जुगेश उरांव,भीखा उरांव,नवदीप महतो,विश्वनाथ गोप, जिप सदस्य बेरोनिका एक्का पंसस राखी भगत मुखिया सुशांति भगत, नीरज कुजुर,जतरु उरांव,अनिता बाड़ा, चरवा उरांव,बुधराम बाड़ा,अंकित सोनी,सुरेंद्र महतो,देवनिश तिग्गा मो शमशाद केशा सदर मन्नान मियां,रैफुद्दीन मिरदाहा समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

भूमि पूजन का आयोजन किया

पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सपारोम पंचायत स्थित दलादल्ली पुराना बाजारटांड़ में गुरूवार को धरती आबा स्मारक समिति दलादल्ली के बैनर तले भगवान बिरसा मुंडा प्रतिमा निर्माण को लेकर भूमि पूजन का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि हटिया के विधायक नवीन जायसवाल विशिष्ट अतिथि सन्नी टोप्पो का गाजे बाजे के साथ परंपरागत तरीके से स्वागत किया मौके उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के द्वारा समाज किए गए कार्यों को आदर्श मान कर युवा शिक्षा और धर्म को साथ लेकर समाज का जोड़ने का काम करें , उन्होंने कम उम्र में ही देश की खातिर आहूति दी वर्तमान में भगवान बिरसा मुंडा जयंती को पूरा देश जनजाति गौरव के रूप में मना रहा है इससे पूरा आदिवासी समाज गौरवान्वित महसूस कर रहा है वही विशिष्ट अतिथि सन्नी टोप्पो ने कहा कि हमें अपने धर्म संस्कृति और परंपरा के साथ धर्मांतरण पर भी ध्यान देना है एवं हमें मिल जुलकर जनजाति समाज को आगे बढ़ाना है । मौके पर सभा में सर्वसम्मति से दलादिली पुराना बाजार टांड़ चौक का नाम धरती आबा चौक के नाम पर रखा गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता ग्राम के पहान मुन्ना मुंडा , संचालन कोषाध्यक्ष शिवनाथ मुंडा ने किया ।इस दौरान कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष साजन मुंडा, सचिव संजय मुंडा पिन्को देवी,महेश मुंडा, बंधना मुंडा, बिनोद मुंडा , संतोषी देवी, श्वेता कोड़ियार, आशा कुमारी, रिंकी राधा, रीना देवी, बस सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

ग्रामीणों ने बकरी चोर गिरोह को पकड़ा, पुलिस को सौंपा

नामकुम (आजाद सिपाही)। नामकुम थाना क्षेत्र के लाली पंचायत महुआ टोली में गुरुवार दोपहर ग्रामीणों ने दो बकरी चोर को पकड़कर टाटीसिलवे पुलिस को सौंप दिया। मिली जानकारी के अनुसार हेसल टोली निवासी जीतवाहन अपनी 14 बकरियां चरा रहा था। इसी दौरान हुंडई वर्ना में चार बकरी चोरों ने छह बकरी चुरा कर वाहन से लेकर फरार हो रहे थे। जिसमें ग्रामीणों ने एक युवक और एक महिला को दौड़ाकर पकड़ लिया। वहीं, दो आरोपी हुंडई से उतरकर भागने में सफल रहे। उसके बाद ग्रामीणों चोर के साथ मारपीट की। चोर पकड़े जाने की सूचना टाटीसिलवे पुलिस को मिली जिसके बाद पुलिस दल बल के साथ पहुंची और दोनों चोरों और हुंडई कार को थाने ले आयी। आरोपियों की पहचान पिठोरिया निवासी राजदेव सिंह एवं महिला चोर पलामू निवासी रुबी देवी के रुप में की गयी है।

महत्वपूर्ण न्यूज

शिक्षा, सुरक्षा एवं सर्वांगीण विकास हमारी पहली प्राथमिकता है: शिवानी

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। ज्योति प्रकाश महिला बीईडी कॉलेज सभागार में नए सत्र 22-24 की प्रशिक्षु छात्राओं का स्वागत कॉलेज परिवार एवं पुराने सत्र की छात्राओं की ओर से किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय की निदेशक शिवानी आनंद और प्राचार्य डॉ अनुपम गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर सत्र 2022- 24 का आरंभ किया। इस मौके पर 2021- 23 की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर प्रारंभ किया गया। साथ ही साथ सत्र 2020-22 की छात्राओं का विदाई समारोह का आयोजन भी किया गया। सत्र 2020-22 के टॉप 3 छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान छात्रों ने महाविद्यालय में बिताए हुए अपने अनुभव को नए सत्र के विद्यार्थियों के साथ साझा किया। ज्योति प्रकाश महाविद्यालय के निदेशक शिवानी आनंद ने नए छात्राओं का अभिवादन करते हुए कहा कि ज्योति प्रकाश महिला बीईडी कॉलेज अपने अनुशासन और शिक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहेगा। निदेशक शिवानी ने बताया कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राओं को बेहतर शिक्षा, सुरक्षा एवं सर सर्वांगीण विकास मेरी पहली प्राथमिकता है।

पैक्स अध्यक्ष के निधन पर शोक सभा आयोजित

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद व्यापार मंडल प्रांगण में गुरुवार को शोक सभा आयोजित हुई। जिसमें सहकारिता परिवार के सदस्य व हुसैनाबाद पैक्स के अध्यक्ष सह पीडीएस डीलर स्व लखनदेव सिंह की आत्मा की शांति के लिए उपस्थित लोगों ने शोक प्रकट किया। व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने कहा कि स्व लखनदेव सिंह व्यक्तित्व के धनी थे। उनके निधन से सहकारिता विभाग एवं समाज की अपूरणीय क्षति हुई है। उनका जितना भी गुणगान किया जाय कम होगा। इस मौके पर एटीएम सुशील मिश्रा, पैक्स अध्यक्ष सुदय सिंह, सुरेश प्रसाद यादव, सूचित मेहता, सुरेंद्र सिंह, बलराम मेहता, बिपिन सिंह, रामप्रवेश सिंह, विश्वनाथ सिंह, सत्यनारायण सिंह, बिमलेश पासवान, विजयमल सिंह, अशोक कुमार सिंह, विकास, जनेश्वर सिंह, अभिषेक कुमार और सुरेंद्र कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

युवाओं ने झूठ और लूट की सरकार के मुंह पर मारा है तमाचा : अभिषेक राज

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। रामगढ़ विधानसभा के उपचुनाव में एनडीए की बड़ी जीत के बाद आजसू के छात्र नेता अभिषेक राज ने खुशी जाहिर की। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि युवा विरोधी सरकार की दोहरी नीति को रामगढ़ के युवाओं ने करारा जवाब दिया है। प्रदेश के युवा अब जाग चुके है। सरकार के झूठ और लूट की राजनीति को समझ चुके है। इस चुनाव में आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी की जीत के साथ झूठ की बुनियाद पर टिकी सरकार का जनादेश समाप्ति की ओर है। इससे लिए आजसू व भाजपा के सभी पदाधिकारियों को बहुत-बहुत बधाई।

पलामू डीसी की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक

बैंक मैनेजरों से वार्ता कर बच्चों का खाता खुलवाना सुनिश्चित करें अधिकारी: डीसी

प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को सौंपी जिम्मेदारी

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू डीसी सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलू दोड्डे की अगुवाई में गुरुवार को जिला समन्वय समिति की बैठक हुई। समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में डीसी ने केंद्र व राज्य सरकार की ओर से संचालित योजनाओं की समीक्षा की। विभागवार पदाधिकारियों से संचालित योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। साथ ही पदाधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का निर्देश दिया। बैठक में शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि बच्चों का बैंक खाता खोलने में कई बैंक रुचि नहीं ले रहें हैं। इसपर डीसी ने संबंधित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी बैंकों से बेहतर समन्वय बनाकर बिना परेशानी के बच्चों का बैंक खाता खुलवाया जाए। बैठक में पाया गया कि चैनपुर के कटुवल एसबीआई ब्रांच कोई रुचि नहीं ले रहा है। इस पर डीसी ने ऑन द स्पॉट एसबीआई के रीजनल मैनेजर को फोन कर मामले में उचित कार्रवाई करने की बात कही। डीसी ने सभी बीडीओ को उनके क्षेत्र अंतर्गत स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करने का निर्देश दिया।

बीडीओ को नियमित स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करने का निर्देश

पदाधिकारियों के साथ बैठक करते पलामू डीसी आंजनेयुलू दोड्डे।

इस दौरान कहीं कोई शिक्षक अनुपस्थित पाया जाता है या मिड डे मील के संचालन में कोई गड़बड़ी करता पाया जाता है तो ऐसा सभी लोगों की सूची बनाते हुए कार्रवाई करने के लिए शिक्षा अधीक्षक/शिक्षा पदाधिकारी के पास प्रस्ताव भेजने की बात कही। बैठक में डीसी ने डीएसओ को फर्जी राशन कार्डधारियों को चिन्हित करते हुए उन्हें डिलीट करने की कार्रवाई करने की बात कही। साथ ही आधार सीडिंग कार्य में तेजी लाने पर बल दिया। इसी तरह डीसी ने राजस्व, जिला समाज कल्याण, पंचायती राज, आपूर्ति विभाग, लघु सिचाई, चिकित्सा, कल्याण, मत्स्य, पशुपालन, जेएसएलपस और पेयजल विभाग समेत अन्य विभाग की समीक्षा कर ससमय योजनाओं का लाभ लाभुकों को मिले, इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं पीएम आवास (ग्रामीण) की समीक्षा करते हुए अधूरे आवास को पूर्ण कराने में तेजी लाने का आदेश दिया। स्वीकृत आवासों के प्रथम किश्त के भुगतान पर विलंब नहीं करने की बात कही। साथ ही इस योजना पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। बैठक में डीडीसी रवि आनंद, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, सभी बीडीओ-सीओ आदि मौजूद रहे।

राशन देने में धांधली करने वाला पीडीएस दुकानदार हुआ निलंबित

एडीएसओ ने जांच के बाद आरोप सही पाए जाने पर 17/85 पीडीएस दुकानदार पर की कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरगंज/पलामू। सहायक आपूर्ति पदाधिकारी सह हरिहरगंज एमओ निर्मल कुमार सिंह ने गुरुवार को शहरी क्षेत्र के पिपरघाट स्थित्त जनवितरण प्रणाली दुकान संख्या 17/85 पर पहुंच कर अनियमितता से संबंधित मामलों की जांच की और कार्डधारियों से पूछताछ की। बतातें चलें कि कुछ दिन पहले उक्त दुकान के संचालक विजय जायसवाल के विरुद्ध कई कार्डधारियों ने एडीएसओ सह एमओ से शिकायत की थी। हालांकि जांच के दौरान पीडीएस संचालक किसी कारण से मौके पर उपस्थीत नहीं हुआ। वहीं, एडीएसओ द्वारा पूछे जाने पर कई कार्ड धारियों से प्रति यूनिट 500 ग्राम से लेकर एक किलोग्राम तक राशन काट लिए जाने की पुष्टि हुई है। इस दौरान कार्डधारी कलावती देवी के पुत्र अनिल कुमार ने बताया कि जनवरी और फरवरी माह का राशन 90 केजी की जगह 72 किलो ही दिया गया। वहीं, कार्डधारी देवंती देवी ने भी 35 किलो की जगह 30 किलो ही राशन देने की बात कही। इसी तरह प्रयाग कुमार वर्मा, हरिओम कुमार, चंचला देवी, अनिल कुमार, आशा देवी, कांति देवी, बसंत कुमार, सुनील यादव, देवंती देवी, शांति देवी, पानपति देवी, राजकेशरी देवी, वार्ड सदस्य मुन्ना प्रसाद सहित कई कार्डधारियों ने भी कम राशन देने का आरोप डिलर पर लगाया है। आक्रोशित कार्डधारियों ने डिलर को बर्खास्त करने की एडीएसओ से मांग की। इस आलोक में अग्रतर कार्रवाई के लिए एडीएसओ ने सभी कार्डधारियों से ब्यान लेते हुए जांच रजिस्टर में हस्ताक्षर कराया। हरिहरगंज विधायक प्रतिनिधि सह निवर्तमान मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा और कार्डधारियों की मौजूदगी में एडीएसओ ने गड़बड़ी की पुष्टि होने पर पीडीएस दुकानदार को तत्काल निलंबित कर दिया। उन्होंने कहा कि निर्धारित मात्रा से कम राशन देने और किसी भी अनियमितता पकड़ी जाने पर पीडीएस दुकानदारों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने तमाम कार्डधारियों को भी अपने हक और अधिकार के लिए जागरूक होने की अपील की।

जिले के नौ प्रखंडों के 11 पैक्सों में आम निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। सहकारी सहयोग समिति लिमिटेड का चुनाव कराने को लेकर कार्य शुरू कर दिया गया है। चुनाव संचालन पदाधिकारी अश्विनी कुमार ओझा ने बताया कि मार्च में जिले के 9 प्रखंडों के 11 पैक्स में विशेष आम सभा के माध्यम से चुनाव कराया जायेगा। चुनाव कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। अलग-अलग पैक्सों में चुनाव संपन्न कराने को लेकर विभिन्न प्रखंडों के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी को जिम्मेदारी दी गयी है। उन्होंने बताया कि सतबरवा प्रखंड के बकोरिया पैक्स के चुनाव के लिये पांकी के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी निशीतोष ठाकुर को निर्वाचन पदाधिकारी एवं वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी पलामू के द्विराज मोहन मिंज को अनुकाल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्त किया है। इसी तरह मेदिनीनगर प्रखंड के जमूने पैक्स के चुनाव के लिए हरिहरगंज के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी संजय कुमार को निर्वाचन पदाधिकारी एवं वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी पलामू के शैलेंद्र कुमार को अनुकाल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है। चैनपुर प्रखंड के महुगावां पैक्स के चुनाव के लिये नॉडीह बाजार के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी बसंत कुमार राय को निर्वाचन पदाधिकारी एवं सहकारिता प्रसार पदाधिकारी मुख्यालय की संध्या बारोभैया को अनुकाल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है। पाटन प्रखंड के महुलिया पैक्स के चुनाव के लिये छतरपुर के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी सखीचंद्र दास को निर्वाचन पदाधिकारी व पलामू के वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी बासिल केर-केट्टा को अनुकाल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है। लेस्लीगंज प्रखंड के पीपरा पैक्स में चुनाव के लिये मेदिनीनगर, मुख्यालय के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी आशीष खलखो को निर्वाचन पदाधिकारी एवं सहकारिता प्रसार पदाधिकारी मेदिनीनगर मुख्यालय के विपिन किशोर कंडुलना को अनुकाल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। मोहम्मदगंज प्रखंड के मोहम्मदगंज पैक्स में चुनाव के लिये विश्रामपुर के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी संजय कुमार को निर्वाचन पदाधिकारी और पलामू के वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी संजय कुमार को अनुकाल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है। पांडू प्रखंड के कजरुकला पैक्स में चुनाव के लिए विश्रामपुर के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी संजय कुमार को निर्वाचन पदाधिकारी एवं पलामू के वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी संजय कुमार को अनुकाल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है।

इसी तरह छतरपुर प्रखंड के चराई 1 पैक्स में चुनाव के लिए पांकी के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी निशीतोष ठाकुर को निर्वाचन पदाधिकारी व पलामू के वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी द्विराज मोहन मिंज को अनुकाल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है। रामगढ़ प्रखंड के बांसडीह खुर्द पैक्स में चुनाव के लिए छतरपुर के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी सखी चंद्र दास को निर्वाचन पदाधिकारी एवं पलामू के वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी बासिल केरकेट्टा को अनुकाल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है। इसी तरह सतबरवा प्रखंड के वारी पैक्स में चुनाव के लिए हरिहरगंज के सहकारिता पदाधिकारी संजय कुमार को निर्वाचन पदाधिकारी एवं पलामू के वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार को अनुकाल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है। पाटन प्रखंड के पंचकेडिया पैक्स में चुनाव के लिए मेदिनीनगर मुख्यालय के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी आशीष खलखो को निर्वाचन पदाधिकारी एवं मेदिनीनगर मुख्यालय के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी विपिन किशोर कंडुलना को अनुकाल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है। सभी पदाधिकारियों को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार समिति का चुनाव संपन्न कराकर एक प्रति सहायक निबंधक सहयोग समितियां के कार्यालय को उपलब्ध कराने को कहा गया है।

एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल की स्थानीय प्रबंध समिति की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

बैठक में विद्यालय के चतुर्दिक विकास की रूपरेखा तय की गई।

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। डीएवी प्रबंध कर्तृ समिति नई दिल्ली के प्रधान आर्य, पद्मश्री डॉ पूनम सूरी एवं आर्यवीर डॉ जेपी शूर निदेशक पीएस-1 के आशीष की अगुवाई में संचालित एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर की स्थानीय प्रबंध समिति की महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को विद्यालय प्रांगण में हुई। जिसकी अध्यक्षता नानक चंद ने किया। बैठक में विद्यालय के चतुर्दिक विकास की रूपरेखा तय की गई। विद्यालय भवन का विकास, विस्तार एवं सुंदरीकरण, छात्र एवं शिक्षक कर्मचारी हितों के को लेकर चर्चा हुई। सत्र 2023- 24 के बजट की प्रस्तावना भी रखी गई। छात्राओं द्वारा डीएवी गान एवं स्वागत गान गाकर आगंतुकों का स्वागत किया गया। प्राचार्य डां जीएन खान ने आगंतुक अतिथियों के सम्मान में उनके व्यक्तित्व एवं योगदान की प्रशंसा की। बैठक में अरुण कुमार सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी पब्लिक स्कूल प्रक्षेत्र सी एवं जी, सतवीर सिंह उपाध्यक्ष स्थानीय प्रबंध कर्तृ समिति, वीके पांडे प्रबंधक एमकेडीएवी, डॉ संजीव श्रीवास्तव प्राचार्य डीएवी इंजीनियरिंग कॉलेज पलामू, आरके सिन्हा प्राचार्य डीएवी भवनाथपुर, मोहम्मद नईम जवाहर नवोदय विद्यालय पलामू, दिनेश ठाकुर प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय पलामू, डॉ.अतुल प्रकाश प्राचार्य पीएमसीएच आदि मौजूद थे।

नगर अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने किया वेंडिंग जोन कार्य का शिलान्यास

शहर के सभी वार्ड में जारी है विकास कार्य: शशि कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड पांच स्थित जमुहारी माई छठ घाट के समीप गुरुवार को वेंडिंग जोन निर्माण कार्य का शिलान्यास हुसैनाबाद नगर पंचायत के अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, नगर प्रबंधक नजीबुल्लाह अंसारी व भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि वार्ड पांच के जमुहारी माई छठ घाट परिसर में वेंडिंग जोन का निर्माण होने से फुटपाथी विक्रेता व अन्य लोगों को काफी सहूलियत होगी। कहा कि प्राथमिकता के साथ नगर पंचायत क्षेत्र को स्वच्छ व सुंदर बनाने का कार्य तेजी से जारी है।

वेंडिंग जोन कार्य का शिलान्यास करते नपं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व अन्य।

उन्होंने कहा कि विभिन्न वार्डों में प्राथमिकता के साथ योजनाओं का चयन कर विकास कार्य किया जा रहा है। इस वेंडिंग जोन का निर्माण नगर विकास एवं आवास विभाग की ओर से करीब 36 लाख रुपये की राशि से कराया जाएगा। उन्होंने सबंधित संवेदक को गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने की बात कही है। वहीं, नगर उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि शहर के सर्वांगीण विकास में नगर के प्रतिनिधियों के साथ-साथ आम लोगों की सहभागिता जरूरी है। इस मौके पर वार्ड पार्षद सुषमा गुप्ता, अमरेंद्र ठाकुर, गोल्डन सिंह, जयनाथ चौधरी, प्रदीप चौधरी, गोलू पटेल, मनोज चौधरी, संजय चौधरी, उत्तम पटेल और शिव चौधरी आदि उपस्थित थे।

होली और शब-ए-बारात को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध, शराबियों हुड़दंगियों पर पैनी नजर : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। धनबाद जिला में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली और शब-ए-बारात का पर्व संपन्न कराने को लेकर गुरुवार को टाउन हॉल में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता डीसी सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह ने की। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार समेत अन्य संबंधित वरीय पदाधिकारी व शांति समिति के सदस्यों के रूप में विभिन्न प्रखंडों से आए जन प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे। बैठक में डीसी, वरीय पुलिस अधीक्षक एवं अनुमंडल पदाधिकारी धनबाद द्वारा जिले में सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली पर्व संपन्न कराने की बात कही। डीसी ने सभी से आपस में मिलकर त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैलाए जाने वाले अफवाहों से बचने की सलाह दी। कहा कि त्योहारों के दौरान भड़काऊ गाना बजाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सड़क दुर्घटना जैसे मामलों को देखते हुए उन्होंने ड्रिंक एवं ड्राइव मामले में भी प्रकाश डाला। समिति के सदस्यों के माध्यम से आम जनों से अपील की कि त्योहारों के दौरान शराब का सेवन कर वाहन ना चलाएं। ऐसे मामले में पकड़े जाने पर कार्रवाई की जाएगी। अवैध शराब के धंधेबाजों पर नकेल कसने का काम शुरू कर दिया गया है। ड्राई डे होने की वजह से किसी को भी सड़क पर शराब पीकर हुड़दंग करने की इजाजत नहीं होगी। डीजे पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। अनावश्यक रूप से लोगों को परेशान नहीं करन और जबरन रंग नहीं डालने का भी निर्देश जारी किया गया है। वैसे लोग जो विधि व्यवस्था में खलल उत्पन्न करेंगे उन पर कार्यवाई की जाएगी। हाल ही में आगजनी जैसी घटनाओं को लेकर डीसी ने लोगों से अपील की कि होलिका दहन में सावधानी बरतें। भीड़-भाड़ वाले स्थानों, हाट, बाजार में खासा ध्यान रखा जाए। उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देश देते हुए कहा कि होलिका दहन में कोई हुड़दंगई न हो इसका ध्यान रखे, ताकि आग की स्थिति न बने। उन्होंने लोगों से अपील कि की सुरक्षित तरीके से खाली स्थानों पर होलिका दहन करें।

जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक की अगुवाई करते डीसी संदीप सिंह।

शांति समिति के सदस्यों ने किया आश्वस्त

विभिन्न प्रखंडों से आए शांति समिति के सदस्यों ने एक-एक कर पूर्व के दिनों में मनाए गए त्योहारों की जानकारी दी। साथ ही जिला प्रशासन को आश्वस्त किया कि किसी भी त्योहार में हम जाति धर्म के लोग सौहार्द माहौल में हंसी खुशी हर पर्व को मनाते आ रहे हैं। आगे भी ऐसा ही होगा। लगे हाथ शांति समिति द्वारा त्योहार में बिजली और पानी की व्यवस्था पर चिंता जाहिर की गई। इस पर डीसी ने कहा कि त्योहार से पहले सभी चीजों को दुरुस्त कर लिया जाएगा। इसके लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है। बैठक में भगत सिंह, मोहम्मद शहाबुद्दीन, रामगोपाल भुवानिया, मोहम्मद कयूम खान, परेश चंद्र दास, केडी पांडेय, राजेश कुमार मिश्रा, पिंटू कुमार तुरी, लक्ष्मण तिवारी, सुंदरी देवी, दिल मोहम्मद, राणा चट्टराज, अजीत कुमार मिश्रा, बैजनाथ यादव आदि ने अपने-अपने सुझाव रखें। मंच संचालन घनश्याम दूबे ने किया। इस मौके पर डीडीसी शशि प्रकाश सिंह, अपर समाहर्ता नंदकिशोर गुप्ता, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रेष्मा रमेशन, निदेशक डीआरडीए मुमताज अली अहमद, जिला वन पदाधिकारी विकास पालिवाल, अनुमंडल पदाधिकारी प्रेम कुमार तिवारी, डीएसपी मुख्यालय-1अमर कुमार पांडेय, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बाघमारा निशा मुर्मू, जिला परिषद उपाध्यक्ष सरिता देवी, चिरकुंडा नगर परिषद अध्यक्ष डब्ल्यू बाउरी, सभी अंचल के पदाधिकारी, बीडीओ, थाना प्रभारी, विधायक प्रतिनिधिगण आदि उपस्थित थे।

अप्रिय घटना पर 100 नंबर पर डायल कर सूचना दें

वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार ने उपस्थित थाना प्रभारी को त्योहारों के दौरान असामाजिक तत्व को चिन्हित करने एवं पूरी तरह सक्रिय होकर कार्य करने का निर्देश दिया। त्योहारों के दौरान सक्रिय होकर पेट्रोलिंग, सोशल मीडिया पर भावनाओं को भड़काने वाले पोस्ट पर पैनी नजर रखने समेत आदि का निर्देश दिया। उन्होंने पदाधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को आपस में समन्वय बनाए रखने को कहा। शांति समिति के सदस्यों के माध्यम से उन्होंने आमजनों से अपील की कि त्योहार के दौरान किसी भी अप्रिय घटना की सूचना पर टोल फ्री नंबर 100 डायल कर पुलिस प्रशासन को जरूर दें। जिससे समय पर कार्रवाई की जा सके।

रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि से नाराज महिला कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार का पुतला फूंका

करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)। देश में बढ़ती महंगाई और रसोई गैस की कीमतों में होली से पहले अचानक किए गए वृद्धि के प्रतिवाद में गुरुवार को बेरमो विधानसभा महिला कांग्रेस अध्यक्षा अजंता सामद के नेतृत्व में केंद्र सरकार का पुतला फूंका गया। फुसरो नगर परिषद के पुराना वीडियो ऑफिस में प्रदर्शन किया गया। महिला कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारे भी लगाए। अजंता सामद ने कहा कि मोदी सरकार महिलाओं-सुविधाओं के विरुद्ध काम कर रही है। पहले से ही देश में महंगाई चरम पर है। केंद्र ने अब एक ही बार में घरेलु रसोई गैस सिलेंडर पर 50 रुपए की वृद्धि कर दी है। इससे होली जैसे त्योहार में लोगों के रंग में भंग पड़ा है। रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि से मध्यम और गरीब तबका सबसे ज्यादा परेशान है। इसी तरह महंगाई बढ़ती रहेगी तो हम गरीब महिलाएं किस तरह चूल्हा चौकी संभालेंगीं। सरकार को अविलंब बढ़ी कीमतों को वापस लेना होगा। इस मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गीता देवी, राखी कुमारी, शांति कुमारी, सविता लांबा, गयात्री देवी, सारया देवी, झालो देवी, सुशीला देवी और ज्योति कुमारी आदि उपस्थित थी।

रामगढ़वासियों के साथ पूरे झारखंड की हुई है जीत : दुर्गा चरण महतो

बोकारो (आजाद सिपाही)। रामगढ विधानसभा में उपचुनाव में एनडीए समर्थत आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी की ऐतिहासिक जीत पर चास के जोधाडीह मोड़ पर नावाडीह प्रखंड के विनोद बिहारी चौक में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर व आतिशबाजी कर जश्न मनाया। आजसू के केंद्रीय सचिव दुर्गाचरण महतो ने कहा कि यह जीत रामगढवासियों के साथ ही पूरे झारखंड की जीत है। उन्होंने कहा कि वर्तमान गठबंधन सरकार के तीन साल के कार्यकाल में राज्य में सिर्फ लूट, हत्या और भ्रष्टाचार के आलावा कोई काम नहीं हुआ। रामगढ़ में झामुमो गठबंधन सरकार की करारी हार हुई है। इस मौके पर भोलानाथ गोप, मंटू गोप, नगर अध्यक्ष बंकुबिहारी आदि थे।

मथुरा महतो ने नवजात शिशु के इलाज के लिए दिये 50 हजार के चेक

धनबाद (आजाद सिपाही)। टुंडी के झामुमो विधायक व सत्तारूढ़ दल के सचेतक मथुरा प्रसाद महतो ने गुरुवार को रानी चिल्ड्रेन अस्पताल में भर्ती 15 दिन के नवजात शिशु के इलाज के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से प्राप्त 50 हजार रुपये का चेक पिता उपेंद्र कुमार महतो को सौंपा। नवजात शिशु को सांस लेने में परेशानी हो रही है। चिकित्सकों के मुताबिक शिशू के गर्दन से जुड़ी सांस नली की सर्जरी की जानी है। बाघमारा प्रखंड के नगड़ी गांव के रहने वाले उपेंद्र कुमार महतो ने अपने बच्चे के समुचित इलाज के लिए मथुरा प्रसाद महतो से मिलकर सहयोग करने की गुहार लगाई। कहा कि समय रहते शिशु का समुचित इलाज कराया जाना अति आवश्यक है। इस आलोक में मथुरा प्रसाद महतो ने सकारात्मक पहल कर मुख्यमंत्री से पत्राचार कर राहत कोष से चेक प्राप्त किया। मौके पर नवजात शिशु के पिता के अलावा इंदु देवी व शंभू महतो मौजूद थे। परिजनों ने सहयोग करने पर मथुरा प्रसाद महतो के प्रति आभार व्यक्त किया।

आस्था का सैलाब : श्याम फाल्गुन महोत्सव पर निकली भव्य निशान शोभा यात्रा

सांवले सरकार के जयकारों से गूंजा झरिया खाटू धाम

हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के चरणों में अर्पित किये निशान

आजाद सिपाही संवाददाता

झरिया। उड़ते अबीर गुलाल, आतिशबाजी और गगन भेदी खाटू नरेश बाबा श्री श्याम के जयकारे से गुरुवार को पूरा झरिया श्याममय हो गया। रंग बिरंगे निसान से झरिया शहर पट गया था। झरिया धाम में मेला सा नजारा बना गया था। मौका था तीन दिवसीय श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव का। झरिया लाल बाजार स्थित श्री श्याम मंदिर से पूजा अर्चना के बाद विशाल निशान शोभा यात्रा निकली गई। जिसमें झरिया ही नहीं कोलकाता, भोजूडीह, ओडिशा, राजस्थान, आसनसोल, राजगंज, गिरीडीह आदि जगहों से भी शामिल हुए श्रद्धालु अबीर गुलाल उड़ाते, बाबा श्री श्याम और खांटू नरेश के जयकारे लगाते बैंड बाजा की धुन पर नाचते-झूमते चल रहे थे। निशान शोभा यात्रा झरिया के लाल बाजार स्थित श्री श्याम मंदिर से बैंड बाजा के साथ निकली जो लक्ष्मीनिया मोड़, सब्जी पट्टी, बाटा मोड़, मेन रोड, चार नंबर मोड़, धर्मशाल रोड होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची। देर संध्या तक हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा के चरणों में निशान अर्पित किये। शोभा यात्रा को देखने के लिए सड़क के दोनों ओर हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी। घर के छतों पर लोग चढ़ कर बाबा श्याम के दर्शन कर रहे थे। आगे-आगे श्री श्याम भक्त अबीर गुलाल उड़ाते चल रहे थे।

भाजपा नेत्री रागिनी ने की सुख समृद्धि की कामना

भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने भी झरिया धाम पहुंच श्री श्याम बाबा के चरणों में माथा टेक कोयलांचल वासियों के सुख समृद्धि की कामना कर भव्य निशान शोभायात्रा में सम्मिलित हुई। वहीं झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह द्वारा निशान शोभायात्रा के दौरान पथरीले जर्जर सड़कों पर श्याम भक्तों को चलने मे कोई परेशानी न हो उन सड़को की भराई कर समतल करवाया गया। साथ ही 10 हजार प्रसाद की थैलियों की भी की गई। रंग अबीर गुलाल व पुष्पवर्षा करते हुए निशान शोभायात्रा में हजारों की संख्या में श्याम भक्त शामिल हुए।

बाबा के भजनों पर थिरकते रहे श्याम भक्त

पकड़ लो हाथ बनवारी नहीं तो डुब जायेंगे, हमारा कुछ ना बिगडेगा तुम्हारी जान जायेगी... भजलो श्याम नाम बन जाओगे थारो सारे काम.., मनुहारी संग खेलेंगे हमसब होरी.., श्याम रंगधन पायो रे...., भक्तों का रखवाला है मुरली वाल... बाबा कृपा जिस पर हो जाये वह मौज उड़ाये...., खादू वाले श्री श्याम झरिया में बिराजे रे आयो नाचन रे...नखरों वाले सावरियों रे नखरो छोड़ दो ना...,चालो चाल्या झरिया धाम, जठे बिराजे बाबा श्री श्याम... आदि मधुर भजनों पर श्याम भक्त थिरकते रहे। निसान शोभा यात्रा में भक्तों के बीच सेल्फी लेने का क्रेज भी जोरदार रहा। एक तरफ जहां बाबा के भजनों पर पुरूष और युवतियां थिरक रहे थे, वहीं सेल्फी भी ली जा रही थी।

सेवा भाव में लगे रहे समाज सेवी

निशान शोभा यात्रा के दौरान कई जगहों पर स्वागत हुआ। भक्तों के बीच ठंडा पानी, शरबत, नींबू पानी आदि का वितरण किया गया। मेन रोड में झरिया चेंबर ऑफ कामर्स, कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह, नगर अध्यक्ष रत्नेश यादव समेत कई समाज सेवी सक्रिय रहे। शुक्रवार को प्रातः 8 बजे बाबा का अभिषेक 11.30 बजे छप्पन भोग शाम 5.30 से बाबा का भजन कीर्तन होगा। जिसमें हरिगढ से विमल दीक्षित पागल,जयपुर से किरण शर्मा, आगरा से गौरी और साक्षी कोलकाता से रनेन सोनी आदि पहुंचेंगे। बाबा का गुणगान के अलावा कोलकाता का विनायक ग्रुप नृत्य नाटिका प्रस्तुत करेगी।

झारखण्ड सरकार,
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

45वीं औपबंधिकसूची — जिलाः–हजारीबाग

क्र0	आवेदनकर्त्ता की विवरणी	काण्ड/वाद संख्या	झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही	आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्तकारण	गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक– 20.04. 2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका
1.	1. आवेदन क्र0–22/2023 2. आवेदककानाम–रूपन मिस्त्री उर्फ रूपन करमाली 3. पिताका नाम–स्व0 सहजुन मिस्त्री उर्फ सहजु करमाली 4. ग्राम–चैनपुर पोस्ट–चैनपुर 6. थाना–माण्डू प्रखण्ड–डाडी 8. लिंग–पुरूष आयु–52 वर्ष 9. पहचानचिन्ह–अंकित नही।	हजारीबाग वाद सं0 361/83	नहीं	कारण :– दिनांक–09–10.05. 1983 को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के जेल भरो अभियान के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा–107, 113 द0प्र0सं0 पार्टी का नामः–झामुमो जेल की अवधि–01 दिन।	कंडिका–2(viii)(a)
2.	1. आवेदन क्र0–1005 2. आवेदककानाम–मकेश्वर महतो उर्फ पुसन महतो 3. पिताकानाम–डोमन महतो 4. ग्राम–चैनपुर 5. पोस्ट–चैनपुर 6. थाना–माण्डू 7. प्रखण्ड–डाडी 8. लिंग–पुरूष 9. पहचानचिन्ह–अंकित नही। 10. आयु–47 वर्ष	हजारीबाग वाद सं0 361/83	नहीं	कारण :– दिनांक–09–10.05. 1983 को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के जेल भरो अभियान के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा–107, 113 द0प्र0सं0 पार्टी क ानामः–झामुमो जेल की अवधि–01 दिन।	कंडिका–2(viii)(a)
3.	1. आवेदन क्र0–1007 2. आवेदककानाम–काशीनाथ महतो 3. पिताका नाम–स्व0 टहल महतो 4. ग्राम–चैनपुर 5. पोस्ट–चैनपुर 6. थाना–माण्डू 7. प्रखण्ड–डाडी 8. लिंग–पुरूष 9. पहचानचिन्ह–अंकितनही। 10. आयु–56 वर्ष	हजारीबाग वाद सं0 361/83	नहीं	कारण :– दिनांक–09–10.05. 1983 को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के जेल भरो अभियान के दौरान विधि–व्यवस्थाभंगकरनेकाआरोप। धारा–107, 113 द0प्र0सं0 पार्टीकानामः–झामुमो जेल की अवधि–01 दिन।	कंडिका–2(viii)(a)
4.	1. आवेदन क्र0–1017 2. आवेदककानाम–नन्दकिशोर महतो उर्फ बल्कु महतो 3. पिताका नाम–स्व0 रामजीत महतो 4. ग्राम–चैनपुर 5. पोस्ट–चैनपुर 6. थाना–माण्डू 7. प्रखण्ड–डाडी 8. लिंग–पुरूष 9. पहचानचिन्ह–अंकित नही। 10. आयु–55 वर्ष	हजारीबाग वाद सं0 361/83	नहीं	कारण :– दिनांक–09–10.05. 1983 को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के जेल भरो अभियान के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा–107, 113 द0प्र0सं0 पार्टी का नामः–झामुमो जेल की अवधि–01 दिन।	कंडिका–2(viii)(a)
5.	1. आवेदन क्र0–979 2. आवेदककानाम–कमेश्वर महतो उर्फ करम महतो 3. पिताकानाम–छतो महतो उर्फ दाहो महतो 4. ग्राम–चैनपुर 5. पोस्ट–चैनपुर 6. थाना–माण्डू 7. प्रखण्ड–डाडी 8. लिंग–पुरूष 9. पहचानचिन्ह–अंकित नही। 10. आयु–50 वर्ष	हजारीबाग वाद सं0 361/83	नहीं	कारण :– दिनांक–09–10.05. 1983 को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के जेलभरो अभियान के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा–107, 113 द0प्र0सं0 पार्टी का नामः–झामुमो जेल की अवधि–01 दिन।	कंडिका–2(viii)(a)
6.	1. आवेदन क्र01028 2. आवेदककानाम–महेश महतो 3. पिताका नाम–स्व0 मंगर महतो 4. ग्राम–चैनपुर 5. पोस्ट–चैनपुर 6. थाना–माण्डू 7. प्रखण्ड–डाडी 8. लिंग–पुरूष 9. पहचानचिन्ह–अंकित नही। 10. आयु–64वर्ष	हजारीबाग वाद सं0 361/83	नहीं	कारण :– दिनांक–09–10.05. 1983 को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के जेल भरो अभियान के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा–107, 113 द0प्र0सं0 पार्टी का नामः–झामुमो जेल की अवधि–01 दिन।	कंडिका–2(viii)(a)
7.	1. आवेदन क्र01004 2. आवेदककानाम–भुवनेश्वर कुमार उर्फ भुवनेश्वर महतो 3. पिताकानाम–पोखनाथ महतो 4. ग्राम–चैनपुर 5. पोस्ट–चैनपुर 6. थाना–माण्डू 7. प्रखण्ड–डाडी 8. लिंग–पुरूष 9. पहचानचिन्ह–अंकित नही। 10. आयु–68वर्ष	हजारीबाग वाद सं0 716/98	नहीं	कारण :– दिनांक–16.12.1998 को झारखण्ड बंद की तिथि को विधि–व्यवस्था भंग करनेका आरोप। धारा–107, 151 द0प्र0सं0 पार्टीका नामः–अन्य जेल की अवधि–03 दिन।	कंडिका–2(viii)(a)
8.	1. आवेदन क्र0–64 2. आवेदककानाम–सुरेन्द्र कुमार महतो उर्फ सुरेन्द्र कुमार 3. पिताकानाम–नारायण महतो 4. ग्राम–होसिर 5. पोस्ट–डाडी 6. थाना–गिद्धी 7. प्रखण्ड–डाडी 8. लिंग–पुरूष 9. पहचानचिन्ह–अंकित नहीं 10. आयु–44वर्ष	हजारीबाग वाद सं0 716/98	नहीं	कारण :– दिनांक–16.12.1998 कोझारखण्ड बंद की तिथि को विधि–व्यवस्था भंग करनेका आरोप। धारा–107, 151 द0प्र0सं0 पार्टीका नामः–अन्य जेल की अवधि–03 दिन।	कंडिका–2(viii)(a)
9.	1. आवेदन क्र0–63 2. आवेदककानाम–प्रह्लाद सिंह 3. पिताकानाम–झबर घटवार उर्फ झबर सिंह 4. ग्राम–कोदवे 5. पोस्ट–डाडी 6. थाना–गिद्धी 'ए' 7. प्रखण्ड–डाडी 8. लिंग–पुरूष 9. पहचानचिन्ह–अंकित नहीं। 10. आयु–50वर्ष	हजारीबाग वाद सं0 716/98	नहीं	कारण :– दिनांक–16.12.1998 कोझारखण्ड बंद कीतिथि को विधि–व्यवस्था भंगकरने का आरोप। धारा–107, 151 द0प्र0सं0 पार्टीकानामः–अन्य जेल की अवधि–03 दिन।	कंडिका–2(viii)(a)
10	1. आवेदन क्र0–416 2. आवेदककानाम–सोहराम मांझी 3. पिताकानाम–देना मांझी 4. ग्राम–चैनपुर 5. पोस्ट–चैनपुर 6. थाना–माण्डू 7. प्रखण्ड–डाडी 8. लिंग–पुरूष 9. पहचानचिन्ह–अंकित नहीं। 10. आयु–41 वर्ष	माण्डू थाना काण्ड सं0 147/94	नहीं	कारण :– दिनांक–06.06.1994 कोझारखण्ड बन्दी की तिथि को विधि व्यवस्था भंग करनेका आरोप धारा–147/148/149 भा0दं0वि0 पार्टीका नाम–अन्य जेल की अवधि–06दिन	कंडिका–2(viii)(a)
11.	1. आवेदन क्र0 415 2. आवेदककानाम–महावीर मांझी 3. पिताकानाम–कमल मांझी 4. ग्राम–चैनपुर 5. पोस्ट–चैनपुर 6. थाना–माण्डू 7. प्रखण्ड–डाडी 8. लिंग–पुरूष 9. पहचानचिन्ह–अंकित नहीं। 10. आयु–37वर्ष	माण्डू थाना काण्ड सं0 147/94	नहीं	कारण :– दिनांक–06.06.1994 को झारखण्ड बन्दी की तिथि को विधि व्यवस्था भंगकरने काआरोप धारा–147/148/149 भा0दं0वि0 पार्टीकानाम–अन्य जेल की अवधि–06 दिन	कंडिका–2(viii)(a)
12	1. आवेदन क्र0 23/23 2. आवेदककानाम–रामलाल मांझी 3. पिताकानाम–बसिया मांझी 4. ग्राम–चैनपुर 5. पोस्ट–चैनपुर 6. थाना–माण्डू 7. प्रखण्ड–डाडी 8. लिंग–पुरूष 9. पहचानचिन्ह–अंकित नहीं। 10. आयु–49वर्ष	माण्डू थाना काण्ड सं0 147/94	नहीं	कारण :– दिनांक–06.06.1994 कोझारखण्ड बन्दी की तिथि को विधि व्यवस्था भंग करनेका आरोप धारा–147/148/149 भा0दं0वि0 पार्टी का नाम–अन्य जेल की अवधि–06 दिन	कंडिका–2(viii)(a)
13	1. आवेदन क्र0–414 2. आवेदक का नाम–बहादुरमहतो 3. पिताका नाम–नेमघर महतो उर्फ नेमधारी महतो 4. ग्राम–चैनपुर 5. पोस्ट–चैनपुर 6. थाना–माण्डू 7. प्रखण्ड–डाडी 8. लिंग–पुरूष 9. पहचानचिन्ह–अंकित नहीं। 10. आयु–54वर्ष	माण्डू थाना काण्ड सं0 147/94	नहीं	कारण :– दिनांक–06.06.1994 को झारखण्ड बन्दी की तिथि को विधि व्यवस्था भंग करनेका आरोप धारा–147/148/149 भा0दं0वि0 पार्टीका नाम–अन्य जेल की अवधि–06 दिन	कंडिका–2(viii)(a)
14	1. आवेदन क्र0–24/23 2. आवेदककानाम–दशरथ महतो 3. पिताका नाम–स्व0 भोला महतो 4. ग्राम–चैनपुर 5. पोस्ट–चैनपुर 6. थाना–माण्डू 7. प्रखण्ड–डाडी 8. लिंग–पुरूष 9. पहचानचिन्ह–अंकित नहीं। 10. आयु–53वर्ष	माण्डू थाना काण्ड सं0 147/94	नहीं	कारण :– दिनांक–06.06.1994 कोझारखण्ड बन्दी की तिथिको विधि व्यवस्था भंग करने का आरोप धारा–147/148/149 भा0दं0वि0 पार्टीका नाम–अन्य जेल की अवधि–06 दिन	कंडिका–2(viii)(a)
15	1. आवेदन क्र0–1016 2. आवेदककानाम–पुरन्दर ओहदार उर्फ पुरन्दर महतो 3. पिताका नाम–स्व0 झंगु ओहदार उर्फझंगु महतो 4. ग्राम–चैनपुर 5. पोस्ट–चैनपुर 6. थाना–माण्डू 7. प्रखण्ड–डाडी 8. लिंग–पुरूष 9. पहचानचिन्ह–दाहिने गाल पर तिल। 10. आयु–53 वर्ष	माण्डू थाना काण्ड सं0 147/94	नहीं	कारण :– दिनांक–09–10.05. 1983 को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के जेलभरो अभियान के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा–143/341/188 भा0द0वि0 पार्टी का नाम–झामुमो जेल की अवधि–06 दिन	कंडिका–2(viii)(a)
16	1. आवेदन क्र0–1101 2. आवेदककानाम–कामेश्वर सिंह 3. पिताका नाम–स्व0 गानो सिंह 4. ग्राम–कराली 5. पो0–केरेडारी 6. थाना–केरेडारी 7. प्रखण्ड–केरेडारी 8. लिंग–पुरूष 9. पहचानचिन्ह–माथा के बॉयेतरफ तिल कानिशान 10. आयु–56 वर्ष	टण्डवा थाना काण्ड सं0–57/87	पृष्ठ–65 क्र0–(1)(4)	कारण :– दिनांक–19.11.1987 कोझारखण्ड बंद के दौरान न जायज मजमा बना कर हथियार से लैस होकर प्रखण्ड कार्यालय मेंतोड़ फोड करनेका आरोप। धारा–147, 148, 148 भा0द0वि0 पार्टीकानामः–अन्य	कंडिका–2 (ix)
17	1. आवेदन क्र0–1091 2. आवेदककानाम–नागेन्द्र सिंह 3. पिताका नाम–स्व0 भुनेश्वर सिंह 4. ग्राम– खपिया 5. पो0–केरेडारी 6. थाना–केरेडारी 7. प्रखण्ड–केरेडारी 8. लिंग–पुरूष 9. पहचानचिन्ह–बॉयेहाथमें तिल का निशान 10. आयु–62 वर्ष	टण्डवा थाना काण्ड सं0–57/87	पृष्ठ–65 क्र0–(1)(4)	कारण :– दिनांक–19.11.1987 को झारखण्ड बंद के दौरान न जायज मजमा बनाकर हथियार से लैस होकर प्रखण्ड कार्यालय में तोड़फोड करनेका आरोप। धारा–147, 148, 148 भा0द0वि0 पार्टीकानामः–अन्य	कंडिका–2 (ix)

नोट :– 1. सूचीमें किसी भी प्रकार की त्रुटि यथानाम, पिताका नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पायेजाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्तिकर सकते हैं और यदि जेल गयेहैंतो उसका प्रमाणपत्र/आश्रित होनेपर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।
2. जिन आवेदकों काचिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठकपंजी/सदस्यता प्रमाणपत्र के आधार पर कियागया है, वे सम्पुश्टिकरण से पूर्व उक्तकागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आशय का शपथपत्र अवश्य रूप से उपलब्ध करावें।

चिन्हित/जाँच करने वाले पदाधिकारियों/कर्मियों का हस्ताक्षर।
(क्षेत्र ब0 तामांग)
उपरोक्त का टंकण एवं मिलान मेरे द्वारा किया गया है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य	(नरसिंह मुर्मू) सदस्य	(दुर्गा उरॉव) अध्यक्ष

PR 291716 (Home) 22-23 (D)

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 03 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in
12

कोल इंडिया को डेव उलरिच एचआर एक्सीलेंस अवार्ड मिला

आजाद सिपाही संवाददाता

संबलपुर। बेस्ट इनक्लूसिव वार्कप्लेस 2023 के लिए कोल इंडिया लिमिटेड को IISWBM डेव उलरिच एचआर एक्सीलेंस अवार्ड प्रदान किया गया है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार कोल इंडिया लिमिटेड की ओर से विनय रंजन, निदेशक (कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध), कोल इंडिया लि., कोलकाता ने कोलकाता में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मानव संसाधन सम्मेलन 23 में यह पुरस्कार प्राप्त किया। कोल इंडिया लिमिटेड को व्यावसायिक सफलता के एक हिस्से के रूप में समावेशिता को महत्व देने के लिए यह मान्यता दी गयी है।

एमसीएल जागृति महिला मंडल ने फुलझरण आश्रम में मनायी होली

आजाद सिपाही संवाददाता

संबलपुर। महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) की जागृति महिला मंडल के सदस्यों ने बुधवार को फुलझरण आश्रम में बुजुर्ग बेसहारा महिलाओं और छात्रावास के छात्रों सहित जीवन में कुछ पल रंग में जोड़ने हेतु होली मनायी। जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा पद्मजा सिंह और उपाध्यक्षा कल्पना शुक्ला राव एवं श्रीमती सरिता पटेल तथा अन्य गणमान्य महिला मंडल की सदस्याओं ने फुलझरण आश्रम का दौरा किया एवं हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आश्रम के अंतवासियों के साथ "रंगों के त्योहार" होली मिलन किया। जागृति महिला मंडल के सदस्यों ने आश्रम के बुजुर्ग महिलाओं के साथ आत्मियता के साथ एक मजबूत रिश्ता जोड़ा। मंडल की अध्यक्षा पद्मजा सिंह के नेतृत्व में जागृति महिला मंडल के सदस्यों ने होली के उपलक्ष्य में जराश्रम के 24 अंतवासियों को साड़ियां और 84 बच्चों को लेखन सामग्री व मीठाइयाँ वितरित की।

फार्मा की दुनिया में निरंतर विकास पर छात्रों के लिए विशेषज्ञों की राय

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। एक विशेषज्ञ का कहना है कि फार्मा छात्रों को क्षेत्र में हो रहे सभी विकासों के बारे में सक्रिय रूप से जागरूक होने की जरूरत है। डॉ सुशांत सेनापति सीनियर मैनेजर डिजिटल ऑपरेशंस एंड प्लेटफॉर्म विप्रो कोलकाता का कहना है अपने ज्ञान को नियमित रूप से अपग्रेड करें और भविष्य में आपको आगे बढ़ाने के लिए विकास प्रक्रिया से अवगत रहें। यह बात डॉ सेनापति ने बुधवार को एजुकेशन एंड रिसर्च (सोआ) द्वारा आयोजित स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज और सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी एमिटी-2023 के वार्षिक समारोह में भाग लेने के दौरान कही।

पेसा में डॉक्टर सेनापति ने छात्रों से कहा कि वे कभी भी यह न सोचें कि वे किसी कंपनी के लिए काम कर रहे हैं बल्कि समाज और अपने परिवार के सदस्यों के लिए काम करते रहें। प्रमुख वक्ता के रूप में प्रमुख साहित्यकार और गायिका छंदा मिश्र ने कार्यक्रम में शिरकत की, जबकि सोआ के छात्रमंगल के डीन प्रोफेसर ज्योतीरंजन दास ने सम्मानित अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एसपीएस डीन प्रो सुदाम चंद्र सी ने की जबकि संचालन प्रो लक्ष्मीधर महारणा ने किया। श्रीमती मिश्र ने छात्राओं से कहा कि उन्हें अपने अंदर श्रेष्ठ गुणों को विकसित करने और क्रोध एवं आलस्य से मुक्ति पाने की आवश्यकता है। पूर्व में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी रहे छात्रायों को पुरस्कृत किया गया।

मिशन शक्ति कम्युनिटी पार्टनर को मिलीं आठ हजार साइकिलें

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने आज लोक सेवा भवन के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में शहरी क्षेत्रों में कार्यरत 8 हजार मिसानशक्ति गोष्टी को साइकिलें वितरित की. स्वच्छ कार्यकर्ता, स्वच्छ साथी, आहार कार्यकर्ता, जल साथी व सुपरवाइजर आदि को साइकिलें मिली हैं। कार्यक्रम का आयोजन राज्य आवास एवं शहरी विकास विभाग तथा मिशन ऊर्जा विभाग के सहयोग से किया गया था। इस अवसर पर संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी साझेदारी ने मिशन शक्ति को एक सफल कार्यक्रम बनाया है। उन्होंने कहा कि वह ओडिशा के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर मिशन शक्ति माताओं से मिल रहे हैं। वे नवीन के आवास पर भी आते हैं और उससे मिलते हैं। उन्होंने कहा कि मां की सफलता से मुझे बहुत खुशी होती है। मुख्यमंत्री ने

कहा कि उनके आत्मविश्वास ने, उनके उत्साह ने मिशन शक्ति को नंबर वन सफल कार्यक्रम बना दिया है।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि विभिन्न शहरों में मिसन शक्ति भागीदारी कार्यक्रमों में मिशन शक्ति माताओं ने अनेक दायित्वों का निर्वाह किया है। आहार, कठिन अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता, जल आपूर्ति, स्वच्छता आदि बहुत काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सभी को उनके काम से खुश बताते हुए कहा कि राज्य सरकार आपको साइकिल इसलिए दे रही है ताकि आप सुविधाओं में अपनी जिम्मेदारी निभा सकें।

मुख्यमंत्री ने राज्य के आवास एवं शहरी विकास विभाग मिशन शक्ति माताओं द्वारा 100 करोड़ रुपये दिए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि ओडिशा के मिशन शक्ति ने दुनिया भर में ख्याति प्राप्त की है और सामुदायिक भागीदारी के क्षेत्र में एक नया बेंचमार्क बनाया है।

आवास एवं शहरी विकास मंत्री उषा देवी ने कहा कि मुख्यमंत्री के ओडिशा निर्माण के सपने को साकार करने के लिए मिशन शक्ति माताओं ने बहुत अच्छा काम कर रही है। मिशन शक्ति मंत्री बासंती हेम्ब्रम ने कहा कि मिशन शक्ति सामुदायिक विकास का अनुपम संदेशवाहक है। कार्यक्रम में दो मिशन शक्ति माताओं पद्मावती दास (पोषण कार्यकर्ता) और सीता मुर्मू (आहार कार्यकर्ता) ने अपना अनुभव सुनाते हुए कहा कि मिशन शक्ति कार्यक्रम से वे आत्मनिर्भर बनी हैं और अपने परिवार की छोटी-छोटी समस्याओं का समाधान किया है। इस कार्यक्रम में आवास एवं शहरी विकास विभाग के प्रमुख सचिव जी मथिवाथनन ने स्वागत भाषण दिया और बीएमसी आयुक्त विजय अमृता कुलांगे ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया। इस अवसर पर बीएमसी मेयर सुलोचना दास उपस्थित थीं।

अंगुल-सुकिंदा रेल लाइन परियोजना माल यातायात के लिए खोली गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। पूर्व तट रेलवे के खुर्दा रोड रेलवे डिवीजन के तहत अंगुल जिले में बुद्धपंक स्टेशन और जाजपुर जिले में सुकिंडा के पास बाघुआपाल स्टेशन के बीच 92.825 किलोमीटर लंबी ब्रॉड गेज सिंगल इलेक्ट्रिफाइड रेलवे लाइन सेक्शन को माल यातायात के संचालन के लिए प्राधिकरण प्राप्त हुआ है। महाप्रबंधक मनोज शर्मा ने इस उपलब्धि के लिए एएसआरएल और आरवीएनएल की टीम को बधाई दी है।

मुख्य सुरक्षा अधिकारी, मुख्य ट्रैक इंजीनियर, मुख्य विद्युत वितरण अभियंता और मुख्य परियोजना प्रबंधक के साथ पूर्व तट रेलवे के मुख्य सिग्नलिंग इंजीनियर सहित पूर्व तट रेलवे महाप्रबंधक द्वारा नामित वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड समिति रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) के (सीपीएम-द्वितीय) और मुख्यालय और खुर्दा रोड डिवीजन के अन्य अधिकारियों ने 21फरवरी 2023

को पूर्व तट रेलवे के खुर्दा रोड डिवीजन में बुढ़ापंक और बाघुआपाल स्टेशनों के बीच 92.825 किलोमीटर की लंबाई वाली नवनिर्मित बीजी सिंगल लाइन का निरीक्षण किया और 23 फरवरी 2023 को अपनी निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत की। इससे पहले, आयुक्त रेलवे सुरक्षा (सीआरएस) ने बूढ़ापंक और बाघुआपाल स्टेशन यार्डों का निरीक्षण किया था और स्टेशन यार्डों के संशोधन की सलाह दी थी, जिसे अब मालगाड़ी चलाने के लिए सभी सुरक्षा कोणों से अनुपालन किया गया है।

एसएजी निरीक्षण रिपोर्ट के अनुपालन के आधार पर और विभिन्न दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों के अवलोकन के बाद; रेलवे बोर्ड द्वारा प्रत्यायोजित शक्तियों के तहत महाप्रबंधक ने माल यातायात के लिए नव निर्मित बीजी विद्युतीकृत सिंगल लाइन सेक्शन को 65 किमी प्रति घंटे की अधिकतम अनुमेय गति तक खोलने के लिए मंजूरी दे दी है।

अंगुल-सुकिंदा रेलवे लिमिटेड (एएसआरएल), एक एसपीवी को 20 फरवरी 2009 को रेल विकास निगम लिमिटेड के माध्यम से रेल मंत्रालय द्वारा शामिल किया गया है। (आरवीएनएल) बुढ़ापंक स्टेशन (अंगुल) और बाघुआपाल स्टेशन (सुकिंदा) के बीच ब्रॉड गेज (बीजी) सिंगल रेलवे लाइन के निर्माण और रखरखाव के लिए। यह नयी रेल-लाइन अंगुल क्षेत्र में इस्पात और स्पंज आयरन उद्योगों के लिए ओडिशा (जोडा-बडबिल) के लौह-अयस्क समृद्ध क्षेत्रों के बीच एक सीधा लिंक प्रदान करती है। यह कलिंगनगर औद्योगिक क्षेत्रों में तालचेर के कोयला खनन बेल्ट से कोयला आधारित थर्मल पावर प्लांट के बीच एक छोटा और भीड़-भाड़ मुक्त वैकल्पिक मार्ग भी प्रदान करेगा। तालचेर-संबलपुर-झारसुगुड़ा के माध्यम से कलिंगनगर परिसर से मुंबई और दिल्ली में गंतव्यों के लिए इस्पात संयंत्रों के तैयार उत्पादों का परिवहन भी खड़गपुर के माध्यम से मार्ग की तुलना में नये संरेखण के माध्यम से कम और सस्ता होगा।

रेल मंत्रालय और एएसआरएल के बीच 14 मई 2010 को हस्ताक्षरित रियायत समझौते में निर्धारित सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के माध्यम से परियोजना को वित्तपोषित किया जा रहा है।

चुनाव आयुक्त को पीएम, नेता विपक्ष, चीफ जस्टिस का पैनल चुनेगा

सुप्रीम कोर्ट बोला : ये नियुक्तियां सीबीआइ डायरेक्टर की तरह हों

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को ऐतिहासिक फैसला सुनाया। कोर्ट ने आदेश दिया कि पीएम, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और चीफ जस्टिस का पैनल इनकी नियुक्ति करेगा। पहले सिर्फ केंद्र सरकार इनका चयन करती थी।

पांच सदस्यीय बेंच ने कहा कि ये कमेटी नामों की सिफारिश राष्ट्रपति को करेगी। इसके बाद राष्ट्रपति मुहर लगायेंगे। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में साफ कहा कि यह प्रोसेस तब तक लागू रहेगी, जब तक संसद

चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर कोई कानून नहीं बना लेती। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि यह चयन प्रक्रिया सीबीआइ डायरेक्टर की तर्ज पर होनी चाहिए।

इलेक्शन कमीशन का स्वतंत्र होना जरूरी : कोर्ट

जस्टिस के एम जोसेफ ने कहा कि लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता बनाये रखी जानी चाहिए। नहीं तो इसके अच्छे परिणाम नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि वोट की ताकत सुप्रीम है, इससे मजबूत से मजबूत पार्टियां भी सत्ता हार सकती हैं। इसलिए इलेक्शन कमीशन का स्वतंत्र होना जरूरी है। यह भी जरूरी है कि यह अपनी ड्यूटी संविधान के प्रावधानों के मुताबिक और कोर्ट के आदेशों के आधार पर निष्पक्ष रूप से कानून के दायरे में रह कर निभाये।

किट डीयू ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह की शुरुआत की

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। किट डीयू ने बुधवार 8 मार्च को मनाये जाने वाले अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को चिह्नित करने के लिए कई कार्यक्रमों की शुरुआत की। किट स्कूल ऑफ लॉ में इस दिन के दौरान 'महिला, कानून और नेतृत्व' पर एक विशेष वार्ता आयोजित की गयी। इसे किट की कुलपति प्रोफेसर सस्मिता सामंत, किट स्कूल ऑफ लॉ की निदेशक डॉ भवानी प्रसाद पंडा, नीति अध्ययन संकाय दोशीशा विश्वविद्यालय क्योटो, जापान प्रो केजी कवाई और प्रो अकीरा कवागुची। होलने वाले अन्य संकाय सदस्यों में प्रोफेसर पारोमिता चट्टोराज, प्रोफेसर बिनीता बेहेरा और प्रोफेसर सौम्या महापात्र थे। इस मौके पर डॉ सुचेता प्रियबादिनी निदेशक छात्र परामर्श डॉ श्रद्धांजलि नायक निदेशक पीआर के साथ अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हर साल महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाने और लैंगिक समानता के लिए कार्रवाई करने के आह्वान को चिह्नित करने के लिए मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य महिलाओं के सामने आने वाले मुद्दों पर ध्यान आकर्षित करना और महिलाओं की स्वाधीनता की वकालत करना भी है। डिजिटल स्पेस में महिलाओं पर एक संवाद कल आयोजित किया जाएगा, जो इस दिन को मनाने के लिए कार्यक्रमों की श्रृंखला के भाग के रूप में आयोजित किया जाएगा। एक दिन बाद किम्स में प्रजनन स्वास्थ्य विषय पर एक सेमिनार आयोजित किया जायेगा।

सन्नी टोप्पो ने दी सुनीता चौधरी को जीत की बधाई

मांडर (आजाद सिपाही)। रामगढ़ में भाजपा के सहयोगी आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी की जीत पर मांडर के भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने उन्हें बधाई दी है। सन्नी ने कहा कि यह 24 का आगाज है। जनता ने दिखा दिया कि वर्तमान सरकार से उनमें कितनी नाराजगी है। सन्नी ने कहा कि आनेवाले विधानसभा चुनाव में भाजपा की अगुवाई में झारखंड में एनडीए की सरकार बननी तय है। भाजपा ने पहले भी राज्य को एक नई राह दिखाई थी, और अब आगे भी भाजपा ही राज्य का सर्वांगीण विकास कर सकती है।

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्यों हेतु ई.निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.सं.: 1, **ई. निविदा सं. :** पूमरे–मुप्रअ– नि–द–ईटीईएन–77–22–23

कार्य का नाम : कोडरमा–तिलैया रेल लाइन परियोजना में उपलब्ध रेलवे पत्थर कि.मी. 27.070 से 28.200, कि.मी. 29.700 से 29.900, कि.मी. 30.240 से 30.400, कि.मी. 31.050 से 31.300, कि.मी. 32.340 से 32.500 और कि.मी. 37.640 से 38.490 को तोड़कर स्टोन गिट्टी (मशीन क्रश) का निर्माण के साथ परिवहन और स्टेकिंग कर कि.मी. 24.500 से 46.600 के बीच रेलवे ट्रैक में बिछाने का कार्य। **अंकलित मूल्य (रू.) :** 17,08,18,454.00, **निविदा प्रपत्र का लागत (रू.) :** 0.00, **अग्रधन राशि (रू.) :** 10,04,100.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 12 (बारह) माह, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 21.03.2023 at 15.30 बजे अपराह्न। ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/ कुरियर/ फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : **http//www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **ध्रष्टव्य:** निविदा सूचना में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धि पत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें। कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र सिर्फ IREPS वेबसाईट पर ही उपलब्ध किये जाएंगे।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/दक्षिण
पूर्व मध्य रेल, महेन्द्रूघाट, पटना
पीआर/02231/कॉन/इंजी./टी/22–23/48

पूर्व मध्य रेल

ई–ऑक्शन सूचना सं.: Catering-1/2023

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद द्वारा पाँच (05) वर्षो की अवधि के लिए धनबाद मंडल के अंतर्गत GMU एवं SMU के लिए D और E श्रेणी स्टेशन पर खान–पान सेवा के लिए ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाना है। विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

क्र. सं.	ठेके का प्रकार	लॉट संख्या	ठेका अवधी	सभी लॉट के लिए ई–नीलामी की तारीख और समय
1	खान–पान सेवा	Catg-DHN-TET-GMU-65-23-1	05 वर्ष	15.03.2023, 13:00 बजे से
2	खान–पान सेवा	Catg-DHN-PUS-GMU-66-23-1	05 वर्ष	15.03.2023, 13:00 बजे से
3	खान–पान सेवा	Catg-DHN-PKA-GMU-57-23-1	05 वर्ष	15.03.2023, 13:00 बजे से
4	खान–पान सेवा	Catg-DHN-BRWD-GMU-53-23-1	05 वर्ष	15.03.2023, 13:00 बजे से
5	खान–पान सेवा	Catg-DHN-TET-SMU-64-23-1	05 वर्ष	15.03.2023, 13:00 बजे से
6	खान–पान सेवा	Catg-DHN-PUS-SMU-67-23-1	05 वर्ष	15.03.2023, 13:00 बजे से
7	खान–पान सेवा	Catg-DHN-BRWD-SMU-55-23-1	05 वर्ष	15.03.2023, 13:00 बजे से
8	खान–पान सेवा	Catg-DHN-BRWD-SMU-56-23-1	05 वर्ष	15.03.2023, 13:00 बजे से
9	खान–पान सेवा	Catg-DHN-BRWD-SMU-54-23-1	05 वर्ष	15.03.2023, 13:00 बजे से
10	खान–पान सेवा	Catg-DHN-PKA-SMU-62-23-1	05 वर्ष	15.03.2023, 13:00 बजे से
11	खान–पान सेवा	Catg-DHN-TET-SMU-63-23-1	05 वर्ष	15.03.2023, 13:00 बजे से

Catalogue No.- Catering-1/2023 Website:- www.ireps.gov.in

Note- (1) The e-Auction will be online on the IREPS (e-Auction leasing portal) on the prescribed date and time. (2) Desirous of participating in the e-Auction shall pay Rs. 10000/- + GST (non-refundable) Online submission of one time registration is required and also having current account with State Bank of India (SBI) linked to IREPS, Payment/Deduction of Security Deposit (EMD) online from the same account. (3) Complete information about the terms and conditions related to e-Auction is available in the e-Auction leasing selection of the IREPS portal (www.ireps.gov.in)

पीआर/02242/डीएचएन/सीओएमएल/टी/22–23/72
मंडल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल/धनबाद।

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता

ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र

ज्योतिष शास्त्र•वास्तु शास्त्र•हस्त शास्त्र•हस्त रेखा•अंक शास्त्र

पंडित शशि कांत मिश्रा

पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, अपोजिट-भूतपूर्व बारगेन बाजार, रांची

फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

सुनीता चौधरी की शानदार जीत पर लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने बधाई दी और मिठाइयां बांटी

राजधनवार (आजाद सिपाही)। रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव में भाजपा समर्थित आजसू उमीदवार सुनीता चौधरी की शानदार जीत पर पूर्व आइजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने खुशी जतायी। उन्होंने गुरुवार बरजो स्थित भाजपा कार्यालय में अपने कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के बीच मिठाइयां बांटी। श्री सिंह ने बताया कि उन्हें रामगढ़ उपचुनाव में दायित्व सौंपा गया था। उन्होंने खूब मेहनत की, जिसका सुखद परिणाम मिला। उन्होंने कहा कि इस उपचुनाव के परिणाम ने सूबे की जनता की इच्छा का खुलासा कर दिया है। रामगढ़ के मतदाताओं ने 2024 के लोस एवं विस चुनाव में होनेवाले चुनाव परिणाम का संकेत दे दिया है। यही परिणाम सूबे की दिशा और दशा तय करेगा। उन्होंने रामगढ़ के मतदाताओं के प्रति आभार जताया तथा कार्यकर्ताओं को जीत की बधाई दी। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अशोक राय, श्रीकांत राय,पवन सिंह, सोहन यादव, भुपाल सिह, अमीत कुमार, अमर कुमार सिंह, मनीष देव आदि उपस्थित थे।

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीट्युशंस

(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)

टिको, कुडू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)

इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें

झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर

ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed

FACILITIES : SCHOLARSHIP◆BUS & HOSTEL FACILITY ◆CAMPUS PLACEMENT◆WELL EQUIPPED LAB◆ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY

Coming Soon Paramedical Courses

◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser

URGENT REQUIREMENT

◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)

Send resume within 3 days in 7782054270

संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640 | www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**